# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 23 मार्च 2025





कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में लगा बॉलीवुड का तड़का

## शाहरुख ने बांधा समां... श्रेया के ढोलना वाले गाने पर पूरा स्टेडियम ही झूम उठा

10 टीमें खेलेंगी 74 मैच, चौकों व छक्कों की होगी बरसात





एजेंसी ⏭ कोलकाता

आईपीएल के 18वें सीजन की ओपनिंग सेरेमनी धूम-धड़ाके वाली हुई। इसे बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान ने होस्ट किया। उन्होंने पठान फिल्म के डायलॉग- 'पार्टी पठान के घर में रखोगे... तो मेहमान नवाजी के लिए पठान तो आएगा, और साथ में पटाखे भी लाएगा...' से सेरेमनी की शुरुआत की। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में पहली प्रस्तुति श्रेया घोषाल ने दी। उन्होंने 'भूल भुलैया' फिल्म के गाने 'मेरे ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 11 भी

पुलिसकर्मी सराफा व्यापारी पर गोलीबारी की जांच करने गए थे। खबर थी कि जिस गाड़ी पर आरोपी थे, वैसी ही गाड़ी ईरानी मोहल्ले में है

रीवा के बाद शहडोल में पुलिस पर बड़ा हमला... ईरानी मोहल्ले की महिलाओं ने की पत्थरबाजी

## बाइक की तलाश में गई थी पुलिस, एसआई व महिला पुलिसकर्मी घायल, 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहडोल

रीवा में पुलिस टीम पर जानलेवा हमले के बाद शहडोल में भी पुलिस की टीम पर हमला हुआ। यहां एक बाइक की तलाश में गई पुलिस टीम के साथ स्थानीय लोगों ने मारपीट करने की कोशिश की। पत्थरबाजी में दो पुलिसकर्मियों को हल्की चोट आई हैं। घायलों में एक महिला पुलिसकर्मी भी है।

पुलिस 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, लेकिन, अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। कुछ दिन पहले ही रीवा के मऊ गंज पर पुलिस हमले में सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई थी। शहडोल में बुढ़ार पुलिस संदेही ▸▸ शेष पेज 4 पर

### ईरानी बाड़े में हुआ हमला



सराफा व्यापारियों पर गोली चलाते वक्त आरोपी जिस बाइक में थे, उसी तरह का वाहन ईरानी बाड़ा में होने की सूचना पुलिस को मिली थी। जिस पर रात करीब 10 बजे पुलिस ईरानी मोहल्ला पहुंची, लेकिन रास्ता संकरा होने के कारण गाड़ी नहीं जा सकी। पुलिस गाड़ी से उतकर आरक्षक बलभद्र सिंह पैदल पहुंचे। मोहल्ले में मिले फिरोज अली जाफरी से उक्त बाइक के संबंध में पूछा तो वह गाली गलौज करने लगा। इसके बाद ईरानी मोहल्ला के अन्य लोग आ पहुंचे और आरक्षक के साथ झूमा झटकी कर धक्का-मुक्की करने लगे। यह देख वाहन में मौजूद पुलिस का स्टॉफ दौड़कर बीच बचाव करने पहुंचा, लेकिन दर्जनों लोग पत्थर लेकर पुलिस स्टाफ को मारने दौड़े।

### आरोपियों को तलाश रही 4 राज्यों की पुलिस

इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में भी युसूफ पर जेवरात चोरी का आरोप है। राजस्थान पुलिस को भी कई मामलों में युसूफ और तौहीद की तलाश है। कई राज्यों की पुलिस इनकी तलाश में लगातार शहडोल जिले के चक्कर लगा रही है। अभी हाल ही में उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ पुलिस की टीम दोनों आरोपियों की तलाश में कई बार शहडोल का चक्कर लगा चुकी है।

सहारनपुर में बड़ी वारदात

## भाजपा नेता ने पत्नी और तीन बच्चों को मारी गोली

भाजपा नेता मानसिक रूप से बीमार



एजेंसी ⏭ सहारनपुर

सहारनपुर जनपद के गंगोह में सांगाखेड़ा ने एक भाजपा नेता ने पत्नी और तीन बच्चों को गोली मार दी। हमले में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बेटे शिवांश, देवांश और बेटी श्रद्धा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बताया गया कि भाजपा जिला कार्यसमीति के सदस्य योगेश रोहिला ने अपनी पत्नी नेहा (32), शिवांश (4), देवांश (7), श्रद्धा (8) को गोली मार दी।

चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली की आवाज सुनकर व शोर सुनकर आसपास के ▸▸ शेष पेज 4 पर

जज के घर कैश मिलने की जांच शुरू

## सीजेआई ने 3 सदस्यीय समिति बनाई जस्टिस वर्मा को काम न देने के निर्देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से 15 करोड़ कैश मिलने के मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने 21 मार्च को इंटरनल इन्क्वायरी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई संजीव खन्ना को सौंपी थी। शनिवार शाम सीजेआई ने जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की आंतरिक जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई है। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस से जस्टिस वर्मा को कोई भी काम न सौंपने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जारी एक बयान में यह भी कहा गया है कि दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस की तरफ से दी गई रिपोर्ट, जस्टिस वर्मा का जवाब समेत सभी डॉक्यूमेंट्स वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। 21 मार्च को कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया ▸▸ शेष पेज 4 पर



■ जस्टिस यशवंत वर्मा के यहां 15 करोड़ मिलने का मामला

सुप्रीम कोर्ट के 6 जजों का मणिपुर दौरा

## जस्टिस गवई : हम आपके साथ, मणिपुर समृद्ध होगा

विस्थापित लोग हमसे पीछे न छूटें




एजेंसी ⏭ इंफाल

सुप्रीम कोर्ट के 6 जजों जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह वाला प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मणिपुर पहुंचा।

प्रतिनिधिमंडल ने चुराचांदपर में मणिपुर की जातीय हिंसा के विस्थापितों से मुलाकात की। राहत शिविरों का दौरा भी किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल बिष्णुपुर के मोइरांग कॉलेज पहुंचा। चुराचांदपुर में 295 विधिक सेवा शिविर, स्वास्थ्य शिविर और विधिक सहायता क्लिनिक ▸▸ शेष पेज 4 पर

'दीवार में एक खिड़की रहती थी'... 'नौकर की कमीज' जैसी कृतियां लिखी

झानपीठ पाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले लेखक

## साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को 'ज्ञानपीठ पुरस्कार'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिंदी साहित्य के सुप्रसिद्ध लेखक विनोद कुमार शुक्ल (88) को देश के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वे यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले लेखक होंगे। शुक्ल अपनी कहानियों, कविताओं और लेखों के लिए जाने जाते हैं और



समकालीन हिंदी साहित्य के सबसे प्रभावशाली रचनाकारों में शुमार हैं। यह पुरस्कार 11 लाख रुपए की राशि, मां सरस्वती की कांस्य ▸▸ शेष पेज 4 पर

### रचनात्मकता और अनूठी लेखन शैली

ज्ञानपीठ चयन समिति की बैठक में विनोद कुमार शुक्ल के नाम को अंतिम रूप दिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित लेखिका प्रतिभा राय ने की। चयन समिति ने अपने बयान में कहा कि यह सम्मान विनोद कुमार शुक्ल को हिंदी साहित्य में उनके विशिष्ट योगदान, रचनात्मकता और अनूठी लेखन ▸▸ शेष पेज 4 पर




## राजीव नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का दूसरा दिन

# प्रभु से बढ़कर कोई अन्य सुख और सम्पदा नहीं, भागवत कथा श्रवण करने वालों की नैया पार तो प्रभु श्रीकृष्ण ही लगाएंगे: नीरज नयन महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और सम्पदा नहीं, भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है। मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान सांसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। इससे मानव की नैया पार नहीं लग पाएगी। नैया पार तो प्रभु श्रीकृष्ण ही लगाएंगे।

वृंदावन से पधारे कथावाचक नीरज नयन महाराज ने राजीव नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन शनिवार को कथा का रसपान कराते हुए भक्तों से कहा। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम न तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं। नीरज महाराज ने कहा कि भागवत के चार अक्षर का तात्पर्य यह है भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करें उसे हम भागवत कहते हैं। उन्होंने कहा कि दुख में ही तो गोविन्द का दर्शन होता है। जीवन की अन्तिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुए अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया। महाराज जी ने परीक्षित को श्राप कैसे लगा तथा भगवान श्री शुकदेव उन्हें मुक्ति प्रदान करने के लिए कैसे प्रगट हुए, द्रौपदी चरित्र इत्यादि कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। दूसरे दिन सैंकड़ों भक्त सुमधुर भजनों पर खूब झूमे।



कथा व्यास ने कहा, भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग

कथा पंडाल में दूसरे दिन बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु सुमधुर भजनों को सुनकर खूब झूमे



## एमवीएम के पूर्व छात्रों का होली मिलन आज

**भोपाल।** शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन (एमवीएम एलुमिनी) द्वारा रविवार 23 मार्च को एमवीएम के सभागार में पूर्व छात्र- छात्राओं का होली मिलन कार्यक्रम होगा। सुबह 10 बजे से होने वाले होली मिलन में चार क्विंटल फूलों से होली खेली जाएगी। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राएं जुटेंगे। एमवीएम एलुमिनी द्वारा हर साल होली और दिवाली के अवसर पर पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम की भव्यता और शोभा इसलिए भी बनती है कि 1965 से लेकर 2020 तक के पूर्व छात्र-छात्राएं इसमें बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। कुछ छात्र भोपाल के बाहर से भी आते हैं और अपनी यादों को ताजा करते हैं। होली मिलन के मौके पर होली के प्रसिद्ध फिल्मी गानों पर पूर्व छात्र-छात्राओं का जमकर धमाल मचता है और पूर्व छात्र-छात्राएं फिल्मी गानों पर झूम उठते हैं। एक- दूसरे से मिलकर कॉलेज के पुराने दिनों को याद कर वह भाव-विभोर हो जाते हैं। उल्लेखनीय कि इस महाविद्यालय से राज्यसभा की पूर्व उप सभापति नजमा हेपतुल्ला, पूर्व केंद्रीय मंत्री चरण दास महंत, पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के पूर्व अध्यक्ष विनय सेंगर आदि पूर्व छात्र रह चुके हैं। पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री वीके सिंह ने एमवीएम से वर्ष 2020 में पीएचडी की थी। एमवीएम एलुमिनी ने पूर्व विद्यार्थियों से होली मिलन में शामिल होने की अपील की है।

## अष्टादश दीक्षांत समारोह आज

**भोपाल।** श्री सिद्धि ज्योतिष केंद्र ओंकार पीठ द्वारा संचालित निःशुल्क ज्योतिष कक्षाओं के पाठ्यक्रम की पूर्णता पर अष्टादश दीक्षांत समारोह रविवार को आरोग्य भारती सभागार तुलसी नगर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में 20 से अधिक विद्यार्थियों को उपाधियां वितरित करने के साथ विद्वानों, ज्योतिषाचार्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री राकेश शुक्ला, ज्योतिषाचार्य विष्णु राजौरिया, राजेश दुबे, पं. रमेश शर्मा होंगे।

## खबर संक्षेप



### एनएलआईयू में एग्रीमेंट ड्राफ्टिंग और प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता शुरू

**भोपाल।** राजधानी स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय साइबर विधि केंद्र, नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी में शनिवार को द्वितीय एनएलआईयू एग्रीमेंट ड्राफ्टिंग और प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। उद्घाटन सत्र में अतिथियों का एक विशिष्ट पैनल उपस्थित रहा। इसमें मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार वर्मा (पूर्व न्यायाधीश, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय), एसबीआई के विधि अधिकारी राघव सिंह और कई अन्य व्यक्ति शामिल रहे।

### विश्व जल दिवसः जल सुरक्षा और प्रबंधन की लें शपथः डॉ. सिंह

**भोपाल।** जल जीवन का आधार है और इसके जिम्मेदार प्रबंधन से ही सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित किया जा सकता है। एम्स भोपाल में हम जल संरक्षण की दिशा में जागरुकता फैलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व जल दिवस के इस अवसर पर हम सब मिलकर अपने जल संसाधनों की सुरक्षा और प्रबंधन की शपथ लें ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल सुनिश्चित किया जा सके। यह बात एम्स भोपाल के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

### कायस्थ भटनागर सभा के फाग उत्सव में आज मिलेगा प्रतिभाओं को मंच

**भोपाल।** कायस्थ भटनागर सभा भोपाल के तत्वावधान में आयोजित फाग उत्सव में उभरती प्रतिभाओं को मौका मिलेगा। 23 मार्च को आयोजित इस फाग उत्सव में सभी आयु वर्ग की प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। फाग उत्सव के तहत गायन, वादन एवं एकल तथा सामूहिक नृत्य के कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस उत्सव में भाग लेने वाले 3 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों एवं किशोरों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## कुशाभाऊ ठाकरे फाउंडेशन ने किया भोपाल मंथन-2025 का आयोजन

# असली जीना उसे कहते हैं, जो दूसरों के लिए जीना सीखता हैः शुक्ल

### उपमुख्यमंत्री राजेंद्र ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन, देशभर के विभिन्न वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज पीड़ी के युवा बड़े भाग्यशाली हैं, जो सिर ऊंचा करके यह बात कर सकते हैं कि हमारा देश खड़ा हो रहा है, आत्मनिर्भर हो रहा है और 2047 में आर्थिक महाशक्ति बनेगा। भारत विश्वगुरु के स्थान को हासिल कर दुनिया का नेतृत्व करेगा। जब धर्म और आध्यात्म की बात आती है, तो भारत की ओर दुनिया देखती है। हमें विकास के साथ-साथ समानांतर धर्म और आध्यात्म, सनातन को भी मजबूत करना पड़ेगा। तब जाकर समाज संस्कारित होगा, सहयोग की भावना बहेगी। असली जीना उसे कहते हैं, जो दूसरों के लिए जीना सीखता है। यह बात उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शनिवार को एक दिवसीय वैचारिक महाकुंभ में युवाओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कुशाभाउ ठाकरे एक ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन एक ऐसे मिशन में लगा दिया जिसकी कल्पना भी उसे समय से आगे की थी। विदेश के अनसुलझे मामलों को सुलझाने का मिशन की तरह काम करने वाले चुनिंदा लोगों में से थे। वर्तमान भारत में ऐसे जागरूक आयोजन भारत के विकास में बाधा बनने वाली तथाकथित लिबरल मानसिकता को एक्सपोज करने का काम कर रहे हैं।



### केवल सरकार के भरोसे सबकुछ नहीं हो सकता : मंत्री सारंग

मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि हमारा देश, हमारा इतिहास और संस्कृति-पुरातन परंपराएं हमें पूरी दुनिया में अलग स्थान देती हैं। हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि कहीं हमारी कमजोरी के कारण, कहीं परिस्थितियों के कारण हमारी संस्कृति पर कुठाराघात हुआ। हम सैकड़ों वर्ष तक गुलाम रहे। उन्होंने कहा कि केवल सरकार के भरोसे सबकुछ नहीं हो सकता, समाज को जागना होगा, उठना होगा और विचार-विमर्श करना होगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि इस समाज, राष्ट्र के लिए जीने के संकल्प के साथ जिएं।

**20 से अधिक प्रमुख वक्ताओं ने पांच सत्रों में अहम विषयों पर विचार प्रस्तुत किए**

*कुशाभाऊ ठाकरे फाउंडेशन द्वारा शनिवार को एक दिवसीय वैचारिक महाकुंभ भोपाल मंथन-2025 का आयोजन किया गया। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वैचारिक महाकुंभ में देशभर से 20 से अधिक प्रमुख वक्ताओं ने पांच सत्रों में अहम विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य स्थिति के रूप में उपस्थित उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, विधायक भगवानदास सबनानी, कार्यक्रम के आयोजक अंशुल तिवारी उपस्थित रहे।*

### हम अपने धरोहरों को संरक्षित रखें : साध्वी सरस्वती देवी

साध्वी सरस्वती देवी ने सनातन धर्मः भारत की आत्मा और विश्व पर प्रभाव विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत की संस्कृति और धर्म का वैश्विक प्रभाव अब बढ़ता जा रहा है, और यह समय की आवश्यकता है कि हम अपने मूल्यों और धरोहरों को संरक्षित रखें। हमारे सनातन धर्म में विविधता इसलिए है, क्योंकि मानव जीवन का स्वाभाव ही कुछ ऐसा है। आज हमारे सामने दो चुनौती हैं, पहला कि टूटे 33 हजार मंदिरों का पुनः स्थापना दूसरा सरकार के अधीन मंदिरों की व्यवस्था का स्वतंत्र संचालन करना, इसके लिए आवश्यक है हिंदुओं का एकत्रीकरण।

### खबरों के पीछे की सच्चाई को समझें और राजनीतिक षड्यंत्रों से अवगत रहें : प्रियंक

तीसरे सत्र में प्रियंक कानूनगो ने युवाओं से अपील की कि वे खबरों के पीछे की सच्चाई को समझें और राजनीतिक षड्यंत्रों से अवगत रहें। उन्होंने बताया कि डीप स्टेट एक गुप्त नेटवर्क है जो राज्य के राजनीतिक नेतृत्व से स्वतंत्र रूप से संचालित होता है, और इसका उद्देश्य अपनी एजेंडों को लागू करना होता है। उन्होने कहा की आज कल की युवा पीढ़ी को ख़बर के पीछे की ख़बर पढ़ने की जरूरत हैं। चौथे सत्र में अभिनेत्री भाषा सुम्बली और फिल्म निर्माता देवेंद्र मालवीय ने भारतीय सिनेमा में राष्ट्रवादी विषयों की महत्वपूर्णता पर चर्चा की। पांचवें सत्र में नीरज अत्री और नाजिया इलाही खान ने गंगा-जमुनाई तहजीब पर अपने विचार व्यक्त किए।

### 4 विभूतियों को कुशाभाऊ ठाकरे राष्ट्ररत्न सम्मान

उद्घाटन सत्र में ही 4 विभूतियों को कुशाभाऊ ठाकरे राष्ट्ररत्न सम्मान दिए गए, जिनमे कारगिल युद्ध में देश की अखंडता के लिए अपना हाथ और दोनों पैर गंवाने वाले और ऑपरेशन रक्षक, विजय, पराक्रम में सहभागिता करने वाले रिटायर्ड लांस नायक दीपचंद, प्रभु श्री राम लाल अयोध्या के वस्त्रों को डिजाइन करने वाले ड्रेस डिजाइनर मनीष त्रिपाठी, जन्म से ही दृष्टिहीन पर एक मिनट में 52 वाद्य यंत्र बजाने का रिकॉर्ड बनाने वाली राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, संगीत शिक्षिका योगिता तांबे, दिव्यांग अधिकार समर्थक, यूफेलिटी प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक टेडेक्स वक्ता एवं तकनीक परामर्शदाता अनंत वैश्य शामिल हैं।

### संपूर्ण भारत में मंदिरों के लिए ध्वज हम बनाएंगे : मनीष त्रिपाठी



फैशन डिजायनर एवं रामलला के वस्त्र निर्माता मनीष त्रिपाठी ने कहा कि जब मैंने पढ़ाई पूर्ण की तो देश के कई लोकप्रिय एवं अतिविशिष्ट लोगों के वस्त्र डिजायन किया और भारतीय क्रिकेट टीम सहित इस तरह के कई प्रकार कंपनियों के वस्त्र डिजाइन करते हुए काम किया किंतु जो अनुभूति एवं सौभाग्य का सहज आभास प्रभु श्री राम लला के हेतु वस्त्र तैयार करने में हुई वह जीवन का सबसे अविस्मरणीय एवं अतुलनीय क्षण था। सम्पूर्ण भारत में मंदिरों के लिए ध्वज हम बनाएंगे।

## एमपी ट्रांसको में हॉटलाइन मेंटेनेंस करने वाले कर्मियों का भत्ता हुआ दोगुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पावर ट्रांसमिशन कम्पनी (एमपी ट्रांसको) में एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइनों एवं सबस्टेशनों का हॉटलाइन पद्धति से बिना शटडाउन लिए मेंटेनेन्स जॉब, ऑपरेशन करने वाले कर्मियों के भत्ते में दोगुनी बढ़ोतरी की गई है। साथ ही प्रति ऑपरेशन के लिए दिए जाने वाले भत्ते में भी दोगुनी वृद्धि कर दी गई है।

इसके पहले ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर ही एमपी ट्रांसको में कार्यरत संविदा कार्मिकों को भी हॉटलाइन मेंटेनेन्स प्रशिक्षण देकर उन्हें भी हॉटलाइन भत्ता दिया जाता है। पहले यह सिर्फ नियमित कार्मिकों के लिए लागू था। उन्होंने बताया कि एमपी ट्रांसको के कार्मिकों को हॉट लाइन मेंटेनेंस भत्ते में 2013 के बाद बढ़ोतरी की गई। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने इस संबंध में आदेश जारी भी कर दिए हैं। पहले जहां यह 6 रुपए से 40 रुपए के मध्य मिलता था, अब यह 12 रुपए से 80 रुपए तक प्रति जॉब, ऑपरेशन के हिसाब से मिलेगा।

## टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने किया सांस्कृतिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा शनिवार को रंग बिरंगी संगीत मयी शाम का आयोजन किया समनवय भवन मालवीय नगर मैं किया गया। इस अवसर पर टैक्स लॉ बार एसोशिएशन के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से संस्था. के सदस्यों एवं उनके परिवारों को मेल मिलाप का अवसर मिलता है और वे अपने काम की थकान से रिलेक्स महसूस करते हैं। उन्होंने सदस्यों को आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहकारी बैंक के प्रबंध संचालक एम के गुप्ता थे। अन्य अतिथियों में प्रबंध संचालक अक्षत शर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दीपक खरे, सचिव मनोज श्रीवास्तव, प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ विजय लक्ष्मी वर्मा आदि उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य उपाध्यक्ष, अंकुर अग्रवाल व बच्चन आचार्य, सचिव मनोज पारख, सहसचिव संदीप चौहान, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, कार्यक्रम के संयोजक भूपेश खुरपिया एवं दीपेश भंडारी, संस्था के प्रवक्ता विकास अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य दीपक गोयल, मनोज अयाचित योगेश चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश की जेलों में टीबी की सघन जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल शहर में 100 दिन में पांच लाख की एक्स-रे जांच और 15 हजार 277 नए टीबी मरीज मिलने का मामला सामने आने के बाद प्रदेश की जेलों में निरुद्ध बंदियों की जांच पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, भोपाल शहर में हर साल करीब 2,000 नए टीबी के मरीज मिलते थे, लेकिन प्रधानमंत्री निक्षय मित्र योजना के तहत सघन स्क्रीनिंग से 100 दिन में 15 हजार नए मरीज मिले हैं। जांच से मरीजों को इलाज मिल रहा है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने महानिदेशक (जेल) जेल मुख्यालय, भोपाल एवं संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं (म.प्र.) संचालनालय, भोपाल को जांच के निर्देश दिए है।

## युवा हमारे देश के वीर क्रांतिकारी शहीदों के आदर्शों का पालन करें : डॉ. वर्मा

### एसपीएम में, भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में शनिवार को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शहीद दिवस पर वीर क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

■ विद्यार्थियों ने दो मिनट का रखा मौन

कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशा वर्मा ने बताया कि आज के युवा विद्यार्थियों को देश के प्रति समर्पण, सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि के लिए क्रांतिकारी वीरों के आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। आज का यह दिन हमारे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का दिन भी है, जिसमें वह देश की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए संकल्पित होता है। डॉ. इला जैन, डॉ. एसके मल्होत्रा, डॉ. नीतूप्रिया लचोरिया सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर वीर क्रांतिकारी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सभी ने दो मिनट का मौन धारण किया।



**बिजनेस न्यूज**

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने होशंगाबाद रोड पर शुरू की ब्रांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित होशंगाबाद रोड क्षेत्र से भी अब छात्र छात्राओं को आकाश कोचिंग ज्वाइन करने का अवसर मिलना शुरू हो गया है। नीट और जेईई के लिए परीक्षा तैयारी सेवाओं के लिए जाने माने आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने शनिवार को होशंगाबाद रोड़ ब्रांच की शुरुआत की है।

इससे न सिर्फ होशंगाबाद रोड़ क्षेत्र सहित आसपास के इलाके के छात्र छात्राओं को घर के नजदीक आकाश कोचिंग ज्वाइन करने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें तैयारी के लिए एमपी नगर जैसी बेहतरीन गुणवत्ता भी मिलेगी। केंद्र का उद्घाटन शैलेश सिंह (रीजनल ग्रोथ एंड सेल्स हेड मप्र आकाश इंस्टिट्यूट) ने किया। इस विस्तार के साथ एईएसएल का लक्ष्य क्षेत्र के अधिक छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है। सेंटर डायरेक्टर श्रुति खन्ना ने कहा कि हमें होशंगाबाद रोड में अपने नए केंद्र के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारे मिशन का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह मिशन छात्रों के करीब गुणवतापूर्ण कोचिंग लाना।



**कन्जेस्टिव कॉर्डियक फेलियर से पीड़ित हैं डॉक्टर**

## मुख्यमंत्री की पहल पर चिकित्सक शर्मा को एयर एंबुलेंस से उपचार के लिए चेन्नई भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एम्स, भोपाल में प्राध्यापक के पद पर पदस्थ प्रो. (डॉ.) जेपी शर्मा को गंभीर अवस्था में हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान अंतर्गत 'पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा' के माध्यम से चेन्नई भेजा जा रहा है। वे अति गंभीर स्थिति में कन्जेस्टिव कॉर्डियक फेलियर से पीड़ित हैं, जिसमें हार्ट ट्रांसप्लांट ही अंतिम विकल्प होता है।

### 'पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा' देवदूत सिद्ध हो रही

### मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से डॉ. शर्मा के स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की

### प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति की सेवा के लिए राज्य सरकार तत्पर



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. शर्मा की गंभीर स्थिति संज्ञान में आते ही, तत्काल प्रभाव से उन्हें भोपाल से चेन्नई भिजवाने के लिए 'पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा' उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए। प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति की सेवा के लिए राज्य सरकार तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा' ऐसी गंभीर स्थितियों में देवदूत सिद्ध हो रही है। गंभीर मरीजों के लिए यह सेवा संकट मोचक बन रही है। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से डॉ. शर्मा के स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।*

**डाउन सिंड्रोम दिवसः जागरुकता कार्यक्रम आयोजित**

## बच्चों की ग्रोथ, आंख, कान और थायराइड की हुई स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस पर डाउन सिंड्रोम के प्रति जानकारी और जागरुकता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में डाउन सिंड्रोम से पीड़ित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए दो दिवसीय विशेष शिविर लगाए गए।

मैदानी स्तर पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के दलों द्वारा इन बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बच्चों की ग्रोथ, आंख, कान और थायराइड सहित विभिन्न जांचें की गईं। इस वर्ष यह दिवस इंप्रूव अवर सपोर्ट सिस्टम्स की थीम पर मनाया जा रहा है। डाउन सिंड्रोम एक आनुवंशिक विकार है। इन बच्चों में अक्सर छोटी नाक, बड़ी जीभ, और छोटे कान होते हैं। इन बच्चों में मानसिक विकास में देरी, बोलने या चलने में देरी, सीखने में कठिनाई, सामाजिक कौशल में देरी हो सकती है। डाउन सिंड्रोम का डायग्नोस गर्भावस्था के दौरान अल्ट्रासाउंड और रक्त परीक्षण के माध्यम से किया जा सकता है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि डाउन सिंड्रोम वाले बच्चों में सुनने और देखने की क्षमता बाधित हो सकती है। आब्सट्रक्टिव स्लीप एप्नियां, हृदय रोग की संभावना भी इन बच्चों में अधिक हो सकती है। इन बच्चों को विशेष शिक्षा और प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

भोपाल
रविवार, 23 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-9
वर्ष : 11, अंक : 356
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 33
न्यून. 18

पूर्व केंद्रीय मंत्री बोले राहुल गांधी माओवादियों के प्रभाव में

## बेटियों को लेकर संवेदनशील रहें जजः रविशंकर प्रसाद



**इंदौर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे किस मेरिट के आधार पर नेता बने हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी होमवर्क नहीं करते, वे माओवादियों के प्रभाव में हैं। दरअसल, एक इंटरव्यू में राहुल गांधी ने कहा था कि मेरिट एक पूरी तरह से दोषपूर्ण अवधारणा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक जज की टिप्पणी को लेकर कहा कि न्यायाधीश बेटी और बच्ची के बारे में संवेदनशील बनें। शेष पेज 4 पर

IPL आज का मुकाबला
हैदराबाद - राजस्थान
दोपहर 3.30 बजे से
चेन्नई - मुंबई
रात 7.30 बजे से

**खबर संक्षेप**

### शिकायत की, तार नहीं हटे, भाई-बहन की मौत



**जबलपुर।** खेत में फैले करंट के तारों को शिकायत के बाद भी बिजली विभाग ने नहीं हटाए। नतीजा ये हुआ कि खेत में जानवर भगाने गए सगे बहन भाई की करंट से मौत हो गई। एक अन्य गंभीर रूप से झुलस गया। घटना सुरैया टोला गांव की है। खेत के किनारे झूल रहे बिजली के तार की चपेट में बच्चे आ गए।

### उड़ान में देरी पर एयर इंडिया पर भड़कीं सांसद सुप्रिया सुले



**नई दिल्ली।** सांसद सुप्रिया सुले ने उड़ान में देरी को लेकर एयर इंडिया की तीखी आलोचना की है। उन्होंने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से अपील की कि वे एयरलाइंस को जवाबदेय बनाने के लिए कड़े नियम लागू करें। सुले ने बताया कि उनकी फ्लाइट करीब एक घंटे 19 मिनट देर हुई।

सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने कहा- प्रताड़ना की धार्मिक वजह भी

# संघ ने कहाः बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के 'मानवाधिकारों' का हो रहा उल्लंघन

■ हम बांग्लादेश के हिंदू वर्ग के साथ एकजुटता दिखाते हैं

संघ ने कहा कि हमें ये नहीं मानना चाहिए कि इस हिंसा की वजह सत्ता में बदलाव के चलते राजनीतिक ही है बल्कि इसका धार्मिक कारण भी है। अल्पसंख्यकों और हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है।

■ साल 1951 में बांग्लादेश में हिंदू जनसंख्या 22 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 7.95 प्रतिशत रह गई



■ भारत और इसके पड़ोसी देश सिर्फ देशों का समूह नहीं हैं बल्कि इनका साझा इतिहास

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

यहां चल रही संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में बांग्लादेश का मुद्दा उठा और वहां अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर चिंता जाहिर की गई। सह-सरकार्यवाह अरुण कुमार ने एक बयान में कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा की वजह राजनीतिक ही नहीं बल्कि धार्मिक भी है। अरुण कुमार ने बयान शेष पेज 4 पर

### भारत और पड़ोसी देशों के बीच अविश्वास पैदा करने की कोशिश

अरुण कुमार ने कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा कोई नई नहीं है। साल 1951 में बांग्लादेश में हिंदू जनसंख्या 22 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 7.95 प्रतिशत रह गई है। यह बड़ी गिरावट है। इस बार जो हिंसा हो रही है, उससे ऐसा लग रहा है कि इसे सरकार और सरकारी संस्थानों का भी समर्थन है। वहां भारत विरोध बढ़ रहा है। अपने प्रस्ताव में हमने अंतरराष्ट्रीय ताकतों को लेकर भी चिंता जाहिर की है। भारत और इसके पड़ोसी देश सिर्फ देशों का समूह नहीं हैं बल्कि इनका साझा इतिहास है। हमारे बीच बहुत कुछ समान है। कई वैश्विक शक्तियां भारत और इसके पड़ोसी देशों के बीच अविश्वास पैदा करने की कोशिश कर रही हैं।

### *भाजपा अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया जारी*

*भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर अरुण कुमार ने कहा कि संघ के तहत 32 से ज्यादा संगठन काम करते हैं। हर संगठन अपने आप में स्वतंत्र है और उसकी फैसले लेने की स्वतंत्र प्रक्रिया है। हर संगठन के अपने सदस्य, चुनाव और उनकी पूरी प्रक्रिया अलग है। भाजपा और संघ के बीच कोई मतभेद नहीं है। हम देश और समाज के लिए मिलकर काम करते हैं। संगठन की प्रक्रिया चल रही है और जिले और राज्य स्तर पर समितियां गठित कर दी गई हैं। भविष्य में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव होगा।*

### *कई प्रस्ताव होंगे पारित*

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक बेंगलुरु में शुक्रवार से चल रही है। यह संघ की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है। इस बैठक के दौरान बांग्लादेश हिंसा के साथ ही मणिपुर, भाषा विवाद और संघ के शताब्दी समारोह को लेकर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।*

सिंगरौली, सीधी, रीवा, शहडोल, उमरिया डिंडोरी, मंडला बालाघाट जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

10 जिलों में बारिश के साथ ओले

## दो दिन बाद फिर तेज गर्मी का दौर, अभी रात का पारा गिरेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बड़े तालाब का दृश्य

प्रदेश में ओले-बारिश का दौर अब सोमवार से खत्म हो जाएगा। दो दिन गर्मी का असर ऐसा ही रहेगा, इसके बाद फिर तेजी पकड़ेगी। हालांकि, अभी आसमान साफ होने से रात के तापमान में कमी आएगी। शनिवार को भी भोपाल सहित कुछ जिलों को छोड़कर शेष प्रदेश में रात का पारा औसतन दो डिग्री तक गिरा। पूर्वी मप्र में अधिक कमी रही है। भोपाल में दिन का पारा 34.9 डिग्री पर थमा रहा। रात का पारा 1.4 डिग्री बढ़कर 18.4 डिग्री रहा। सबसे अधिक कमी रीवा में 4.5 डिग्री की रही। सबसे अधिक दिन का पारा खरगौन में 37.2 डिग्री रही। नर्मदापुरम, रतलाम में भी पारा 37 डिग्री तक रहा। शुक्रवार से शनिवार के बीच करीब 10 से अधिक जिलों में बारिश के साथ ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान की आशंका है। मौसम केंद्र के अनुसार रविवार तक आधा दर्जन जिलों में अंधड़ के साथ बारिश का यलो अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब सिस्टम आगे निकल रहा है। इससे शेष पेज 4 पर

रानी दुर्गावती विवि के कुलगुरु की मुश्किलें बढ़ीं

### हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, दस साल का टीचिंग अनुभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में पदस्थ कुलगुरु की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जबलपुर के जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने कुलगुरु डॉक्टर राजेश वर्मा की नियुक्ति पर सवाल खड़े करते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जिसमें शनिवार को सुनवाई हुई। जस्टिस विवेक जैन की कोर्ट ने राज्य सरकार, उच्च शिक्षा विभाग, एमपीपीएससी, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय और कुलगुरु को नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई अब 4 सप्ताह बाद तय शेष पेज 4 पर



■ अगली सुनवाई अब 4 सप्ताह बाद

कर्ज से परेशान था, पत्नी को मायके भेजा

### भोपाल में छठी बटालियन के जवान ने फांसी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेहरू नगर पुलिस लाइन में रहने वाले छठी बटालियन के जवान भूर सिंह जामोद ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। वह कर्ज से परेशान थे। पुलिस को उनके घर से लोन संबंधी दस्तावेज मिले हैं। हालांकि उनके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उनकी पत्नी प्रेग्नेंट है। डिलीवरी के लिए जवान ने कुछ दिन पहले पत्नी को मायके भेज दिया था। मामले में कमला नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। भूर सिंह जामोद (35) पुत्र जाम सिंह जामोद मूल रूप से देही जिला धार के रहने वाले थे। छठी बटालियन भोपाल में पदस्थ थे और नेहरू नगर पुलिस लाइन में रहते थे। शेष पेज 4 पर



■ सात साल पहले हुई थी शादी








# अर्थ ऑवर डे-2025: एक घंटे अंधेरे में रहकर शहर के घरों व संस्थानों ने बचाई सैकड़ों यूनिट बिजली

## 22 मार्च को रात 8.30 से 9.30 बजे के बीच शहर में लोगों ने बंद रखी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शनिवार का दिन पूरी धरती के लिए खास रहा है। 22 मार्च को अर्थ ऑवर-डे मनाया गया। इस बार की थीम द पावर ऑफ नेचर रखी गई। इसी के तहत शनिवार को शहर में एक घंटे के लिए कई संस्थान और घरों में बिजली का उपयोग नहीं किया। एक अनुमान के अनुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में एक घंटे के दौरान बिजली बंद रहने से सैकड़ों यूनिट बिजली की बचत हुई है।

वहीं, ब्ल्यूडब्ल्यू एफ-इंडिया के भोपाल कार्यालय ने साइक्लोथॉन, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य जागरूकता गतिविधियों के साथ अर्थ ऑवर 2025 मनाया। वॉलिंटियर्स सहित स्थानीय युवा संगठनों सहित 110 से अधिक प्रतिभागियों ने आयोजित इस साइक्लोथॉन में भाग लिया। इसे संगीता सक्सेना, राज्य निदेशक डब्ल्यू डब्ल्यू एफ- इंडिया, भोपाल और एलएनसीटी ग्रुप ऑफ़ कॉलेज, भोपाल के डॉ. अमितबोध उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



### क्या होता है इस दिन?

*अर्थ पावर डे का खास दिन होता है इसमें 8:30 बजे से 9:30 बजे तक अर्थ ऑवर 2025 मनाया जाता है। इस खास दिन को सफल बनाने के लिए दुनियाभर के लोग, संस्थान और बड़े-बड़े स्मारक एक घंटे के लिए गैर-आवश्यक लाइटें और बिजली से चलने वाले उपकरण बंद कर देते हैं। यह पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में जागरुकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है।*

---

विक्रमोत्सव के तहत 12 से 14 अप्रैल तक नई दिल्ली में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

# सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और शासन व्यवस्था से जन-जन को कराना है अवगत

## राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री शाह को मुख्यमंत्री ने किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय ज्ञान परम्परा की विरासत से विकास के ध्येय को देश में साकार कर रहे हैं। भगवान श्रीराम के बाद सम्राट विक्रमादित्य का शासन ही सुशासन की मिसाल स्थापित करता है। प्रदेश सहित देश के विभिन्न भागों में विक्रमोत्सव के तहत हो रहे कार्यक्रम सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पहलुओं और उनकी शासन व्यवस्था से जन-जन को प्रेरित कराने का एक अभूतपूर्व प्रयास है, जो आमजन को पता होना चाहिए।

आगामी 12-13 और 14 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमोत्सव के संबंध में नई दिल्ली में मीडिया के लिए जारी संदेश में ये विचार व्यक्त किए।

### खास बातें

- विश्व में आदर के साथ स्मरण किया जाता है सम्राट विक्रमादित्य को
- शासन व्यवस्था से जन-जन को प्रेरित कराने का एक अभूतपूर्व प्रयास होगा



### न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम के लिए आदरणीय नाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम, पुरूषार्थ, वीरता और गंभीरता जैसी विशेषताओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य का संपूर्ण भारत के साथ ही विश्व में आदर के साथ स्मरण किया जाता है। सम्राट विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर 2082 वर्ष पहले विक्रम संवत का प्रवर्तन किया गया था। उन्होंने सुशासन के सभी सूत्रों को स्थापित करते हुए अपने सुयोग्य 32 मंत्रियों का चयन किया, इसीलिए उनके सिंहासन को सिंहासन बत्तीसी कहा जाता है। सम्राट विक्रमादित्य ने गणराज्य की स्थापना कर लोकतांत्रिक व्यवस्था का क्रियान्वयन आरंभ किया। साथ ही जनता के लिए जवाबदेह नवरत्नों का मंत्रिमंडल गठित कर ऐसी व्यवस्था की जिसमें राजा नहीं बल्कि नौ मंत्रियों की ओ रसे लिए गए निर्णयों का शासन से क्रियान्वयन किया जाता था। सुशासन के लिए वर्तमान में क्रियान्वित मापदंड सम्राट विक्रमादित्य के काल की याद दिलाते हैं।

### शून्य प्रतिशत ब्याज पर राशि देकर व्यवसाय किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने शून्य प्रतिशत ब्याज पर राशि देकर व्यापार-व्यवसाय को प्रोत्साहित किया और हर व्यक्ति के लिए आशियाने की बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने भी शहरी हो या गरीब सभी के लिए पक्के मकान की व्यवस्था के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। उनकी ओर से बिना ब्याज के धन राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है। शिक्षा, न्यायप्रियता प्रत्येक क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ाने के लिए सम्राट विक्रमादित्य का काल और आज के इस काल में अनेकों समानताएं हैं।

### सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित आयोजन होंगे

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुड़ी पड़वा पर सम्राट विक्रमादित्य के जीवन चरित्र पर केंद्रित आयोजन सम्पूर्ण प्रदेश में होंगे। राज्य के बाहर भी सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित महानाटिका के माध्यम से उनके जन-हितैषी कार्यों की जानकारी जन-जन को देने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले वर्ष हैदराबाद में इसी प्रकार का आयोजन किया गया था, यह अभियान लगातार जारी रहेगा।*

### परंपरा का प्रकटीकरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण का एक माध्यम है। सम्राट विक्रमादित्य का व्यक्तित्व और शासन पद्धति, विभिन्न पक्ष हैं। उनके शासन काल में प्रत्येक मंत्री अलग विषयों के विशेषज्ञ थे जो देश के अलग-अगल क्षेत्रों से आकर सम्राट विक्रमादित्य की शासन व्यवस्था से जुड़कर, व्यवस्था को सुशासन में बदलने का कार्य कर रहे थे। माना जाता है कि तीन भाईयों की जोड़ी विश्व में प्रसिद्ध है, इनमें प्रथमतः भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की, भगवान श्रीकृष्ण और बलराम की तथा तीसरी जोड़ी सम्राट विक्रमादित्य और भृतहरि की है। यह तीसरी जोड़ी मप्र से है। यह सौभाग्य का विषय है कि सम्राट विक्रमादित्य की राजधानी उज्जैन रही।

---

इंदौर में बिहारी समाज का स्नेह मिलन कार्यक्रम

# मुख्यमंत्री ने की बिहारियों की योग्यता बुद्धिमत्ता और श्रमशीलता की सराहना





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को इंदौर में बिहारी दिवस के उपलक्ष्य में वृहद बिहारी समाज स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बिहार और बिहार के निवासियों की योग्यता, बुद्धिमत्ता और श्रमशीलता की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार और मप्र का प्राचीन काल से ही गहरा नाता रहा है। भारत देश के वैभवकाल में पाटलिपुत्र और अवंतिका सत्ता के दो केंद्र हुआ करते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट अशोक की राजधानी पाटलिपुत्र रही, लेकिन उनकी संतति ने मप्र से ही श्रीलंका में बौद्ध धर्म के प्रचार की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ गंगा के पावन जल में मध्यप्रदेश की नदियों का जल भी समाहित है। मप्र से निकलने वाली अनेक नदियाँ अंततः गंगा में जाकर समाहित होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में बिहार ने विकास के नए आयाम गढ़े हैं और आने वाले दिनों में विकास का यह पहिया और भी तेज़ी से घूमेगा।

### छठ पूजन के लिए घाट विकसित करने मेला आयोजन की घोषणा भी की

*मुख्यमंत्री ने इंदौर में बिहारी समाज की मांग पर यहां छठ पूजन के लिए घाट विकसित करने और छठ मेला आयोजित किए जाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में बिहार से आए सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक सुश्री गायत्री देवी, प्रदेश के नगरीय एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्रीतुलसीराम सिलावट, सांसदशंकर लालवानी, राज्यसभा सदस्य सुश्री कविता पाटीदार सहित विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मप्र में विकास के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 12, 13 और 14 अप्रैल को सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन दिल्ली में होने वाला है। आगामी 30 मार्च को गुढ़ी पड़वा है। ऐसे में गुढ़ी पड़वा के बाद नये वर्ष में विक्रम संवत का प्रवर्तन करने वाले महानायक के जीवन के विविध गुणों से आज पूरा देश गौरवान्वित है। उन्होंने बताया कि महानायक विक्रमादित्य के विक्रम संवत के अवसर पर मप्र सरकार ने दिल्ली में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।*

---

विदिशा प्रवास में केंद्रीय मंत्री शिवराज बोले-

# विदिशा मेडिकल कॉलेज संपूर्णता प्राप्त करें, इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मूल रूप से हम जनता के सेवक हैं और जनता की अगर सबसे बड़ी कोई सेवा है वो है कि कोई बीमार हो तो उसका इलाज करवाना। पहला सुख निरोगी काया। केंद्रीय मंत्री चौहान शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा के प्रवास पर थे। उन्होंने विदिशा में आयोजित कई स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत की। केन्द्रीय मंत्री ने एक निजी फूड प्रोडक्ट इंडस्ट्री का शुभारंभ किया और बाढ़ वाले गणेश मंदिर में दर्शन कर पूजा की और होली मिलन समारोह में सहभागिता की। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में ब्लड बैंक का उद्घाटन किया।

---

पटेल बोलीं: अपराधियों को पनाह दे रही सरकार

# महिला कांग्रेस ने महिला उत्पीड़न के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के सतना जिले में ढाई साल की मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी सहित प्रदेश भर में महिलाओं, युवतियों, नाबालिगों के साथ हो रही घटनाओं को लेकर महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के समीप महिला कांग्रेस नेत्रियों ने विरोध-प्रदर्शन किया। पटेल ने कहा कि प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था के चलते आपराधिक सोच के व्यक्तियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बेखौफ और निडर होकर घटनाओं को अंजाम देने से नहीं चूक रहे है।

### राज्यपाल के नाम ज्ञापन

महिला नेत्रियों ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल के नाम संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपते हुए प्रदेश में हर दिन नाबालिग बच्चियों, महिलाओं के साथ घटित हो रही घटनाओं, दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की।

---

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का आरोप

# भाजपा के ओबीसी विरोधी रुख के कारण सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ओबीसी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कांग्रेस आक्रामक है और भाजपा सरकार पर सुप्रीम कोर्ट में इस वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए तथ्यों के साथ कार्यवाही करने को कहा है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि भाजपा के ओबीसी विरोधी रुख के कारण ही यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा है।

वहीं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि अब सरकार इस मामले में अपनी प्रतिबद्धता दिखाए। पूर्व सीएम कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार का ओबीसी विरोधी रवैया सर्वविदित है। मेरे मुख्यमंत्री कार्यकाल में सरकारी भर्तियों में ओबीसी को 27% आरक्षण देने का कानून बनाया गया था। जिसे हर स्तर पर भाजपा सरकार ने लागू होने से रोकने की कोशिश की है। अब इस विषय में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार मौजूदा कानून के तहत विज्ञापन जारी कर भर्तियां करने को स्वतंत्र है। उससे स्पष्ट है कि आज की स्थिति तक 27 प्रतिशत ओबीसी रिजर्वेशन के कानून पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इस तरह अगर भाजपा चाहती तो पिछले पांच साल से हुई भर्तियों में ओबीसी को 27% आरक्षण दे सकती थी लेकिन भाजपा ने ऐसा नहीं किया।

---

भाजपा बिहार के वरिष्ठ नेता सत्यपाल ने कहा

# बिहार को अतीत की तरह गौरवशाली बनाने में योगदान दें प्रवासी बिहारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा बिहार के वरिष्ठ नेता सत्यपाल नरोत्तम ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर कहा कि बिहार के लोगों ने अपने काम से पूरे देश में अपनी पहचान बनाई है।

देश के लगभग हर कोने को अपने श्रम से सजाया और सुंदर बनाया है। देश की आर्थिक प्रगति के शिल्पकार प्रवासी बिहारियों को बिहार दिवस के अवसर पर अपनी पार्टी की ओर से बधाई देना चाहता हूं। जिला अध्यक्ष यति ने कहा कि रविवार 23 मार्च को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भोजपुरी समाज का स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री राजू कुमार सिंह, बिहार के वरिष्ठ नेता सत्यपाल नरोत्तम उपस्थित रहेंगे।

---

किसी विधायक ने किया समर्थन, किसी ने साध लिया मौन

# कृषि मंत्री कंषाना के 'पेट माफिया' बयान पर एकजुट नहीं कांग्रेस विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना द्वारा विधानसभा में रेत माफिया नहीं, पेट माफिया वाले बयान पर भोपाल में भले ही हो हल्ला मचा हुआ हो, लेकिन यह जिस क्षेत्र का मामला है, वहां विपक्ष के विधायक कृषि मंत्री की ही भाषा बोल रहे हैं। एक तरह से कहा जाए तो समर्थन कर रहे हैं। कई कांग्रेसी विधायक कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं, एक तरह से यह भी अप्रत्यक्ष रूप से कृषि मंत्री के बयान का समर्थन ही है।

विदित हो कि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने विधानसभा में बयान दिया था कि चम्बल क्षेत्र में रेत माफिया नहीं, पेट माफिया है। लोग अपनी आजीवका को चला रहे हैं। उनके इस बयान को लेकर हरिभूमि ने चम्बल क्षेत्र के कांग्रेस विधायकों से चर्चा की।

### होशंगाबाद, रायसेन सिंगरौली पर किसी की नजर नहीं

#### माफिया-माफिया कहकर चंबल क्षेत्र को बदनाम किया जा रहा



मुरैना से कांग्रेस विधायक दिनेश गुर्जर ने रेत माफिया नहीं, पेट माफिया के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि चंबल क्षेत्र को माफिया-माफिया कहकर बदनाम किया जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि होशंगाबाद, रायसेन और सिंगरौली सहित प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में किसी की नजर नहीं है, जहां डंपरों से बड़ी मात्रा में रेत का परिवहन हो रहा है। प्रोफेशनल तरीके से गैंग काम कर रहा है। चंबल नदी की रेत खेतों तक बहकर आ जाती है तो किसान उसको ट्रॉली में भरकर अपना जीवन यापन करता है। अब इसे माफिया राज कहा से कहा जाएंगा। सबसे बड़ी बात यह है कि भाजपा के राज में अवैध वसूली चल रही है, जहां प्रशासन को पैसा नहीं मिलता, वहां माफिया करार दे दिया जाता है।



#### अभी बाहर हूं, कुछ नहीं कह पाउंगा

अम्बाह से कांग्रेस विधायक देवेंद्र रामनारायण सखवार ने कहा कि इस समय क्या कह सकता हूं, अभी तो बाहर हूं। जौरा से कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि अभी बाहर हूं, इसलिए कुछ नहीं कह पाउंगा। बयान के मामले में जब मंत्री एदल सिंह कंसाना की प्रतिक्रिया चाही गई तो उनके स्टाफ ने बताया कि मंत्री अभी मीटिंग में व्यस्त हैं।

### पुलिस पिट रही है, जनता महंगाई से रो रही है और माफिया हंस रहा है: डॉ. राजेंद्र

मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष, अमरपाटन विधायक डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा द्वारा रीवा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सदन में एक सवाल उठाया गया, जिसके जबाव में मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल न सिर्फ भावुक हुये बल्कि वह रोने भी लगे। यह देखकर सारा सदन सकते में आ गया। उधर कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा तो रो ही रहे थे लेकिन मंत्री भी रोने लगे। अब सवाल यह है कि विधानसभा में सरकार रो रही है, विपक्ष भी रो रहा है, और महंगाई के कारण प्रदेश की जनता भी रो रही है और पुलिस भी पिट रही है तो आखिर हंस कौन रहा है? डॉ. सिंह ने कहा कि ऐसी स्थिति में अवैध कारोबार में लिप्त सरकार के संरक्षण में फल फूल रहे शराब माफिया, खनन माफिया, भू माफिया, कोयला माफिया, शिक्षा, चिकित्सा माफिया और तरह-तरह के माफिया हंस रहा है, क्योंकि सरकार की शह पर माफिया से अवैध वसूली कर मोटी रकम जुटाई जा रही है प्रदेश का आलम यह है कि मप्र में आपराधिक तत्वों का कानून से खौफ खत्म हो गया है।

---

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपेंगे ज्ञापन

# स्थाई कर्मी, दैवेभो और अंशकालीन कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी और अंशकालीन कर्मचारी अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर रविवार को राजधानी के आंबेडकर पार्क एकत्रित होकर में प्रदर्शन कर धरना देंगे। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे के नेतृत्व में कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पैदल मार्च करते हुए मुख्यमंत्री को अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपेंगे।

अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के 32 हजार स्थाई कर्मी सातवें वेतनमान का लाभ देने एवं 28 हजार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नियमित करने तथा 55 हजार अंशकालीन कर्मचारी कलेक्टर रेट का वेतन देने की मांग के समर्थन में काम बंद हड़ताल कर धरना दिया जा रहा है। पांडे ने कहा कि स्थाई कर्मियों को सातवें वेतनमान, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करना, पेंशन सुविधा, मेडिकल व बीमा सुविधा का लाभ, अनुकंपा नियुक्ति जैसी जायज मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। सरकार मांगों को संज्ञान में लेकर मंजूर नहीं कर रही है जिस कारण प्रदेश के स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं अंशकालीन कर्मचारी में असंतोष व्याप्त हो गया है।






**प्रीमेच्योर बच्चे के फेफड़े सांस लेने में सक्षम नहीं थे**

# निजी अस्पताल ने 33 दिन वेंटिलेटर पर रखने के बाद कहा, बचना संभव नहीं, घर ले जाओ दादी ने नहीं छोड़ी आस, बच्चे को लेकर पहुंची एम्स, 39 दिन बाद बच्चे ने खुद से ली सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सात माह की गर्भावस्था में अचानक महिला को प्रसव पीड़ा हुई। चार फरवरी को परिजन महिला को लेकर राजधानी के निजी अस्पताल पहुंचे। जहां सिजेरियन डिलीवरी से महज सात सौ ग्राम वजन प्रीमेच्योर बच्चे का जन्म हुआ। स्थिति यह थी कि बच्चे के फेफड़े सांस लेने तक में सक्षम नहीं थे। 33 दिन तक बच्चे की श्वास नली में डाली गई ट्यूब से ऑक्सीजन पहुंचाई जा रही थी। इसके बाद निजी अस्पताल के स्टाफ ने परिजनों से कहा कि बच्चे का बचना संभव नहीं है। इसे घर लेकर चले जाओ।

निजी अस्पताल में 7 माह की गर्भावस्था में महिला को हुआ प्रसव

एम्स में 6 दिन तक नवजात को वेंटिलेटर पर रख किया गया इलाज


बच्चे को श्वास नली में डाली गई ट्यूब से ऑक्सीजन पहुंचाई जा रही थी

## अस्पताल से स्वस्थ लौटा शिशु

डॉक्टरों की बात को नवजात की दादी ने नहीं माना। वे बच्चे को लेकर एम्स पहुंची। जहां 6 दिन तक बच्चा वेंटिलेटर पर रहा। इसके बाद उसे वेंटिलेटर से हटाया गया और करीब 39 दिन बाद बच्चे ने अपने फेफड़ों का उपयोग कर बिना सपोर्ट खुद से पहली सांस ली। जिसके बाद दादी ने कहा कि यह डॉक्टर नहीं, हमारे बच्चे के लिए भगवान हैं। इसका वीडियो एम्स भोपाल द्वारा अपने सोशल मीडिया पेज पर शेयर किया है। बच्चे को एम्स में इलाज के 12 वे दिन छुट्टी दे दी गई है। अब उसका वजन 2600 ग्राम है। बच्चे में 39 दिन से लगाई ट्यूब को एक्सट्यूबेशन प्रक्रिया से निकाला गया। जिसमें नियोनेटोलॉजी के सहायक प्रोफेसर डॉ. चेतन खरे समेत एनआईसीयू के विशेषज्ञों, नर्सिंग स्टाफ समेत अन्य की अहम भूमिका रही।

### विश्वास और मेहनत की जीत

यह सिर्फ एक चिकित्सा प्रक्रिया नहीं, बल्कि विश्वास और मेहनत की जीत है। एम्स में नवजात शिशुओं के बेहतरीन इलाज के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। इस उपलब्धि ने एम्स भोपाल की नवजात देखभाल इकाई (एनआईसीयू) को एक नई पहचान दी है। डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और मेडिकल छात्रों की टीम ने यह साबित कर दिया कि समर्पण और सेवा से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

**डॉ. अजय सिंह,** डायरेक्टर, एम्स भोपाल

महिला डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों का आरोप, दामाद कर रहा था मकान के लिए प्रताड़ित

# चार से पांच दिनों तक घर से गायब रहता था रिचा का पति, खुद को बताता था बीमार, डॉक्टर पत्नी बीमारी पूछती तो नहीं देता था जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित स्काई ड्रीम कॉलोनी में डॉ. रिचा पांडे की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद शनिवार को उनका पीएम कराया गया। इस दौरान लखनऊ से भोपाल आए परिजन ने अपने डॉक्टर दामाद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। डॉ. रिचा की मां रेनू पांडे और पिता विनोद चन्द्र पांडे का आरोप है कि डॉ. अभिजीत पांडे ने उनकी बेटी की हत्या की है। उसका आचरण शादी के बाद से ही ठीक नहीं था। वह दहेज में मकान दिलाने की मांग कर रहा था।

## डॉ. रिचा के माता-पिता ने लगाए गंभीर आरोप, बेटी मानसिक रूप से मजबूत थी, वह आत्महत्या नहीं कर सकती, दामाद पर हत्या के आरोप



### भाई को मैसेज कर भेजा था मोबाइल पासवर्ड

*डॉ. रिचा की मां रेनू पांडे और पिता विनोद चंद्र पांडे का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही दामाद अभिजीत का व्यवहार उनकी बेटी के लिए बदल गया था। नई-नई शादी होने के बाद भी दामाद बेटी का ध्यान नहीं रखता था। वह कई बार चार-पांच दिन के लिए बिना बताए घर से लापता हो हो जाता था। बेटी इस बात को लेकर अक्सर परेशान रहती थी, लेकिन वैवाहिक जीवन बचाने के लिए वह पति को बर्दाश्त कर रही थी। पुलिस ने रिचा का मोबाइल जब्त किया है। पुलिस का अनुमान है कि मोबाइल से कई राज खुल सकते हैं। वैवाहिक जीवन बचाने के लिए डॉक्टर रिचा ने अपने पति की इन हरकतों को नजरअंदाज कर कभी कोई विवाद नहीं किया। रिचा की मौत से करीब 9 घंटे पहले उसने अपने भाई को आखिरी मैसेज भेजा था। मैसेज में रिचा ने अपने मोबाइल का पासवर्ड भेजा था। परिजनों का कहना है कि रिचा के मोबाइल में महत्वपूर्ण साक्ष्य मौजूद हैं।*

### मायके पक्ष से कहा झूठ

रिचा पांडे के पिता का कहना है कि दामाद अभिजीत ने बेटी को बताया कि वह एक अस्पताल में भर्ती है। बेटी ने पूछा कौन से अस्पताल में भर्ती हैं तो दामाद ने जवाब नहीं दिया। पांच दिन बाद लौटा तब बेटी ने कहा मैं खुद डॉक्टर हूं, क्या बीमारी है, मुझे बताएं। मैं उसी हिसाब से आपको दवाइयां दूंगी। इस पर दामाद ने कोई जवाब नहीं दे सका। पिता बोले की मेरी बेटी मजबूत थी। वह आत्महत्या नहीं कर सकती। उसकी हत्या की गई है। उसके शरीर पर नीले रंग के धब्बे और गले पर भी निशान हैं। मां रेनू पांडे का कहना है कि रिचा अक्सर कॉल कर अपने पति डॉ. अभिजीत पांडे की करतूत हमें बताती थी।

स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम का दूसरा दिन

# एयरपोर्ट रोड के फ्लाईओवर की आकर्षक पेंटिंग के फोटो खींचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में स्वच्छता की परीक्षा लेने केंद्र से आई टीम ने शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में सुंदरता को देखा और वीडियो बनाए हैं। टीम ने शहर की सुंदरता को दर्शाने वाले सभी बिंदू को पूरा कर लिया है। टीम शनिवार सुबह जोन 13 के कई क्षेत्रों तक पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए सर्वे शुरू किया। इन्हीं के आधार पर भोपाल स्वच्छता की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जिसके आधार पर ही राजधानी को स्वच्छता में स्थान दिया जाएगा।

सोमवार से शहर में कचरे का निस्तारीकरण, कॉलोनी, मुख्य बाजार में कचरा प्रबंधन देखा जाएगा। टीम आदमपुर खंती भी जाएगी। शहर के प्रमुख जलस्त्रोत और जलापूर्ति नेटवर्क का मूल्यांकन किया जाएगा।

### रेतघाट पर फाउंटेन का वीडियो बनाया

जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत प्रतियोगिता में जनता के सुझाव, सुंदरता, कचरा प्रबंधन, सड़क, जलापूर्ति, कचरा कलेक्शन, कचरे को कम करने की प्रक्रिया और शहर के प्रमुख जल स्रोत के संरक्षण जैसे विषय शामिल हैं। दिल्ली से आई सर्वे टीम ने शनिवार को रेत घाट पहुंचकर यहां लगे फाउंटेन का वीडियो बनाया और सेंट्रल सर्वर पर अपलोड किया गया। इसके बाद टीम एयरपोर्ट रोड पर बने फ्लाईओवर का निरीक्षण करने पहुंची, यहां बनाई गई आकर्षक पेंटिंग के फोटोग्राफ सर्वर पर अपलोड किए गए। एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों से सुझाव लेकर टीम वापस नगर निगम मुख्यालय आ गई। टीम ने तीन दिन का सर्वे पूरा कर लिया है अब आठ दिन के अंदर गार्बेज फ्री सिटी और वाटर प्लस श्रेणी के सर्वे कार्य करेगी।

टीआई का कहना, कार्रवाई की थी इसलिए एएसआई पवन रघुवंशी ने उन्हें फंसाया

फर्जी कॉल सेंटर के संचालकों के संरक्षण व वसूली का मामला

# भ्रष्टाचार के आरोपी टीआई जितेंद्र को हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग में फर्जी कॉल सेंटर संचालकों का संरक्षण कर मोटी रकम वसूलने के आरोप में सस्पेंड ऐशबाग के तत्कालीन थाना प्रभारी जितेन्द्र गढ़वाल को जबलपुर हाईकोर्ट अग्रिम जमानत मिल गई है।



भ्रष्टाचार अधिनियम का प्रकरण दर्ज होते हुए थाना प्रभारी फरार हो गया था। प्रकरण दर्ज होने के दूसरे दिन वह कमिश्नर कार्यालय पहुंचा और क्षमा याचना की थी। बावजूद इसके उसकी गिरफ्तारी नहीं की जा सकी थी। उक्त भ्रष्टाचार के मामले में ऐशबाग थाने के पूर्व एएसआई मनोज सिंह, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह और अन्य आरोपी मोईन खान व पार्षद अंशुल अब भी फरार हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम की घोषणा की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रभात चौराहा पर संचालित होने वाला आइडियालॉजी एडवांस स्टॉक प्राइवेट लिमिटेड नामक कॉल सेंटर पर पुलिस ने 23 फरवरी को छापामार कार्रवाई की थी। पुलिस ने कॉल सेंटर को सील कर दिया।

### डायरी में मिले थे 100 से अधिक नाम

एएसआई पवन रघुवंशी ने कॉल सेंटर के कर्मचारियों से पूछताछ के बाद खुलासा किया कि वे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर बाजार में निवेश से संबंधित विज्ञापन प्रसारित कर ठगी करते थे। पुलिस ने 80 से अधिक कंप्यूटर और 26 मोबाइल सिम जब्त की थी। पुलिस को कॉल सेंटर के सरगना की एक डायरी भी मिली थी, जिसमें 100 से अधिक नाम और मोबाइल नंबर दर्ज थे।

### लाइन अटैच होने के बावजूद डायरी ले गया था पवन

एएसआई पवन को लाइन हाजिर किए जाने के बाद तत्काल प्रभाव से अपने पास मौजूद तमाम केस डायरियों का चार्ज दूसरे को ट्रांसफर करने के आदेश दिए गए। बावजूद इसके पवन रघुवंशी पुराने केस की सभी डायरियां अपने साथ ले गया था। इन डायरियों में फर्जी कॉल सेंटर केस की डायरी भी थी। वह लाइन हाजिर होने के बाद भी अहम मामलों की डायरियां अपने साथ ले गया था। कार्यवाहक निरीक्षक जितेन्द्र गढ़वाल ने डीसीपी जोन-एक को गोपनीय पत्र के माध्यम से उसके संदिग्ध आचरण की जानकारी दी थी। इस आधार पर 28 फरवरी को उसे लाइन हाजिर किया गया। इसकी रिपोर्ट रोजनामचा में भी दर्ज की गई थी।

## बावड़िया कलां में खाली प्लॉट पर कचरा खाली कर रहे नगर निगम के वाहन



**भोपाल।** शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए टीम आई हुई है और इसी दौरान नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा बड़ी लापरवाही बरती जा रही है। यह लापरवाही जोन 13 के वार्ड 52 में बावड़िया कलां क्षेत्र में की जा रही है। यहां स्वच्छता के नाम पर नगर निगम के वाहनों से खाली भूखंड पर कचरा खाली किया जा रहा है, इस वजह से आसपास स्थित कॉलोनी, अस्पताल सहित अन्य प्रतिष्ठानों के लोग दुर्गंध से परेशान है। वार्ड 52 में बावड़िया कलां चौराहे के पास एक बड़ा भूखंड खाली पड़ा हुआ है। जिस पर नगर निगम के साफ-सफाई अमले द्वारा लगातार वाहनों से कचरा डाला जा रहा है। जोन 13 के स्वच्छता प्रभारी विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि भूखंड पर कचरा नहीं खाली करवाया जा रहा है, बल्कि उस पर पड़ा कचरा उठवाया जा रहा है।




क्रेडाई, लोगों के साथ शनिवार को कांग्रेस ने दर्ज कराई आपत्ति

खेती की जमीनों के दोगुने तक सीधे कर दिए दाम

# लैंड यूज नहीं बदला, फिर भी सरकारी खजाना भरने बढ़ाई प्रॉपर्टी की कीमतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीएंडसीपी सहित अन्य अनुमतियां नही देने, लैंड यूज नहीं बदलने, ग्रीन लैंड और कैचमेंट के नाम पर कोई काम नहीं होने के बावजूद पंजीयन विभाग जमीनों के चार गुना तक दाम बढ़ा रहा है। कुछ अवैध कॉलोनियों के आधार पर इतनी बड़ी बढ़ोतरी से किसानों को जमीनों के सौदे करने में दिक्कत होगी। खरीदार रजिस्ट्री कराने की जगह स्टांप पर ही सौदे कर लेंगे, जिससे सरकार को नुकसान उठाना पड़ेगा।

यह आपत्ति शनिवार को कांग्रेस नेता अनोखी मानसिंह पटेल ने पंजीयन विभाग को बढ़ोतरी के विरोध में पेश की। उन्होंने बताया कि सरकार खजाना भरने के लिए प्रॉपर्टी के दाम बढ़ा कर रही है।

### 1283 लोकेशंस में जमीनों के भावों में 18 प्रतिशत की औसत वृद्धि की तैयारी

*भोपाल जिले की 2885 लोकेशंस में 1283 में जमीनों के भावों में 18 प्रतिशत की औसत वृद्धि करने की तैयारी की है। हालांकि कई लोकेशंस में जमीन की दरों में 200 से लेकर 380 फीसदी तक वृद्धि प्रस्तावित की गई है। जिसका विरोध भोपाल सांसद, कई संगठन, क्रेडाई समेत आम जनता कर रही है। प्रॉपर्टी के जानकारों का कहना है कि इतनी बड़ी तादाद में प्रॉपर्टी के रेट बढ़ाने से आगामी साल में प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त में बीस फीसदी तक की गिरावट आ सकती है।*

### अब तक मिल चुकीं 700 से अधिक आपत्तियां

शनिवार को आम लोगों ने आपत्तियां पेश कीं। वहीं, जिला मूल्यांकन समिति की बैठक रविवार को होगी, जिसमें दावे-आपत्तियों का निराकरण कर इसे केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजा जाएगा। विभाग के पास अब तक सौ से अधिक आपत्तियां मिल चुकी है।

### शनिवार को भी हुई 250 रजिस्ट्री, आज भी होंगी रजिस्ट्रियां



जिले के सभी पंजीयन कार्यालय अवकाश में शनिवार को भी खोले गए। यहां लगभग 250 रजिस्ट्रियां दर्ज की गईं। प्रॉपर्टी के खरीदार वर्तमान दरों पर रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे हैं, दरअसल एक अप्रैल से नई दरें लागू हो जाएंगी। वहीं पंजीयन विभाग द्वारा सभी अवकाश के दौरान कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया हैं और रविवार को भी सामान्य दिनों की तरह कार्य किया जाएगा। जानकारी के अनुसार परी बाजार, आइएसबीटी और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालय शनिवार सुबह 10 बजे से खोले गए। लोगों ने एक दिन पहले ही स्लॉट बुक करवा लिए थे, अवकाश की वजह से लोग अपनी सुविधानुसार आए।

जम्मू-कश्मीर पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केंद्र

# बादाम के फूलों से गुलजार हुआ बादामवारी गार्डन

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में बसंत का आगमन होते ही श्रीनगर का बादामवारी गार्डन पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है। इस खूबसूरत बाग में बादाम के पेड़ फूलों से लदे हुए हैं, जिससे पूरा बाग अत्यंत मनोरम हो गया है। यह गार्डन हरी पर्वत किले की तलहटी में स्थित है और इसके आसपास हजरत मखदूम साहिब दरगाह और गुरुद्वारा छट्टी पादशाही जैसे सांस्कृतिक स्थल भी हैं, जो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं। उद्यानिकी विभाग ने गार्डन को आकर्षक बनाने के लिए लैवेंडर के पेड़ भी लगाए हैं। इसका उद्देश्य इसे थीम गार्डन में बदलना है, जिससे आने वाले वर्षों में यहां और अधिक पर्यटक आकर्षित होंगे।

**खास बातें**

- पास में हजरत मखदूम दरगाह और गुरुद्वारा छट्टी पादशाही
- बगीचे को आकर्षक बनाने के लिए लैवेंडर के पेड़ भी लगाए



## थीम गार्डन में विकसित करने की योजना

उद्यानिकी विभाग के मुताबिक, गार्डन की लोकप्रियता को देखते हुए इसे और आकर्षक बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हजारों लैवेंडर के पेड़ लगाए गए हैं और इसे थीम गार्डन के रूप में विकसित करने की योजना है। इससे आने वाले वर्षों में यहां और अधिक पर्यटक पहुंचने की उम्मीद है। बादामवारी गार्डन कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बन गया है। बसंत के मौसम में यह गार्डन प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श स्थल है, जहां वे फूलों की खूबसूरती और शांति का आनंद ले सकते हैं।

## मार्च से अप्रैल के मध्य लगते हैं फूल

*बादाम के पेड़ कश्मीर में सबसे पहले खिलने वाले पेड़ों में शामिल हैं, जो आमतौर पर मार्च के मध्य से अप्रैल के मध्य तक फूलों से लदे रहते हैं। इस दौरान बाग में बादाम के फूलों की भीनी-भीनी खुशबू बिखर जाती है, जो प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफरों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाती है। बादामवारी गार्डन में बहुरंगी फूलों के बीच से दिखता ऐतिहासिक हरी पर्वत किला एक अद्भुत नजारा पेश करता है। पर्यटक यहां घंटों अपना समय बिताते हैं, फूलों की खूबसूरती को निहारते हैं और तस्वीरें खींचकर यादें संजोते हैं।*

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा प्रीति आर बी पुत्री रामबाबू चौहान निवासी उत्तर चाकमीर सरदार पाडा पोस्ट महेशतला जिला-दक्षिण 24 परगना पश्चिम बंगाल पिन 700141 का मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेश काउंसिल भोपाल (म.प्र.) द्वारा जारी एडीशनल क्वालिफिकेशन सर्टिफिकेट क्रमांक 149, जारी दिनांक 20/08/2015 जिसका आर.एन.आर.एम. नंबर व्ही-8,498 है, जिसमें प्रीती आर बी ने वर्ष 2009 से 2014 तक अध्ययन किया था। उपरोक्त प्रमाण पत्र दिनांक 15/03/2025 को गुना के रेलवे स्टेशन पर कहीं गुम हो गया है। जिस भी आम या खास को उपरोक्त प्रमाण पत्र मिले तो मेरे कार्यालय पर जमा करावें। धन्यवाद

भवदीय मोहर सिंह लोधी, एडवोकेट
कार्यालय- चैंबर नं. 19, लॉयर्स चैंबर हनुमान चौराहा गुना जिला-गुना (म. प्र.)
मो. 9755010420

**न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत्त टी.टी.नगर भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 0033/अ-27/24-25

इश्तहार

आवेदकगण श्री कमल सिंह जयसिंह आ. श्री विश्राम सिंह जाति मीना निवासी गौरा, भोपाल द्वारा ग्राम गौरा स्थित भूमि ख.क्रं. 158/1/1/1/1, 159 रकबा 1.9510 हेक्टेयर भूमि का बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 04.04.2025 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय तहसीलदार की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
टी.टी.नगर भोपाल

अमेरिकी मुक्केबाज और हेवीवेट चैंपियन

## जॉर्ज फोरमैन का निधन, 19 की उम्र में जीता था ओलंपिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी मुक्केबाज जॉर्ज फोरमैन का शुक्रवार, 21 मार्च को 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार ने उनके सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए इस खबर की पुष्टि की। फोरमैन ने 1968 में मैक्सिको सिटी में हुए ओलंपिक में अपना नाम बनाया था, जहां उन्होंने सिर्फ 19 साल की उम्र में अपने 25वें शौकिया मुकाबले में ही हैवीवेट का गोल्ड मेडल जीता था। पेशेवर बनने के बाद फोरमैन ने किंग्स्टन, जमैका में मौजूदा चैंपियन जो फ्रेजियर का सामना करने से पहले लगातार 37 मैच जीते। उन्होंने दो राउंड के बाद तकनीकी नॉकआउट से फ्रेजियर को हराया। फोरमैन को 1974 में प्रसिद्ध रंबल इन द जंगल के लिए जाना जाता है, जहां उन्होंने अपना पहला खिताब प्रतिष्ठित मुहम्मद अली से खो दिया था।



■ पेशेवर बनने से पहले लगातार 37 मैच जीते

## जैकेट का शेष

### बाइक की तलाश में ...

की तलाश में गई थी। ईरानी मोहल्ले की महिलाओं समेत अन्य लोगों ने पुलिस पार्टी पर पथराव कर दिया, जिसमें पुलिसकर्मी घायल हो गए। इससे पहले केशवाही क्षेत्र में सराफा व्यापारियों पर लूट के इरादे से गोलीबारी की गई थी। हालांकि, व्यापारी लूट से बच गए थे और घायल होने के बावजूद बस्ती तक पहुंचकर जान बचाई थी। व्यापारियों पर गोली चलाने वाले आरोपी जिस गाड़ी से आए थे, उसी तरह की गाड़ी की तलाश में पुलिस ईरानी मोहल्ला गई थी। पुलिस पार्टी पर हुए हमले मामले में बुढ़ार पुलिस ने कुल 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें से 17 नामजद हैं, जबकि अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

**व्यापारियों पर हमला करने वाले पुलिस की पहुंच से दूर:** हमले में आरक्षक सहित अन्य स्टॉफ को चोटें आईं। हमले में महिला आरक्षक सरिता, आरक्षक आशीष तिवारी भी चोटिल हुए। पुलिस वाहन में भी तोड़-फोड़ की गई। आरक्षक की शिकायत पर धारा 132, 221, 296, 115 (2), 351 (3), 3 (5) बीएनएस का मामला दर्ज कर लिया गया है। गोलीकांड के आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। सराफा व्यापारियों को उस समय गोली मारी गई थी, जब वे साप्ताहिक बाजार से दुकान लगाकर लौट रहे थे। आरोपियों ने लूट के इरादे से गोली चलाई थी, गनीमत रही कि सराफा व्यापारी लूट से बच गए और घायल अवस्था में मोटर साइकिल भगाते हुए बस्ती के बीच पहुंच गए। ऐसे में बाइक पर सवार आरोपी भाग गए थे।

### व्यापारियों पर हमला ...

*ने लूट के इरादे से गोली चलाई थी, गनीमत रही कि सराफा व्यापारी लूट से बच गए और घायल अवस्था में मोटर साइकिल भगाते हुए बस्ती के बीच पहुंच गए। ऐसे में बाइक पर सवार आरोपी भाग गए थे।*

### शाहरुख ने बांधा समां...

ढोलना सुन'...पहला गाना गाया। उसके बाद मेरे ढोलना सुन..., घूमर-घूमर और कर हर मैदान फतह गाया। बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने मलंग-मलंग में डांस किया। पंजाबी सिंगर करण औजला ने महौल पूरा बेवी-बेवी..., हुसन तेरा तौबा-तौबा गया...गया। औजला की प्रस्तुति में दिशा पाटनी ने डांस भी किया। आईपीएल 18 वें सीजन में 10 टीमें 74 मैच खेलेंगी। 12 दिन 2-2 मैच हैं।

### साहित्यकार ...

प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र के साथ दिया जाता है। इस सम्मान को पाकर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी। विनोद कुमार शुक्ल की रचनाओं में दीवार में एक खिड़की रहती थी (जिसके लिए उन्हें 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला), नौकर की कमीज (1979, जिस पर मणि कौल ने फिल्म बनाई), और कविता संग्रह सब कुछ होना बचा रहेगा (1992) प्रमुख हैं। ज्ञानपीठ पुरस्कार की शुरुआत 1961 में हुई थी और यह पहली बार 1965 में मलयालम कवि जी. शंकर कुरुप को दिया गया था। यह पुरस्कार केवल भारतीय लेखकों को ही प्रदान किया जाता है।

### रचनात्मकता और ...

शैली के लिए दिया जा रहा है। समिति के अन्य सदस्य माधव कौशिक, दामोदर माउजो, प्रभा वर्मा, अनामिका, ए. कृष्णा राव, प्रफुल्ल शिलेदार, जानकी प्रसाद शर्मा और ज्ञानपीठ निदेशक मधुसूदन आनंद भी इस बैठक में उपस्थित थे।

### भाजपा नेता ने...

लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। भाजपा नेता ने घर के भीतर ही इस वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि चारों के सिर में गोली मारी गई है। हालांकि आरोपी भाजपा नेता को पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है। भाजपा नेता कुछ दिनों से मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं चल रहा था। उसके पास लाइसेंसी पिस्टल बताई गई है जिससे उसने पत्नी और बच्चों को गोली मारी है। सभी का अस्पताल ले जाया गया। पुलिस आरोपी को थाने ले गई है। मौके पर जांच पड़ताल की जा रही है।

### सीजेआई ने 3 सदस्यीय...

था कि जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली के बंगले पर 14 मार्च की रात आग लगने के बाद कैश बरामद हुआ था। घटना के दौरान जस्टिस वर्मा शहर से बाहर थे। इस बीच, दिल्ली फायर सर्विस के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा है कि मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है कि जज के घर कैश नहीं मिला है। 21 मार्च को मीडिया रिपोर्ट्स में गर्ग का बयान छपा था, जिसमें उनके हवाले से बताया गया था कि जस्टिस वर्मा के घर आग बुझाने के दौरान कोई कैश बरामद नहीं हुआ था।

### जस्टिस गवई...

का जस्टिस गवई ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा- हमारे संविधान का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पहुंचाना है। वहीं, जस्टिस कोटिश्वर सिंह ने कहा- मेरा मानना है एक दिन मणिपुर समृद्ध होगा। हमें अपने संविधान पर भरोसा रखना चाहिए। मणिपुर में एक दिन शांति स्थापित होगी और वह सफल होगा। हमें मिलकर यहां राहत पहुंचाने का काम करना चाहिए।जस्टिस गवई ने कहा- हमारा नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है कि विस्थापित लोग हमसे पीछे न छूटें। उनकी आईडेंटिटी, डॉक्यूमेंट्स, संपत्ति का अधिकार या फिर मुआवजे के मामलों में पूरा अधिकार प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि मणिपुर राज्य और मणिपुर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने 265 कानूनी सहायता क्लीनिक स्थापित किए हैं। विस्थापित समुदायों के भीतर स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करेंगे।उन्होंने कहा कि मैं सभी विस्थापित व्यक्तियों से इन सेवाओं का लाभ उठाने का आग्रह करता हूं। उन्हें आश्वस्त करता हूं कि हम उनके जीवन के पुनर्निर्माण की दिशा में उनके साथ खड़े हैं।

## पेज 1 का शेष

### बेटियों को लेकर...

रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को केंद्र सरकार के बजट पर लोगों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है। इंटरनेशनल रिपोर्ट्स के अनुसार देश की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा ने अपने एक फैसले में कहा था कि आरोपियों ने महिला का प्राइवेट पार्ट पकड़ा और उसके कपड़े उतारने की कोशिश की, लेकिन यह बलात्कार की कोशिश नहीं मानी जा सकती। बलात्कार की कोशिश साबित करने के लिए स्पष्ट इरादा दिखना चाहिए। तथ्यों के आधार पर यह सिर्फ वस्त्र उतारने के इरादे से हमले (आईपीसी की धारा 354) का मामला बनता है, बलात्कार का नहीं। रविशंकर प्रसाद ने कर्नाटक सरकार के मुस्लिम कॉन्ट्रैक्टर्स को सरकारी टेंडर में 4% आरक्षण देने के फैसले की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इसमें ओबीसी वर्ग के अधिकार को नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपासना पद्धति के आधार पर आरक्षण देना सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के खिलाफ है।

### संघ ने कहा...

में कहा कि हम बांग्लादेश के हिंदू वर्ग के साथ एकजुटता दिखाते हैं। हमने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चिंता जताई है। हमें ये नहीं मानना चाहिए कि इस हिंसा की वजह सत्ता में बदलाव के चलते राजनीतिक ही है बल्कि इसका धार्मिक कारण भी है। अल्पसंख्यकों और हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में बीते साल शेख हसीना सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद से ही वहां अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। हिंसा की इन घटनाओं पर कई देशों ने चिंता जाहिर की। भारत ने भी इस पर कड़ी आपत्ति जताई। हालांकि इसके बावजूद बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय लगातार कट्टरपंथियों के निशाने पर बना हुआ है।

### दो दिन बाद...

बारिश में कमी आएगी। अभी गर्मी में ज्यादा बढ़त नहीं होगी, रात का पारा गिरेगा। लेकिन दो से तीन दिन में गर्मी फिर तेज असर करेगी। दमोह, पन्ना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, कटनी, डिंडोरी, सिवनी, सागर के ग्रामीण इलाकों सहित करीब 10 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे। शनिवार को सुबह से शाम तक पूरे रीवा संभाग के साथ ही जबलपुर, शहडोल संभाग में बारिश हुई है। कुछ जगह ओले गिरे हैं। सागर, दमोह और पन्ना जिलों में भी बारिश के साथ कुछ जगह ओले गिरने से फसलों को नुकसान की आशंका है।

### हाईकोर्ट ने लिया...

की गई है। दिसंबर 2024 में आरडीवीवी के कुलगुरु की नियुक्ति पर नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने सवाल उठाए। एनएसयूआई ने उनकी पदस्थापना को गलत बताया। लगाया कि डॉ. राजेश कुमार वर्मा कुलगुरु पद के काबिल नहीं हैं। दरअसल डॉ. राजेश कुमार वर्मा के मूल पद यानी प्राध्यापक पद पर नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए एनएसयूआई ने दस्तावेज भी उच्च शिक्षा विभाग के सामने पेश किए।

### भोपाल में छठी...

फिलहाल अटैचमेंट पर उनकी ड्यूटी सीएम हाउस में चल रही थी। मामले की जांच कर रहे एसआई शैलेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि उनके घर से लोन संबंधी दस्तावेज बरामद किए हैं। परिजनों और परिचितों ने भी प्रारंभिक तौर पर कर्ज के चलते तनाव की बात बताई है। उनके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जिससे आत्महत्या के सही कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। भूर सिंह की शादी सात साल पहले हुई थी। उनका एक 6 वर्ष का बेटा है। जबकि दूसरे बच्चे का जन्म होने वाला है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि पति-पत्नी के बीच किसी प्रकार का मनमुटाव नहीं था। भूर सिंह का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। जिसकी जांच कराई जाएगी।

हरिभूमि क्लासीफाइड

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

संपर्क सूत्र : 9407279644



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। धर्म के प्रति श्रद्धा रहेगी।

**वृष** — कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।

**मिथुन** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। पिता का साथ मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे। बातचीत में संयत रहें।

**कर्क** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मन लगेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा लाभप्रद रहेगी। मन में उतार-चढ़ाव के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**कन्या** — शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी।

**तुला** — क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक** — धैर्यशीलता बनाए रखें। भाई-बहनों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ सकती है।

**मकर** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**कुंभ** — कार्यक्षेत्र में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। खर्चों की अधिकता रहेगी। लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें।

**वैवाहिकी**

**वधु चाहिए**

वधु चाहिए
प्रतिष्ठित मिश्रा परिवार गौत्र गौतम 32 वर्ष सिविल इंजीनियर कवर्धा निवासी जो नया रायपुर में कार्यरत युवक हेतु सुंदर सुशील वधु चाहिए।
संपर्क करें 9770577756

**वधु चाहिए**
गुजराती 44/5'11" स्वयं का व्यवसाय इनकम 40,000/- मासिक, युवक हेतु, उच्च जाति बंधन नहीं (मैरिज ब्यूरो क्षमा करें)
सम्पर्क करें 9827114645 9131139179

वधु चाहिए- यादव उम्र -48 वर्ष ,कद 5 फुट 6 इंच, योग्यता इंजीनियर स्वयं का व्यवसाय हेतु सुयोग्य, गृहकार्य में दक्ष, शिक्षित वधू चाहिए । मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। जाति बंधन नहीं । संपर्क करे मो 93996 27248 (7167)

**नाम परिवर्तन**

मैं विश्वजीत सिंह वासू आत्माज श्री मलिंदर सिंह वासू मकान नंबर 301 ए ब्लॉक शुभ लाभ हाईट्स मालवीय नगर चौराहा इंदौर मध्य प्रदेश मेरी पुत्री का पूर्व नाम वान्या वासू (Vanya Wasu) जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है ,मैं अपनी पुत्री का नाम बदलकर अजूनी कौर वासू(Ajuni kaur Wasu) करवाना चाहता हूं,वान्या वासू एवं अजूनी कौर वासु दोनों मेरी ही पुत्री के नाम है भविष्य में जो भी वाद-विवाद होगा उसकी मेरे स्वयं की जवाबदारी रहेगी मेरी पुत्री को आज से अजूनी कौर वासू (Ajuni kaur Wasu)के नाम से जाना व पहचाना जावे

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13



हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644


प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



## शब्द पहेली - 5813



**बाएँ से दाएँ**

1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-5812 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5823

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5822 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# निवेश का 'गुरु मंत्र' जब लोग डर रहे हों तो आप लालची बन जाएं

● निवेश में सफलता के लिए हमेशा लक्ष्य तय कर पैसा लगाएं ● दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट का मंत्र- बाजार में जब दूसरे डरे हुए हों तो लालची बनो और जब दूसरे लालची हों तो डरो। घबराहट में अपना निवेश भुना लेने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है।

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क



दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट का एक पॉपुलर कोट है कि बाजार में जब दूसरे डरे हुए हों तो लालची बनो और जब दूसरे लालची हों तो डरो। घबराहट में अपना निवेश भुना लेने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है, जबकि निवेश बनाए रहने से टाइम और कंपाउंडिंग निवेशक के फेवर में काम करते हैं। उनका कहना है कि जब बाजार में घबराहट होती है तो हम अपनी दौलत नहीं गंवाते हैं, बल्कि जब हम घबराते हैं तो हम अपने पैसों का नुकसान कर लेते हैं। तो क्या मौजूदा बाजार की गिरावट में भी दिग्गज निवेशक का ये मंत्र लंबी अवधि में सफलता का राज बन सकता है। अगर हम बाजार की हिस्ट्री में बड़ी गिरावट और उसके बाद रिकवरी के आंकड़े देखें तो यह बात समझ में आ सकती है।

### निवेश बनाए रखना जरूरी

जानकारों का कहना है कि फंड हाउस की एक स्टडी के अनुसार पिछले 2 दशक में, ऐसे 13 मौके आए, जब एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स ने 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की। इनमें से 11 मौकों पर, इंडेक्स ने एक साल बाद पॉजिटिव रिटर्न दिया। इनमें से 9 मौकों पर रिटर्न डबल डिजिट में था, जबकि एवरेज रिटर्न 21 फीसदी रहा। अगर आप 10 फीसदी की गिरावट के बाद भी निवेश के लिए 3 साल तक समय-सीमा बढ़ाते हैं, तो निगेटिव रिटर्न का एक भी उदाहरण नहीं है। रिसर्च के अनुसार 18 अप्रैल 2005 से 18 अप्रैल 2006 के बीच बाजार में 80 फीसदी से ज्यादा बढ़त रही।

15 सितंबर 2008 से 15 सितंबर 2009 तक बाजार में 20 फीसदी तेजी आई। 8 मई 2012 से 8 मई 2013 के बीच बाजार में 21 फीसदी तेजी रही। 17 नवंबर 2016 से 17 नवंबर 2017 के बीच बाजार में 27 फीसदी तेजी रही। 23 मार्च 2018 से 23 मार्च 2019 के बीच 15 फीसदी तेजी रही, जबकि इन सभी साल के पहले तक बाजार में करेक्शन का दौर चला था। तो यह डाटा तो वॉरेन बफेट के प्रसिद्ध कोट को सही साबित करता है।

### एसआईपी बनाए रखने का फायदा

घबराहट की स्थिति में कई बार निवेशक घबराकर जल्दबाजी में फैसले लेने लगते हैं। जैसे पहले से चल रहे एसआईपी को बंद कर देना या टारगेट पूरा हुए बिना निवेश को भुना लेना, लेकिन वास्तव में ये कदम फाइनेंशियल हेल्थ के लिए नुकसानदायक है। एसआईपी के पीछे मूल उद्देश्य रूपी कास्ट एवरेजिंग है। जब आप लोअर मार्केट लेवल पर एसआईपी जारी रखते हैं, तो आप अपने समान मंथली निवेश की राशि से अधिक यूनिट खरीद सकते हैं, क्योंकि नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) कम होती है। यह रणनीति सुनिश्चित करती है कि जब बाजार में रिकवरी आती है, तो इन बढ़ी हुई यूनिट पर आपको ज्यादा लाभ होता है।

### बाजार में उतार-चढ़ाव से कैसे निपटें

हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव टेंशन बढ़ाने वाला हो सकता है, लेकिन यह लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए अपने पोर्टफोलियो का फिर से मूल्यांकन करने का एक सुनहरा अवसर पेश करता है। इस डर का उपयोग प्रोडक्टिवली यह मूल्यांकन करने के लिए करें कि आपका वर्तमान एसेट एलोकेशन आपकी जोखिम लेने की क्षमता के अनुरूप है या नहीं। अक्सर, बुल मार्केट यानी तेजी वाले बाजारों में निवेशक दूसरों को फॉलो करते हुए या हाल ही में टॉप प्रदर्शन करने वाली कैटेगरी को देखकर निवेश करते है, लेकिन हर निवेशक की जोखिम लेने की क्षमता, लिक्विडिटी की जरूरतें और टाइम लिमिट अलग-अलग होती है। बाजार में करेक्शन एक चेतावनी के रूप में काम करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसी का पोर्टफोलियो उसके अपने लक्ष्य, जोखिम लेने की क्षमता और लिक्विडिटी की जरूरतों को पूरा करने के लिए सही तरीके से तैयार किया है।

●
**बाजार में उतार-चढ़ाव टेंशन बढ़ाने वाला हो सकता है लेकिन घबराएं नहीं**
●
**यह लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए पोर्टफोलियो का मूल्यांकन करने का अहम समय**

### एसेट एलोकेशन स्ट्रैटेजी

- **लार्ज और मिडकैप फंड/ ल्टीकैप फंड/फ्लेक्सीकैप फंड** : उन निवेशकों के लिए जो लंबी अवधि में अपनी दौलत में इजाफा करना चाहते हैं और इक्विटी मार्केट में उतार-चढ़ाव को झेलने की क्षमता रखते हैं, ये फंड कैटेगरी अच्छे विकल्प होंगे। क्योंकि इनमें मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से पोर्टफोलियो मिक्स होता है, जो मार्केट के किसी खास सेगमेंट में तेज उतार-चढ़ाव के असर को कम करता है।
- **हाइब्रिड इक्विटी स्कीम/ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड** : ये योजनाएं निश्चित रूप से ऐसे निवेशकों के लिए सावधानी से विचार करने योग्य हैं, जिन्हें हाल ही में 10 फीसदी की गिरावट ने यह अहसास जगा दिया है कि इक्विटी निवेश में अप-डाउन हो सकता है, लेकिन जो अभी भी भारत में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले लॉन्ग टर्म एसेट क्लास के रूप में अपने स्टेटस के लिए इक्विटी होल्डिंग चाहते हैं।
- **मल्टी-एलोकेशन फंड** : जो निवेशक इसमें विश्वास करते हैं कि इक्विटी की एक ही कैटेगरी में निवेश करना समझदारी नहीं है, उनके लिए एक दूसरे से लो को-रिलेशन वाले मल्टी एसेट क्लास का मिक्स एक पसंदीदा विकल्प हो सकता है।
- (**डिस्क्लेमर** : इस आर्टिकल का उद्देश्य सिर्फ जानकारी प्रदान करना है। यह किसी भी तरह से निवेश की सलाह नहीं है। बाजार में जोखिम होता है, इसलिए यह सलाह दी जाती है कि निवेश का कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने स्तर पर फाइनेंशियल एडवाइजस से परामर्श जरूर कर लें।)




# एसआईपी से दूर जा रहे निवेशक गिरते बाजार में संभलकर उठाएं कदम

मोहभंग
बिजनेस डेस्क

बाजार में म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश करना एक बढ़िया तरीका माना जाता है। काफी निवेशकों ने इस तरह से बड़ा फंड भी बनाया है। एसआईपी के जरिए हर महीने एक तय रकम निवेश करने पर करोड़पति बनना काफी आसान होता है। लेकिन लगता है कि इस स्कीम को किसी की नजर लग गई है। शेयर बाजार में पिछले कई महीने से भारी गिरावट देखी जा रही है। बाजार में बिकवाली (बिक्री) की आंधी का असर म्यूचुअल फंड निवेशकों पर भी पड़ रहा है। फरवरी में म्यूचुअल फंड में निवेश काफी गिर गया है। इसमें अभी भी गिरावट का दौर लगातार जारी है। ऐसे में निवेशकों को चाहिए कि लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाएं रखें और बाजार की गिरावट से डरकर न भागें। पहले भी देखा गया है कि लंबी अवधि में एसआईपी ने अच्छा फायदा दिया है। इसलिए एसआईपी में निवेश बनाए रखें।

### कम समय में ज्यादा रिटर्न

बाजार में उतार-चढ़ाव चलते रहते हैं। ऐसे में एसआईपी यानी सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान फायदेमंद माना जाता है। एसआईपी के जरिए आप हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करते हैं। बाजार ऊपर हो या नीचे, आपका निवेश चलता रहता है। इससे आपको औसतन कम कीमत पर ज्यादा यूनिट्स मिलती हैं। लंबे समय में इससे अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाती है। लेकिन पिछले कुछ समय से तस्वीर कुछ बदल रही है।

### फरवरी में कितनी आई गिरावट?

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में स्मॉलकैप और मिडकैप योजनाओं में निवेश घटने से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में 26%गिरकर 29,303 करोड़ रुपए रह गया, जबकि जनवरी 2025 में यह आंकड़ा 39,687 करोड़ रुपए था। डेट म्यूचुअल फंड में 6,525 करोड़ रुपए का रेकॉर्ड आउटफ्लो (निकासी) देखने को मिला, जबकि जनवरी में इसका टोटल इन्फ्लो (निवेश) 1.28 लाख करोड़ रुपए था।

### लोगों की संख्या में आई कमी

फरवरी में सेंसेक्स और निफ्टी लगातार पांचवें महीने लाल निशान में बंद हुए और यह साल 1996 के बाद से सबसे बड़ी गिरावट रही। म्यूचुअल फंड में मिलने वाले रिटर्न पर मार्केट की गिरावट का असर पड़ता है। फरवरी में म्यूचुअल फंड एसआईपी के जरिए पैसा लगाने वालों की संख्या कम हुई है। फरवरी में एसआईपी के जरिए 25,999 करोड़ रुपए आए। यह पिछले तीन महीनों में सबसे कम है। जनवरी के मुकाबले इसमें 2% की गिरावट आई है।

### क्या कहते हैं जानकार?

जानकारों के मुताबिक मार्केट गिरे और निवेश की वैल्यू कम होने लगे तो घबराना नहीं चाहिए। काफी लोग इस गिरावट के कारण म्यूचुअल फंड से निकल जाते हैं और नुकसान कर बैठते हैं। अगर म्यूचुअल फंड की कीमत कम हो रही है तो ज्यादा यूनिट्स खरीदना शुरू कर दें। मार्केट जब बढ़ेगी तो आपका पैसा तेजी से बढ़ेगा। हालांकि पूरी रिसर्च करने और एक्सपर्ट से जानकारी लेने के बाद ही निवेश करें।

●
**एसआईपी के जरिए निवेश करके बड़ा फंड हो सकता है तैयार**
●
**लॉन्ग टर्म में इनमें अच्छा रिटर्न मिलने की पूरी उम्मीद होती है**
●
**थोड़ी-थोड़ी रकम निवेश करके करोड़पति बन सकते हैं**
●
**अभी शेयर मार्केट में गिरावट है। तो निवेशक एसआईपी से भी दूरी बना रहे**
●
**लेकिन लंबे समय के लिए निवेश का यह एक बेहरीन विकल्प**

### लंबे समय के लिए टिकें

म्यूचुअल फंड में लॉन्ग टर्म निवेश की सलाह दी जाती है। यहां लॉन्ग टर्म से मतलब कम से कम 3 साल है। अगर मार्केट में गिरावट के कारण शुरुआती कुछ महीनों में ही नुकसान दिखाई दे रहा है तो इससे घबराएं नहीं। बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान निवेशकों को अपनी लंबी अवधि की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए और अपनी एसआईपी जारी रखनी चाहिए। कोरोना के समय जब शेयर मार्केट में गिरावट आई थी तो काफी लोगों ने एसआईपी को बढ़ा दिया था। आज उनकी रकम काफी बढ़ चुकी है।

### क्या है एसआईपी

सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) म्यूच्यूअल फंड्स द्वारा प्रस्तावित एक ऐसा निवेश का जरिया है, जिसके माध्यम से एक व्यक्ति एक निर्धारित रकम, नियमित अंतराल में म्यूच्यूअल फंड्स के किसी स्कीम में – जैसे मासिक या त्रैमासिक, बजाय एक मुश्त रकम की अदायगी के, निवेश कर सकता है। यह किश्त 100 रुपए प्रति माह की मामूली रकम भी हो सकती है जो बहुत कुछ रेकरिंग डिपाजिट (आवर्ती जमा) से मिलती-जुलती है। ये इसलिए भी आसान है, क्योंकि आप अपने बैंक को ये स्थाई अनुदेश दे सकते हैं कि आपके खाते से ये रकम हर माह डेबिट (निकासी) होता रहे। एसआईपी भारतीय म्यूच्यूअल फंड्स निवेशकों के बीच काफी लोकप्रिय हो चला है, इसलिए कि ये निवेशक को बाजारों के उथल-पुथल और समय गणना की चिंता से अलग रख एक अनुशासित तरीके से निवेश में सहायता करता है। लम्बी अवधि के निवेश के लिए म्यूच्यूअल फंड्स द्वारा प्रस्तावित एसआईपी निवेश की दुनिया में क़दम रखने का यकीनन सबसे बढ़िया रास्ता हैं। निवेश से सर्वाधिक और श्रेष्ठ प्राप्ति के लिए, बेहद ज़रूरी है लम्बी अवधि के लिए निवेश हो, जिसका सीधा अर्थ यह कि आप जल्द से जल्द निवेश आरम्भ करें, ताकि आपके लक्ष्य लाभ अधिकतम हों।

# पोस्ट ऑफिस की स्कीम भी दे रही अच्छा मुनाफा, कर सकते हैं निवेश

*टीडी स्कीम बैंकों की एफडी की तरह देती है आकर्षक ब्याज, इस योजना में निवेश कर युवा भी अपनी झोली भर रहे, पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई खोल सकता है खाता, निवेशकों को 6.9 फीसदी से लेकर 7.5 फीसदी तक ब्याज मिलता है*

एफडी
बिजनेस डेस्क

भारतीय डाक विभाग की टाइम डिपॉजिट (टीडी) स्कीम निवेशकों के लिए एक सुरक्षित और लाभदायक विकल्प बनकर उभरी है। यह स्कीम बैंकों की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की तरह ही काम करती है, लेकिन इसमें ब्याज दरें अधिक आकर्षक हैं। पोस्ट ऑफिस की यह डिपॉजिट स्कीम लोगों को मालामाल कर रही है। इस योजना में निवेश कर युवा भी अपनी झोली भर रहे हैं। पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई भी व्यक्ति खाता खोल सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ-साथ जॉइंट अकाउंट भी खोला जा सकता है। जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 3 लोगों के नाम जोड़े जा सकते हैं। इसमें निवेश कर कोई भी आसानी से अपनी बचत को बढ़ा सकता है। टीडी स्कीम में निवेशकों को 6.9 फीसदी से लेकर 7.5 फीसदी तक का ब्याज मिलता है, जो इसे बैंकों की एफडी से बेहतर बनाता है. इस स्कीम में निवेश किया गया पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है, क्योंकि यह भारत सरकार के अधीन काम करता है।

### टीडी स्कीम की खास बातें

पोस्ट ऑफिस टीडी स्कीम में निवेशक 1 साल से लेकर 5 साल तक के लिए अपना पैसा जमा कर सकते हैं। इस स्कीम में न्यूनतम 1,000 से खाता खोला जा सकता है, जबकि अधिकतम जमा राशि की कोई सीमा नहीं है। टीडी खाते पर मिलने वाला ब्याज निवेश की अवधि पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, 2 साल की टीडी पर 7.0 फीसदी का ब्याज मिलता है।

### लाख जमा पर कितना ब्याज

अगर आप पोस्ट ऑफिस की 2 साल की टीडी स्कीम में 2 लाख जमा करते हैं, तो मैच्योरिटी पर आपको कुल 2,29,776 मिलेंगे। इसमें 29,776 का ब्याज शामिल होगा। यह ब्याज गारंटीड और फिक्स है, जिसमें किसी तरह का रिस्क नहीं है।

### कौन खोल सकता है खाता

पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई भी व्यक्ति खाता खोल सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ-साथ जॉइंट अकाउंट भी खोला जा सकता है। जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 3 लोगों के नाम जोड़े जा सकते हैं। यह स्कीम छोटे और बड़े निवेशकों दोनों के लिए उपयुक्त है।




### पोस्ट ऑफिस टीडी स्कीम के फायदे

- **सुरक्षित निवेश** : पोस्ट ऑफिस सरकारी संस्था है, इसलिए इसमें निवेश किया गया पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है।
- **आकर्षक ब्याज दरें:** बैंकों की तुलना में पोस्ट ऑफिस टीडी पर ब्याज दरें अधिक हैं।
- **लचीलापन:** 1 साल से लेकर 5 साल तक की अवधि चुनने की सुविधा।
- **कम निवेश** : सिर्फ 1,000 से खाता खोल सकते हैं।

### ऐसे खोलें टीडी खाता

पोस्ट ऑफिस टीडी खाता खोलने के लिए आपको नजदीकी डाकघर जाना होगा। वहां आपको आवेदन फॉर्म भरना होगा और जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। इसमें पहचान प्रमाण, पता प्रमाण और पासपोर्ट साइज फोटो की आवश्यकता होती है।

### डाकघर की ये भी बचत योजनाएं

- डाकघर बचत खाता
- 5 वर्षीय डाकघर आवर्ती जमा खाता (आर डी)
- डाकघर सावधि जमा खाता (टी डी)
- डाकघर मासिक आय योजना खाता (एम आई एस)

### वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एस सी एस एस)

- 15 वर्षीय सार्वजनिक भविष्य निधि खाता (पीपीएफ)
- सुकन्या समृद्धि खाता
- राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (एन एस सी)
- किसान विकास पत्र (के वी पी)
- महिला सम्मान बचत पत्र
- प्रधानमंत्री बाल केयर योजना, 2021
- ब्याज दर (नई)
- **डिस्क्लेमर** : (यह जानकारी सिर्फ़ सूचना के लिए है। इसे निवेश का सुझाव मानकर निवेश न करें। मार्केट में निवेश बाजार जोखिमों के अधीन होता है। निवेशक के तौर पर पैसा लगाने से पहले हमेशा एक्सपर्ट से सलाह लें।)

# टैक्स बचाने का अब आखिरी मौका, 31 मार्च से पहले अपनाएं ये ट्रिक्स




**वित्त वर्ष 2024 में 72% टैक्सपेयर्स ने नई टैक्स व्यवस्था को अपनाया**

**इस बार यह संख्या और बढ़ेगी, 12.75 लाख तक नहीं देना होता टैक्स**

सुझाव
बिजनेस डेस्क

वित्त वर्ष 2024-25 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और नया वित्त वर्ष 2025-26 शुरू होने में सिर्फ 10 दिन रह गए हैं। ऐसे में जो लोग पुरानी टैक्स व्यवस्था को चुन रहे हैं, उनके पास टैक्स बचाने के लिए अब आखिरी मौका है। हालांकि वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 24 में 72% टैक्सपेयर्स ने नई टैक्स व्यवस्था को अपनाया, और आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ सकती है। हालांकि, अभी भी कई करदाता पुरानी टैक्स व्यवस्था के जरिए टैक्स छूट के फायदे लेना पसंद करते हैं। अगर आप भी पुरानी टैक्स व्यवस्था के तहत टैक्स छूट पाना चाहते हैं, तो यह समय आपके लिए आखिरी मौका हो सकता है। सही निवेश से आप अपने टैक्स का बोझ कम कर सकते हैं।

### सेक्शन 80सीः टैक्स बचाने के लिए बेस्ट निवेश विकल्प

अगर आप इनकम टैक्स बचाना चाहते हैं, तो सेक्शन 80सी के तहत कई निवेश योजनाओं में पैसा लगाकर 1.5 लाख रुपए तक की कटौती का फायदा उठा सकते हैं। इस सेक्शन के तहत सुकन्या समृद्धि योजना, इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम, पब्लिक प्रोविडेंट फंड, कर्मचारी भविष्य निधि, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट और 5 साल की टैक्स-सेवर फिक्स्ड डिपॉजिट जैसी कई योजनाएं आती हैं। हर योजना की अपनी अलग लॉक-इन अवधि और रिटर्न दर होती है। अगर आप कम से कम लॉक-इन पीरियड में निवेश करना चाहते हैं, तो ईएलएसएस आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जिसका लॉक-इन केवल 3 साल है, लेकिन इसका रिटर्न बाजार के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। वहीं, नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में निवेश पर आपको सेवानिवृत्ति (60 वर्ष) तक इंतजार करना होता है। ईपीएफ भी सेवानिवृत्ति तक का निवेश है, लेकिन आंशिक निकासी की सुविधा इसमें दी जाती है। अगर आप गैर-बाजार जोखिम वाले निवेश चाहते हैं, तो सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसए) और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) बेहतर विकल्प हो सकते हैं। एसएसए में सालाना 8.2% और एससीएसएस में 8.2% ब्याज मिलता है। वहीं, पीपीएफ में 7.1%, एनएससी में 7.7%, और पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट में 7.5% का सालाना ब्याज मिलता है। टैक्स-सेवर बैंक एफडी का रिटर्न 6.5% से 7.5% तक होता है। यदि आप लॉन्ग-टर्म प्लानिंग कर रहे हैं, तो पीपीएफ, इपीएफ और एनपीएस बढ़िया विकल्प हो सकते हैं। वहीं, जो लोग शॉर्ट-टर्म टैक्स सेविंग और अच्छा रिटर्न चाहते हैं, वे ईएलएसएस और 5 साल की टैक्स-सेवर एफडी का चुनाव कर सकते हैं। 31 मार्च से पहले सही निवेश करके आप न सिर्फ टैक्स बचा सकते हैं, बल्कि अपनी वित्तीय सुरक्षा भी मजबूत कर सकते हैं।

### नया टैक्स बचाने से पहले मौजूदा निवेशों की करें जांच

अगर आप टैक्स बचाने के लिए नया निवेश करने की सोच रहे हैं, तो पहले यह देखें कि इसकी जरूरत है या नहीं। कई निवेश योजनाओं में लॉक-इन पीरियड होता है, यानी एक बार पैसा लगाने के बाद आप उसे तय समय से पहले नहीं निकाल सकते। सबसे पहले यह जांचें कि आपने इस साल कितना निवेश किया है। हो सकता है कि आप पहले ही धारा 80सी की सीमा पूरी कर चुके हों। ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि), जिसे आपकी सैलरी से हर महीने काटा जाता है, भी टैक्स बचत में शामिल होता है। इसी तरह, अगर आपके पास होम लोन है, तो उसका मूलधन (प्रिंसिपल) भी धारा 80सी के तहत टैक्स छूट दिला सकता है। इसलिए, नया निवेश करने से पहले अपने मौजूदा निवेशों को जरूर जांचें। हो सकता है कि ईपीएफ और होम लोन के रीपेमेंट से ही आपकी टैक्स बचत की जरूरत पूरी हो रही हो और आपको अलग से निवेश करने की जरूरत न हो।

अगर 2024 में जॉब बदली है तो फॉर्म 12 भरना जरूरी अगर आपने 2024 में नौकरी बदली है, तो फॉर्म 12बी भरना जरूरी है। यह फॉर्म आपके नए एम्प्लॉयर को आपकी पिछली सैलरी और टैक्स कटौती की जानकारी देने में मदद करता है, जिससे आपकी सैलरी से सही टैक्स कटे। अपने टैक्स रिकॉर्ड सही रखने के लिए 31 मार्च तक फॉर्म 12बी समिट करें। इससे आपका नया एम्प्लॉयर टैक्स कैलकुलेशन में गलती नहीं करेगा और सही टीडीएस कटेगा।




### सीनियर सिटीजन्स के मेडिकल खर्च पर टैक्स डिडक्शन

भारत में आयकर अधिनियम की धारा 80डी के तहत करदाता अपने और अपने परिवार के लिए चुकाए गए हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर टैक्स डिडक्शन का लाभ उठा सकते हैं। इससे उनकी टैक्स योग्य आय कम होती है और उन्हें कम टैक्स देना पड़ता है। लेकिन अगर आपने सीनियर सिटीजन्स (वरिष्ठ नागरिकों) के लिए कोई हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम नहीं भरा है, तब भी आप उनके मेडिकल खर्च पर टैक्स छूट का दावा कर सकते हैं। इस धारा के तहत, 60 साल या उससे अधिक उम्र के माता-पिता या वरिष्ठ नागरिकों के इलाज पर किए गए खर्च के लिए 50,000 रुपए तक का टैक्स डिडक्शन लिया जा सकता है। यह सुविधा उन करदाताओं के लिए फायदेमंद है, जिनके माता-पिता या अन्य वरिष्ठ परिजन बीमा कवर के बिना इलाज करवा रहे हैं। इसलिए, अगर आपके परिवार में कोई सीनियर सिटिजन बिना स्वास्थ्य बीमा के है, तो उनके मेडिकल खर्च का बिल संभालकर रखें और टैक्स बचत का लाभ उठाएं।

### कैलकुलेशन से समझें

टैक्स बचाने के लिए ईएलएसएस फायदेमंद, लेकिन निवेश पर जोखिम भी अगर आप ईएलएसएस में निवेश करते हैं, तो इससे टैक्स बचाया जा सकता है। हालांकि, इस स्कीम में निवेश करने के बाद आपका पैसा 3 साल तक लॉक रहेगा। इसके अलावा, ईएलएसएस एक जोखिम भरा निवेश भी है क्योंकि यह शेयर बाजार से जुड़ा होता है। शेयर बाजार की स्थिति अक्सर बदलती रहती है, जिससे इस स्कीम में रिटर्न का कोई निश्चित भरोसा नहीं होता। इसलिए, निवेश करने से पहले अपने वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहने की क्षमता को जरूर समझें।

**फिल्म छावा के बाद से शुरू औरंगजेब विवाद की आंच में नागपुर झुलस गया। अमूमन शांत रहने वाली संतरा नगरी में औरंगजेब की कब्र और सोशल मीडिया पर अफवाह को लेकर हुई हिंसा चिंता पैदा करती है। असदुद्दीन ओवैसी जैसे सुलझे नेता ने बयान दे दिया कि हरे कपड़े पर पवित्र कुरान शरीफ की आयतें लिखकर जलाई गई हैं। इस तरह की अफवाह फैलाने वाले कौन हो सकते हैं? नागपुर में हिंसा के दौरान भीड़ जगह-जगह उन्मादित और कुछ भी करने पर उतारू थी तो इसका कारण न सामान्य हो सकता है और न इसे तत्कालिक रूप से उत्पन्न संघर्ष मानना चाहिए। अगर पुलिस वालों से मोर्चाबंदी कर रहे हैं, उनको घायल कर रहे हैं तो इसका गहराई से विश्लेषण करना होगा। इसके पीछे कौन लोग हैं, किनकी साजिश है? यह विचार करने वाली बात है कि पूरे देश में जगह-जगह इस तरह की हिंसा के पैटर्न क्यों पैदा हो रहे हैं? इतने ईंट, पत्थर, पेट्रोल बम आदि तत्काल पैदा नहीं हो सकते। इसकी पूरी तैयारी करनी होती है। महू, संभल से लेकर नागपुर तक मोटा- मोटी एक ही तरह का पैटर्न दिखा, जिसमें हमलावर पूरी तरह तैयार थे तथा सबके पास हमले की पर्याप्त सामग्रियां थीं। इतिहासजीवी बनकर भविष्यदृष्टा नहीं बना जा सकता। औरंगजेब की कब्र, आयत अफवाह के पीछे की साजिश व राजनीति का आंकलन करता आजकल का यह अंक...**

# नागपुर हिंसा के पीछे की सोच को समझें





विश्लेषण
अवधेश कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

**नागपुर पुलिस की प्राथमिकी, अभी तक की छानबीन तथा हिंसा के पैटर्न बताते हैं कि यह त्वरित उत्तेजना और गुस्से की परिणति नहीं थी। तत्काल अगर किसी मुद्दे, विषय या बयान से उत्तेजना हो तो छिटपुट समूह निकलकर हल्की-फुल्की हिंसा कर सकता है। वीडियो फुटेज में हमलावर चेहरे ढंके हुए हैं, नकाबपोश हैं, कई के पत्थरबाजी, तोड़फोड़ करते समय चेहरे से नकाब उतार रहे हैं, फिर वे लगा रहे हैं। पेट्रोल बम तक चलने के प्रमाण हैं। आप भाजपा की आलोचना और विरोध करिए किंतु इतने बड़े साफ मन के रहते खतरे की अनदेखी कर आप कैसे तत्वों को प्रोत्साहित कर रहे हैं और इसका परिणाम क्या होगा, इस पर भी अवश्य विचार कर लीजिए।**

नागपुर के दृश्य निस्संदेह फिर देश को भयभीत कर रहे हैं। केवल तत्कालीन गुस्से में हुई त्वरित प्रतिक्रिया में इस तरह की हिसा संभव नहीं। 33 से ज्यादा पुलिसकर्मियों का घायल होना, भारी संख्या में वाहनों की तोड़फोड़ या जलाना, जगह-जगह घरों और दुकानों का क्षतिग्रस्त होना बताता है कि हमले सुनियोजित थे। विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने बयान भी दिया कि यह एक सुनियोजित हमला लगता है। नागपुर पुलिस की प्राथमिकी, अभी तक की छानबीन तथा हिंसा के पैटर्न बताते हैं कि यह त्वरित उत्तेजना और गुस्से की परिणति नहीं थी। तत्काल अगर किसी मुद्दे, विषय या बयान से उत्तेजना हो तो छिटपुट समूह निकलकर हल्की-फुल्की हिंसा कर सकता है। वीडियो फुटेज में हमलावर चेहरे ढंके हुए हैं, नकाबपोश हैं, कई के पत्थरबाजी, तोड़फोड़ करते समय चेहरे से नकाब उतार रहे हैं, फिर वे लगा रहे हैं। पेट्रोल बम तक चलने के प्रमाण हैं। वैसे भी इतने व्यापक क्षेत्र में बगैर पूर्व योजना और षड्यंत्र के वैसी हिंसा संभव ही नहीं है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक नागपुर हिंसा मामले में 13 प्राथमिकी दर्ज हो चुकी हैं तथा 100 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी भी।

## औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए विरोध

संक्षेप में घटनाक्रम को देखिए। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने 17 मार्च को औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया और छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर प्रतीकात्मक पुतला जलाया। एक तरफ यह हो रहा था और दूसरी तरफ माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के शहर अध्यक्ष फ़हीम अहमद लगभग 50-60 लोगों को लेकर गणेशपेठ पुलिस थाना पहुंचे और लिखित प्राथमिकी दर्ज कराई कि हरे कपड़े पर पवित्र कुरान की आयत लिखकर जलाया जा रहा है। इसके साथ सोशल मीडिया पर चारों तरफ इसकी अफवाह फैलाई गई कि पवित्र कुरान की आयतें जलाई गई हैं, लोगों को घर से निकलने की अपील की गई।

सोशल मीडिया पर झूठ फैलाया गया कि हिंसा में उनके दो लोगों की मृत्यु हो गई है। एक सोशल मीडिया अकाउंट बांग्लादेश से मिला है जिसमें लिखा गया कि यह छोटा दंगा था, इससे बड़ा दंगा आगे होगा। फहीम थाने से आकर 400-500 लोगों के साथ, जिनके हाथों में हथियार थे, ने छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर हथियार दिखाकर लोगों को डराना शुरू किया। पुलिस द्वारा भीड़ से वापस जाने के आग्रह को अनसुना करते हुए भड़काऊ और उकसाऊ नारे लगे। आप सोचिए, अगर कुछ निहत्थे लोग अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे हो, पुतले जल रहे हों और वहां कुल्हाड़ियों, पत्थरों, लाठी, रॉड और अन्य ऐसी सामग्रियां लेकर 400-500 लोग लहराने लगें तथा दृश्य ऐसे हों मानो अब इन पर टूट पड़ने वाले हैं तो लोगों की कैसी मनोदशा होगी। भीड़ द्वारा भालदारपुरा में पुलिस पर पत्थरों से हमले की भी घटना हुई।

## महिला पुलिस के साथ दुर्व्यवहार

सबसे शर्मनाक अंधेरे का लाभ उठाकर महिला पुलिस के साथ छेड़खानी और दुर्व्यवहार था। गीतांजलि चौक पर भीड़ ने पुलिस वाहनों पर पेट्रोल बम से हमला किया और पुलिस के दो वाहनों में आग लगा दी। गंजीपुरा में फ्लाईओवर निर्माण के लिए खड़ी दो क्रेन को पेट्रोल बम से आग लगा दी गई। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों पर पत्थरों और घातक हथियारों से हमलाकर घायल कर दिया गया। बड़ी संख्या में एक विशेष समुदाय के लोगों ने बिल्कुल आक्रामक तेवर और तैयारी में महल, कोतवाली, गणेशपेठ और चिटनिस पार्क समेत शहर के विभिन्न इलाकों में एकत्रित होकर हिंसा शुरू की। पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे गए।

## दुकानें सुबह से ही बंद क्यों रखी गईं

नागपुर के सीए रोड, भालदारपुरा, गंजी पेठ, हंसापुरी, गांधी बाग, चिटनवीस पार्क, आदि क्षेत्र में ज्यादातर दुकानें पुराने मोटरसाइकिल एवं ऑटो स्पेयर पार्ट्स की हैं। सभी दुकानें मुस्लिम समुदाय की है। सोमवार को दुकानें सुबह से ही बंद रखी गई थी। क्यों? मोबिनपुरा में 150 गाड़ियां इन्हीं लोगों की खड़ी रहती थी, वहां एक भी गाड़ी नहीं थी। क्यों? शाम की हिंसा में केवल हिंदू घर एवं दुकान ही निशाना बने। नागपुर के डीसीपी निकेतन कदम पत्थरबाजी की घटना में घायल हुए। उनका वक्तव्य देखिए, 'जिस तरह से हर तरफ से पत्थरबाजी हुई, उसमें कई अधिकारी घायल हो गए। एक घर में कुछ लोग छिपकर पत्थरबाजी कर रहे थे। टीम वहां गई तो दूसरी ओर से 100 से ज्यादा लोगों की भीड़ आई। मैंने उन्हें रोकने की कोशिश की तो एक ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कई छतों से पत्थर फेंके जा रहे थे। पत्थर छत पर कैसे पहुंचे, कुछ तो प्लानिंग थी।' भीड़ जगह-जगह उन्मादित और कुछ भी करने पर उतारू थी तो इसका कारण न सामान्य हो सकता है और न इसे तत्कालिक रूप से उत्पन्न संघर्ष मानना चाहिए। अगर पुलिस वालों से मोर्चाबंदी कर रहे हैं, उनको घायल कर रहे हैं तो इसका गहराई से विश्लेषण करना होगा।

## झूठा प्रचार कर भड़काई गई हिंसा

इस तरह की भयानक घटना को अगर हम सामान्य राजनीतिक और दलीय चश्मे से देखेंगे तो भविष्य में होने वाले भयावह परिणामों के भागीदार बनेंगे। सच को सच के रूप में समझ कर स्पष्ट नाम बोला जाए तो फिर परिणाम सतत भयावह से भयावहतम की ओर बढ़ेंगे। सामान्य सामाजिक व्यवहार की दृष्टि से देखें तो इस हिंसा का कोई कारण नहीं था।

कोई संगठन या संगठनों का समूह किसी विषय पर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहा है तो उसे मजहब विरोधी कार्रवाई मानकर हमले करने की व्याख्या कैसे की जाएगी? साफ है कि ऐसा कुछ जलाया ही नहीं गया जिसका प्रचार किया गया। असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेता ने बयान दे दिया कि हरे कपड़े पर पवित्र पाक कुरान शरीफ की आयतें लिखकर जलाई गई हैं। इस तरह के अफवाह फैलाने वाले कौन हो सकते हैं। भारी संख्या में सोशल मीडिया अकाउंट बंद किए गए और उनके आधार पर लोगों की गिरफ्तारियां हुई हैं।

## इस तरह की हिंसा के पैटर्न क्यों

मानकर चलना चाहिए कि इसकी जांच केंद्रीय एजेंसी को दी जाती है तो केंद्र दोषियों को अंतिम सीमा तक दंड दिलाएगा। केवल दंड दिलाना ही ऐसी समस्याओं के निदान का आधार नहीं हो सकता । यह विचार करने वाली बात है कि पूरे देश में जगह-जगह इस तरह की हिंसा के पैटर्न क्यों पैदा हो रहे हैं? इतने ईंट, पत्थर, पेट्रोल बम आदि तत्काल पैदा नहीं हो सकते। इसकी पूरी तैयारी करनी होती है। महू, संभल से लेकर नागपुर तक मोटा- मोटी एक ही तरह का पैटर्न देखा, जिसमें हमलावर पूरी तरह तैयार थे तथा सबके पास हमले की पर्याप्त सामग्रियां थीं। आखिर कोई समूह औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग कर रहा है तो उससे इतनी संख्या में किसी समुदाय के लोगों के अंदर गुस्सा क्यों पैदा हो गया? औरंगजेब जैसे आततायी, धर्मांध, बुरे शासक के लिए उसकी मृत्यु के 300 से ज्यादा वर्षों बाद इतने लोगों के अंदर उसे अपना या अपने इस्लाम का आदर्श मानने की इतनी संवेगी भावना कि मरने - मारने को उतारू हो जाएं, कहां से पैदा हो गई? पहले भी सोशल मीडिया पर औरंगजेब का महिमामंडन कर हिंसा फैलाने की कोशिश की गई है।

## बुरे व्यवहार की विचारधारा को व्यापक स्वीकृति

केवल औरंगजेब नहीं, उत्तर प्रदेश से महमूद गजनवी और उसके भांजे सालार मसूद तक के प्रति इतना समर्थन कैसे कि उन पर प्रश्न उठाने के विरुद्ध खुलेआम बयानबाजी और हिंसा तक की घटनाएं हो रही हैं? क्या कल कोई नादिर शाह और अहमदशाह अब्दली को भी इस्लाम का ध्वजवाहक मानकर लड़ना शुरू कर देगा? कल्पना करिए कि कोई जनरल डायर, लॉर्ड क्लाइव आदि के पक्ष में खड़ा हो तो देश उसे किस दृष्टि से दिखेगा? यही दृष्टि औरंगजेब, महमूद गजनवी, सालार मसूद गाजी जैसों के प्रति क्यों नहीं पैदा होता? यह ऐसी विचारधारा है जिसमें इस्लाम के नाम पर काफिरों या विरोधियों के विरुद्ध हर तरह के अत्याचार, उनके पवित्रतम स्थलों को ध्वस्त कर इस्लामी ढांचा खड़ा करने को सही माना जाता है। इस्लाम को उच्च तथा काफिरों या विरोधियों के साथ हर तरह के बुरे व्यवहार की विचारधारा को व्यापक स्वीकृति मिलती दिख रही है। यह चिंतनीय है, सरकार देखे।

## औरंगजेब अप्रासंगिक है और हिंसा अनुचित

यही आचरण दुनिया में आतंकवाद और अन्य प्रकार की हिंसा का कारण बना हुआ है तथा भारत विभाजन के पीछे भी यही था। इसलिए दलीय बयानबाजी द्वारा ऐसे तत्वों को परोक्ष समर्थन देना इनको हिंसा के लिए प्रोत्साहित करने के समान है जो भविष्य में सबके लिए आत्मघाती साबित होगा।

शिवसेना नेता संजय राऊत का बयान देखिए, 'नागपुर में हिंसा होने का कोई कारण नहीं है। यहीं पर आरएसएस का मुख्यालय है। यह देवेंद्र जी का निर्वाचन क्षेत्र भी है। यहां हिंसा फैलाने की हिम्मत कौन कर सकता है? हिंदुओं को डराने, अपने ही लोगों से उन पर हमला करवाने और फिर उन्हें भड़काकर दंगों में शामिल करने का यह एक नया पैटर्न है।' हिंसा कौन कर रहे थे यह साफ दिख रहा है और संजय राऊत को भाजपा और संघ ही दोषी नजर आ रहा है। इसी समय बेंगलुरु में संघ की प्रतिनिधि सभा से अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेडकर का बयान है कि औरंगजेब अप्रासंगिक है और हिंसा अनुचित।

सामना के संपादकीय में औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग करने वालों को हिंदू तालिबान कहा गया। लिखा गया कि औरंगजेब की कब्र मराठों और शिवाजी के शौर्य का प्रतीक है और उसे खत्म करने की मांग करने वाले इतिहास को समझने की कोशिश नहीं कर रहे। जब अबू आजमी ने औरंगजेब को महान शासक बताया तो अखिलेश यादव ने एक्स पर सच्चाई छुप नहीं सकती जैसे पोस्ट कर दिया। संसद के अंदर और बाहर सारा विपक्ष हमलावरों की आलोचना की जगह केवल प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार को घेरने पर लगा रहा। हमारा मानना है कि आप भाजपा की आलोचना और विरोध करिए किंतु इतने बड़े साफ मन के रहते खतरे की अनदेखी कर आप कैसे तत्वों को प्रोत्साहित कर रहे हैं और इसका परिणाम क्या होगा, इस पर भी अवश्य विचार कर लीजिए।

# भविष्यदृष्टा नहीं हो सकती इतिहासजीवी राजनीति



दो टूक
राज कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक

यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र और फिर से विश्व गुरु बनने को आतुर भारत की परिपक्वता पर सवालिया निशान भी है कि 21वीं शताब्दी में वह 17वीं शताब्दी के इतिहास का बंधक नजर आये। तात्कालिक संदर्भ 1707 में दुनिया से विदा हो चुके मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र का है, जिसे तोड़ने की मांग 21वीं शताब्दी में कुछ संगठनों का एजेंडा बन गयी है। लगभग 49 साल भारत पर शासन करने वाले औरंगजेब की क्रूरता के किस्से इतिहास में भी कम नहीं मिलते, पर उसकी कब्र से बदला लेकर गौरव बहाल करने की सोच विवादास्पद फिल्म छावा से उपजी है। विडंबना देखिए कि जवाब में औरंगजेब की महानता का बखान करने वाले भी पीछे नहीं रहना चाहते। एक आक्रांता में नायक देखने वाले या तो मानसिक विकृति से ग्रस्त हैं या किसी फिर साजिश का हिस्सा। बेशक औरंगजेब और उसकी कब्र पर विवाद नया नहीं है। ऑल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन के मुखिया, सांसद असदुद्दीन ओवेसी ही कम से कम दो बार औरंगजेब की कब्र पर फूल चढ़ाकर महाराष्ट्र में अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन अक्सर शांति, सौहार्द और विकास के लिए चर्चा में रहने वाले नागपुर को झुलसा देने वाली सांप्रदायिक हिंसा को तीली दिखाने का काम सपा नेता अबू आजमी ने किया।

## छावा का सांप्रदायिक धावा

अपनी बयानबाजी से अतीत में भी विवादों में रहे अबू आजमी ने इस बार औरंगजेब को 'अच्छा बादशाह' होने का प्रमाणपत्र देने का जिम्मा उठाया। यह बहस का विषय है कि अबू को यह मौका फिल्म छावा से औरंगजेब के विरुद्ध भड़कती भावनाओं और बयानबाजी ने दिया या उन्होंने स्वयं लपक लिया। लपकने की कला में ज्यादातर राजनेता कुशल होते हैं। आजमी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि औरंगजेब क्रूर नहीं था। औरंगजेब द्वारा मंदिर तोड़े जाने के मुद्दे पर आजमी ने कहा कि उसने कई मंदिर बनवाये भी। आजमी ने दावा किया कि औरंगजेब 'महान प्रशासक' था, जिसकी सेना में कई हिंदू कमांडर भी थे। हालांकि विवाद बढ़ते देख विधानसभा से निलंबन के बाद आजमी ने अपना बयान वापस ले लिया। अबू आजमी ने सफाई भी दी कि उन्होंने तो असम के मुख्यमंत्री द्वारा राहुल गांधी की तुलना औरंगजेब से किये जाने पर प्रतिक्रिया दी और औरंगजेब की बाबत कई इतिहासकारों द्वारा लिखी गयी बातों को ही दोहराया था। कहना मुश्किल है कि बिना विवाद के छावा बॉक्स ऑफिस पर ऐसी सफलता हासिल कर पाती। छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी महाराज पर केंद्रित छावा में औरंगजेब की क्रूरता से महाराष्ट्र के बाहर भी भावनाएं भड़कने की खबरें आयीं। इतिहास में कई तरह के संदेह और सवालों से घिरे संभाजी तो छावा से नायक बन गये, लेकिन भारत और भारतीयों के दमन और शोषण से दागदार दामनवाले औरंगजेब की खलनायकी के जख्म ताजा हो गये।

## देर से जागा पुलिस-प्रशासन

खुद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने नागपुर हिंसा के लिए छावा फिल्म को जिम्मेदार




बताया। ऐसे में मराठी साहित्यकार शिवाजी सावंत के उपन्यास छावा पर बनी इस फिल्म को भाजपा शासित राज्यों में टैक्स फ्री करने की होड़ और उसके मंसूबों पर भी सवाल उठेंगे ही। फिल्म में चित्रित औरंगजेब की क्रूरता और उसके द्वारा संभाजी महाराज की यातनापूर्ण हत्या के मद्देनजर हिंदूवादी संगठनों ने उसकी कब्र तोड़ने की मांग उठायी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय भी वहीं है। हिंसा के बाद पुलिस-प्रशासन जितना चुस्त नजर आया, अगर वैसा पहले से रहता तो नागपुर को झुलसने से बचाया जा सकता था। आम तौर पर मुगल बादशाहों की कब्र या मकबरे शानदार हैं, लेकिन औरंगजेब की कब्र अपवाद है। कहा जाता है कि खुद औरंगजेब चाहता था कि उसे आध्यात्मिक गुरु सूफी संत शेख जैनुद्दीन की दरगाह के पास ही दफना कर साधारण कब्र बनायी जाये। पहले यह मिट्टी की बनी साधारण कब्र थी, जिस पर अंग्रेज शासन के दौरान वायसराय लार्ड कर्जन ने संगमरमर और जाली लगवायी। इतिहास बताता है कि भारत में मुगल सल्तनत का सर्वाधिक विस्तार औरंगजेब के शासनकाल में ही हुआ, पर उसी के अंतिम दिनों में वह सिमटने भी लगा था। मराठा साम्राज्य का दबदबा बढ़ने लगा था। ताजा विवाद शुरू भले महाराष्ट्र से हुआ, लेकिन वहां तक सीमित नहीं रहा। आक्रांताओं का महिमा मंडन करने वालों को सबक सिखाने की धमकियां राष्ट्रव्यापी हैं। मनोविज्ञान को समझें तो इतिहास बेहद संवेदनशील जटिल चीज है। प्रतिशोध मानवीय स्वभाव है, जिसके चलते ज्यादातर विवाद और झगड़े होते हैं। इतिहासजीवी बनकर भविष्यदृष्टा भी नहीं बना जा सकता। इसलिए हमें व्यक्ति हो या राष्ट्र, सभी के जीवन में इतिहास की सही भूमिका समझनी चाहिए। निश्चय ही इतिहास से नजरें चुराकर उसे भूलना आत्मघाती भी साबित हो सकता है, लेकिन इतिहास से प्रतिशोध के बजाय सही सबक सीखने चाहिए।

## प्रतिशोध नहीं, सबक जरूरी

औरंगजेब की 300 साल पुरानी कब्र खोदने से यह ऐतिहासिक सच तो नहीं मिट जायेगा कि भारत पर लंबे समय तक मुगलों ने राज किया और उसमें भी सबसे लंबा शासनकाल औरंगजेब का रहा। कब्र तोड़ देने से औरंगजेब की क्रूरता के जख्मों का एहसास भी नहीं चला जायेगा। हां, अगर हम उन परिस्थितियों और कारणों का विश्लेषण कर सही सबक सीखें, जिनके चलते कभी सोने की चिड़िया कहा गया भारत एक-के-बाद-एक अनेक आक्रांताओं का गुलाम बना, तो शायद हमें अपना गौरव बहाल करने में मदद मिल पाये। बेशक यह कह देने जितना आसान भी नहीं है। यह तभी संभव है, जब हम बार-बार इतिहास के जख्म दिखाकर अपनी सत्ता राजनीति चमकाने के खेल के खतरों को समझें और यह काम कोई एक पक्ष नहीं कर सकता। कुछ दशकों से जिस तरह इतिहास या वर्तमान के जरिये भी सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति जोर पकड़ रही है, उसमें कई बार तो सुनियोजित मिलीभगत भी लगती है। अगर औरंगजेब के जरिये हताश असदुद्दीन ओवैसी और अबू आजमी अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं तो उसकी कब्र खोदने की बात कहने वाले भी हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की जवाबी भावनाओं के जरिये अपनी चुनावी बिसात ही बिछा रहे हैं। लगभग साढ़े तीन दशक पहले देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश से शुरू सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का खेल पूरे देश में कारगर चुनावी रणनीति बन गया है। सम्भल, बहराइच से लेकर कर्नाटक में ठेकेदारी में भी अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण तक के पीछे यही मानसिकता काम कर रही है कि विकास से ज्यादा धार्मिक भावनाएं सत्ता राजनीति में संभावनाएं बेहतर बनाती हैं। जब तक राष्ट्र हित में समाज जागरूक नहीं होगा, तब तक जीवित लोगों के बेहतर भविष्य के बजाय मुर्दा लोगों के नाम पर सत्ता राजनीति परवान चढ़ती रहेगी।

# छावा विवाद से किसका नफा या नुकसान



विमर्श
उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म 'छावा' फिल्म के चलते मुगल बादशाह औरंगजेब इन दिनों चर्चा में है। औरंगजेब भी चर्चा में तब आया, जब मुंबई के एक विधायक अबू आजमी ने उसकी प्रशंसा कर दी। इसके बाद विवाद इतना बढ़ा कि महाराष्ट्र से लेकर देश की राजनीति सुलगने लगी। वामपंथी और राष्ट्रवादीय ऐतिहासिक दृष्टि तो पहले से ही औरंगजेब को लेकर बंटी हुई है, ऐसे में राजनीति नहीं बंटती तो हैरत ही होती। राजनीति के इस बंटवारे पर निगाह जमाए बैठी भारत विरोधी ताकतों को मौका मिला और नागपुर में दंगा फैल गया। अब दंगे की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, पता चल रहा है कि औरंगजेब को लेकर जैसे-जैसे विवाद बढ़ा, धार्मिक आधार पर वैचारिक ध्रुवीकरण बढ़ा। इसने सामाजिक समरसता के पथ के नीचे जैसे बारूद बिछा दी। इस बारूद के इंतजार में बैठी भारत विरोधी ताकतों को मौका माकूल लगा और उन्होंने अफवाह की माचिस धीरे से जलाकर बारूद के ढेर पर फेंक दी। नागपुर के दंगों में बांग्लादेशी कनेक्शन के संकेत तो यही हैं।

## राष्ट्रविरोधी ताकतों को फायदा

समाजशास्त्री और चुनाव शास्त्री मानते हैं कि धार्मिक ध्रुवीकरण का फायदा राजनीति के उस हिस्से को होता है, जो मध्यमार्गी नहीं होती। उन्हें इसमें एक और तथ्य भी जोड़ देना चाहिए कि ध्रुवीकरण का फायदा राष्ट्रविरोधी ताकतों को भी मिलता है। तीन सौ साल पुराने शहर नागपुर का दंगों की आग में झुलसना तो यही बताता है। यह भी ध्यान देने की बात है कि नागपुर में अब तक कभी दंगा नहीं हुआ। बाबरी ध्वंस के बाद महाराष्ट्र के कई इलाके जब सुलग रहे थे, तब भी नागपुर शांत था। लेकिन औरंगजेब के चरित्र पर जब 'छावा' फिल्म ने सवाल उठाए तो नागपुर जल उठा। इतिहासकार अपने-अपने वैचारिक खेमे के लिहाज से अपनी सरपरस्त राजनीतिक धारा को फायदा पहुंचाने को लेकर ऐतिहासिक चरित्रों को पेश करता है। औरंगजेब के चरित्र को लेकर लिखे गए इतिहास की भी यही कहानी है।

यह बताने की जरूरत नहीं कि औरंगजेब को वामपंथी इतिहासकार महान शासक बताते रहे हैं। स्कूली पाठ्यक्रमों में औरंगजेब के बारे में पढ़ाया ही जाता रहा है कि बादशाह होने के बावजूद वह टोपी सीलकर और कुरान बेचकर अपना खर्च चलाता था। इस तथ्य को स्कूली स्तर से ही भारत की दो पीढ़ियों में इस कदर घोलकर पिला दिया गया है, उसके अन्य क्रूर कार्यों की छाप कहीं नेपथ्य में चली जाती है।

## सीएम के बयान पर भी विवाद

यह भी सच है कि उसने सल्तनत अपने नाम करने के लिए अपने ही भाई दाराशिकोह की हत्या करा दी थी, अपने ही पिता शाहजहां और माता को आगरा के किले में कैद कर रखा था। औरंगजेब के खाते में अपने शासन के दौरान हिंदुओं पर तरह-तरह के अत्याचार भी दर्ज हैं। नागपुर के दंगों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने जो कहा है, उसे लेकर भी विवाद हो रहा है। फड़णवीस ने कहा है कि छावा फिल्म को लेकर



मुस्लिम समुदाय में गुस्सा था। वैसे नागपुर में अफवाह फैलाई गई कि कुरान को जलाया जा रहा है। इसके बाद नागपुर का मुस्लिम समुदाय आक्रामक हो उठा और देखते ही देखते संतरा उत्पादन इलाके की राजधानी के रूप में विख्यात नागपुर धधक उठा। जब से शिवसेना के रास्ते बीजेपी से अलग हुए हैं, तब से उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना बीजेपी और उसके मराठी अगुआ देवेंद्र फड़णवीस पर हमले और तंज कसने का कोई मौका नहीं छोड़ती। मराठी मानुष की नजर में हिंदू हृदय सम्राट रहे बाला साहब देवरस की वैचारिक उत्तराधिकारी होने का दावा करने वाली शिवसेना के लिए देवेंद्र फड़णवीस का बयान बढ़िया अवसर लगा। उसने देवेंद्र फड़णवीस पर हमला बोल दिया। उद्धव की शिवसेना इस बहाने देवेंद्र को यह साबित करने में जुटी रही कि दरअसल वे सिर्फ हिंदुओं के वोट के लिए हिंदुत्व की राजनीति करते हैं, अलबत्ता उनका नजरिया दूसरा है। यह बात और है कि बीजेपी की ओर से शिवसेना के बयानों पर वैसी प्रतिक्रियाएं नहीं आई हैं, जैसी उसकी प्रतिक्रिया अबू आजमी के बयान के बाद आई थी, जिसमें आजमी ने औरंगजेब की प्रशंसा की थी। अगर हम मान लेते हैं कि छावा की वजह से मुस्लिम समुदाय में गुस्सा था, क्योंकि इस फिल्म में औरंगजेब के चरित्र को उनके जेहनी छवि से अलग रूप में पेश किया गया है, तो इसका मतलब यह है कि फिल्म किताब की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावी माध्यम है। यह फिल्म मराठी के मशहूर उपन्यासकार शिवाजी सावंत के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। दिलचस्प यह है कि यह उपन्यास करीब 46 साल पहले 1979 में प्रकाशित हुआ था, जिसका हिंदी समेत कई अन्य भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। छावा का मतलब बच्चा या बेटा होता है। यह उपन्यास शिवाजी के बेटे संभाजी के जीवन पर केंद्रित है। इस उपन्यास में छत्रपति संभाजी के साथ औरंगजेब के युद्ध और मराठा साम्राज्य पर औरंगजेब के अत्याचार की कहानियां हैं। फिल्म में इसे ही उभारा गया है। वैसे एक सवाल यह भी उठता है कि ऐतिहासिक चरित्रों को लेकर कोई समुदाय इस कदर क्यों खुद की भावनाओं को जोड़ लेता है? औरंगजेब के चरित्र को लेकर इतना गुस्से में भरने की जरूरत ही क्यों पड़े कि अपने आज के पड़ोसियों के साथ विवाद खड़ा करना पड़े। अगर किसी चरित्र का ऐतिहासिक स्वरूप क्रूरता से भरा है तो क्रूरता का बचाव ही क्यों करना? सवाल राजनीति से भी पूछे जा सकते हैं कि राजनीतिक लाभ-हानि के हिसाब को कब परे रखकर ऐतिहासिक चरित्रों का समग्रता से मूल्यांकन करेगी?

सवाल यह भी उठ सकता है कि क्या हम इतिहास को लेकर रोज-रोज के अपने रिश्तों को इतना बिगाड़ लेंगे कि हम वर्तमान में अपने साथियों और पड़ोसियों के साथ सुकून के साथ बैठ नहीं सकें, दो बोल बोल नहीं सकें। सवाल इतिहासकारों से भी पूछा जाना चाहिए कि वे कब अपनी वैचारिक खेमेबाजी से उठकर किसी ऐतिहासिक घटना और चरित्र का आकलन करेंगे और कब तक अपने वैचारिक आकाओं के राजनीतिक मोहरे बनते रहेंगे? दिलचस्प यह है कि छावा फिल्म के जरिए फिल्मकार की मोटी कमाई हो रही है। अब तक यह फिल्म साढ़े सात सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी थी। यानी विवादों ने फिल्म को आर्थिक फायदा खूब पहुंचाया है।

## खेमेबंदी को त्यागना जरूरी

इस पूरे विवाद में अगर नुकसान हुआ है तो सिर्फ और सिर्फ भारत के लोक का, जो लोकतंत्र का आधार है। जो आपस में ही लड़ने को उतारू है। उसे ऐतिहासिक चरित्रों को लेकर अपनी खेमेबंदी अपने वैचारिक आधारों की बुनियाद पर खड़ी करने की बजाय समग्रता में करनी होगी। अन्यथा उसकी भावनाओं के जरिए कारोबार भी होगा और राजनीति भी होती रहेगी। भारतवासियों को अपनी तकदीर खुद लिखनी होगी।

## खबर संक्षेप



### भगवान का भजन करने के लिए हुआ हमारा जन्म

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के वार्ड 1 स्थित महावीर कॉलोनी में आयोजित शिवमहापुराण में कथा व्यास आचार्य नरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कथा श्रवण कराते हुए कहा कि व्यक्ति का पूरा जीवन यह जानने में लग जाता है कि उसका जन्म क्यों हुआ? हकीकत यह है कि हमारा जन्म अपने पूर्व जन्म के प्रतिफल को पाने और भगवान का भजन करने के लिए हुआ है। यदि हमने पूर्व जन्म में अच्छे कर्म किए होंगे तो इस जन्म में प्रतिफल के रूप में हमें आनंद की प्राप्ति होगी। हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि विपरीत परिस्थिति में भगवान शिव ही तुम्हारे साथ रहेंगे। भगवान शिव को जल तो चढ़ाना, लेकिन छल कपट से मत चढ़ाना।

### बीएमओ डॉ. जीवने को नोटिस देने दिया निर्देश

**औबेदुल्लागंज।** रायसेन कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने औबेदुल्लागंज बीएमओ डॉ. अमृता जीवने को मिल रही शिकायतों और लापरवाही एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण न करने पर नोटिस जारी करने के सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि जिन बीएमओ की प्रगति ठीक नहीं है, उन्हें नोटिस जारी की जाए।

### साइबर ठग ग्रुप के सदस्य की जमानत खारिज

**भोपाल।** कमीशन पर साइबर विदेशों में बैठे हुए साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले आरोपी राजकुमार छेत्री के जमानत आवेदन को सुनवाई करने के बाद गंभीर प्रवृत्ति का अपराध होने से अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार शर्मा ने निरस्त कर दिया है। आरोपी के अधिवक्ता ने आरोपी को प्रकरण में निर्दोष बताते हुए जमानत का लाभ प्रदान करने की मांग की थी, जबकि अपर जिला लोक अभियोजक मंजू जैन सिंह ने पैरवी करते हुए आरोपी को अपराध को गंभीर प्रवृत्ति का अपराध बताते हुए उसके जमानत आवेदन को निरस्त करने की मांग की थी। फरियादिया बी शांता कुमारी ने 13 नवंबर 2024 को स्टेट साइबर क्राइम पुलिस थाना को शिकायत की थी कि आरोपियों ने स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर टिप देने के लिए फर्जी ऐप डाउनलोड कराकर खातों में 25 लाख 20 हजार रुपए जमा कराकर उनके रुपए हड़प लिए थे।

### पिस्टल से फायर करते हुआ था वीडियो वायरल, अरेस्ट

**भोपाल।** रमजान महीने के शुरुआत में चांद मुबारक का वीडियो वायरल फायरिंग के साथ करने वाले शातिर बदमाश सरोज अली को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। वायरल वीडियो में एक आरोपी पिस्टल से हवाई फायर करते हुए नजर आया था। वीडियो में ऊपर चांद मुबारक का मैसेज था। पुलिस ने वीडियो की तस्दीक की तो पता चला कि उक्त वीडियो चांदबड़ निवासी सरोज अली पिता मोहम्मद अनीस (35) का निकला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से नकली पिस्टल बरामद कर ली है। दोस्तों पर धौंस जमाने नकली पिस्टल से वीडियो बनाया था।

### उधारी के 80 हजार न लौटाने पर छात्र ने लगाई थी फांसी

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित बाणगंगा इलाके में बीटेक छात्र द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने गांव में रहने वाले रिश्तेदार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने छात्र से 80 हजार रुपए उधार लिए थे, लेकिन रुपए लौटाने के लिए तैयार था। इस लिए परेशान होकर छात्र ने फांसी लगाकर जान दी थी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 588 | 13 | 670 |
| रातः | 156 | 29 | 234 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 470 | 14 | 149 |
| रातः | 468 | 87 | 250 |

देर रात कचरे में लगी आग झाड़ियों से आसपास फैली, लोगों ने दी थी फायर ब्रिगेड को सूचना

# ईकोलॉजिकल पार्क में रात करीब एक बजे लगी आग से पेड़ पौधे झुलसे, दमकल ने पाया काबू, सुबह फिर उठता दिखा धुआं

## दमकल कर्मचारियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया था काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के लहालपुर कुम्हार मोहल्ला स्थित वन विभाग के ईकोलाजिकल पार्क में शुक्रवार-शनिवार की रात करीब एक बजे आग लग गई। आग लगने से पार्क में लगे पेड़-पौधे बुरी तरह से झुलस गए हैं। वहीं लोगों ने आग लगने की सूचना फायर कंट्रोल रूम, पुलिस को दी, लेकिन पुलिस पहले मौके पर पहुंच गई और दमकलें कुछ देर बाद आईं। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। शनिवार



सुबह भी यहां कचरे से धुआं उठता दिखाई दे रहा था। बताया जा रहा है कि आसपास के रहवासी पार्क के पास कचरा फेंकते हैं, जो कि गर्मी के दौरान आग लगने का कारण बन रहा है।

जानकारी के अनुसार लहारपुर में वन विभाग का ईकोलाजिकल पार्क करीब डेढ़ हजार हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां पर शुक्रवार-शनिवार रात करीब एक बजे धुआं उठते दिखाई दिया तो कुछ रहवासियों ने पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस की तीन गाड़ियां पहुंच गई थी, हालांकि दमकलें कुछ देर बाद आईं थी। कोलार से पहुंची दमकलों ने आग बुझाना शुरू किया तो रात करीब साढ़े तीन बजे तक आग पर काबू पाया जा सका। इसके बाद शनिवार सुबह भी कचरे से हल्का-हल्का धुआं उठता नजर आ रहा था।

**आसपास के रहवासी फेंकते हैं यहां कचरा**

प्रत्यक्षदर्शी उमाशंकर तिवारी ने बताया कि पार्क के आसपास बाग मुगालिया एक्सटेंशन, कटारा हिल्स, लहारपुर, आसाराम नगर, ग्लोबल पार्क सिटी, अमलतास अपार्टमेंट्स रामायण सिटी, विवेकानंद परिसर, गौरीशंकर, कौशल कैंपस सहित अन्य रहवासी क्षेत्र जुड़े हुए हैं। यहां के रहवासियों के द्वारा निरंतर कचरा फेंका जा रहा है। पार्क के अंदर व बाहर कचरे का ढेर लगा रहता है। इसमें आग लगने से पार्क में आग फैल गई और पेड़-पौधे झुलस गए हैं। वन विभाग और नगर निगम अधिकारियों को इसकी सूचना दी जा चुकी है, लेकिन कचरा फेंकने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**रहवासियों के साथ बातचीत करेंगे अफसर**

ईकोलाजिकल पार्क में लगी आग और कचरा फेंकने पर डीएफओ लोकप्रिय भारती व नगर निगम के अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान का कहना है कि जल्द ही वह रहवासियों से चर्चा कर समस्या का निराकरण कराएंगे।

## बरखेड़ी फाटक के पास दो, कल्याणपुर रेलवे ब्रिज के नीचे एक युवक का मिला शव

# राजधानी में अलग-अलग क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिली 3 युवकों की लाश, पुलिस जांच में जुटी

## एक किलोमीटर के दायरे में रेलवे ट्रैक पर मिले दो युवकों के शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर दो युवकों के शव बरामद किए गए। दोनों के शव एक किलोमीटर के दायरे में पड़े थे। राहगीरों की सूचना पर ऐशबाग पुलिस ने मर्ग कायम कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है। दोनों ही मृतकों की पहचान पुलिस ने कर ली है। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया।



पुलिस के अनुसार रायसेन जिले के सलामतपुर में रहने वाला अरबाज एक फैक्ट्री में काम करता था। उसके परिजन ने बताया कि गुरुवार सुबह वह घर से मंडीदीप जाने का कहकर निकला था। देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो पुलिस से संपर्क किया। शुक्रवार को भोपाल में उसका शव मिलने की जानकारी मिली, जबकि किशन केवट बिलखिरिया क्षेत्र के आदमपुर छावनी क्षेत्र में रहता था। वह शुक्रवार सुबह छह बजे घर से काम पर जाने का कहकर गया था। शुक्रवार को सुबह करीब 9 बजे दोनों के शव बरखेड़ी फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर एक किलोमीटर की दूरी पर पड़े मिले। पुलिस फिलहाल इसे हांर जांच कर रही है।

**फुलकी का ठेला लगाने वाले युवक ने फांसी लगाई**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर में फुलकी का ठेला लगाने वाले युवक ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसने मकान बनाया था और मकान के लिए लोन लिया था। लोन चुकाने को लेकर वह तनाव में रह रहा था। एएसआई राजेंद्र यादव ने बताया कि राम प्रकाश बघेल पिता गंगाराम बघेल (40) मूलतः भिंड का रहने वाला था और परिवार के साथ शिव नगर छोला में रहता था। उसने यहां मकान बना लिया था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे हैं। राम प्रकाश ने मकान में एक कमरे में शटर लगाकर दुकान बनाई थी। इसी दुकान में वह फुलकी बेचता था। शुक्रवार शाम उसने दुकान का शटर बंद किया और अंदर फांसी लगा ली। रात करीब 11 बजे तक जब शटर नहीं खुला तो पत्नी ने डायल 100 पर कॉल किया था। डायल 100 और छोला मंदिर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह से शटर खोला गया। इस दौरान राम प्रकाश फांसी के फंदे पर लटका मिला।

## एम्स की नर्सिंग ऑफिसर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित स्प्रिंग व्हेली में शनिवार सुबह एम्स के कैंसर डिपार्टमेंट की नर्सिंग ऑफिसर ने फांसी लगा ली। उसका शव बेडरूम में सिलिंग फैन पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। अंग्रेजी में लिखे इस सुसाइड नोट में नर्सिंग ऑफिसर ने लिखा है कि मैं तनाव में हूं इसलिए आत्महत्या कर रही हूं। सुसाइड नोट में किसी पर किसी तरह के आरोप नहीं लगाए हैं। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। झांसी से परिजन के पहुंचने पर रविवार को उसका पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार दीपिका साहू पिता घनश्याम दास साहू (26) सदर बाजार, झांसी की थी। स्प्रिंग व्हेली में पांचवें फ्लौर पर वह किराए के फ्लैट में रह रही थी और एम्स के कैंसर डिपार्टमेंट में नर्सिंग आफिसर थी। दीपिका के पड़ोस में अन्य स्टुडेंट रहते हैं। शनिवार सुबह से उसके फ्लैट का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों ने आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। उसके नंबर पर कॉल भी किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हो रहा था। अनहोनी की आशंका पर स्प्रिंग व्हेली के समिति को घटना की जानकारी दी गई। समिति के लोगों ने फ्लैट ऑनर को बताया और उनसे सेंट्रल लॉक की चाबी लेकर दरवाजा खोला गया। इस दौरान दीपिका का शव बेडरूम में बेड के ऊपर लगे सिलिंग फैन पर लटका हुआ मिला।

**सुसाइड नोट में लिखा, मैं तनाव में हूं इसलिए कर रही हूं आत्महत्या**

### चलती ट्रेन से गिरा यात्री, मौत

सुखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित कल्याणपुर रेलवे ब्रिज के नीचे युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह सागर जाते समय चलती ट्रेन से नीचे गिरा है। उसकी लाश रेलवे ट्रैक के बीच में मिली थी। सामने के हिस्से में गंभीर चोट और साइड से कटने के निशान है। आधार कार्ड से पुलिस ने मृतक की पहचान करते हुए शव परिजन को सौंप दिया है। थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे सूचना मिली कि कल्याणपुर ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसके पास से आधार कार्ड मिला था। आधार कार्ड से मृतक की पहचान धर्मेंद पटेल पिता गोविंद पटेल (30) सागर के रूप में की गई। आधार कार्ड से पुलिस उसके घर तक पहुंची। इसके बाद परिजन को घटना की जानकारी दी गई। पूछताछ में पता चला कि धर्मेंद्र यहां सिद्ध नगर, अयोध्या नगर में रहता था और पिता के साथ मजदूरी करता था। उसके पिता मिस्त्री थे। शुक्रवार सुबह धर्मेंद्र सागर जाने के लिए निकला था। इस दौरान चलती ट्रेन से गिर गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी निगरानीशुदा बदमाश है

# वाजपेयी नगर मल्टी में युवक से पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद पुलिस ने वाजपेयी नगर मल्टी से एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बराबर किए हैं। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई करते हुए पुलिस पिस्टल और कारतूस के बारे में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक वाजपेयी नगर मल्टी में घूम रहा है उसके पास पिस्टल है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते हुए एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसकी तलाशी लेने पर एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस मिले। आरोपी की पहचान आकाश नीलकंठ पिता कमल नीलकंठ (30) वाजपेयी नगर मल्टी के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी आकाश नीलकंठ निगरानी बदमाश है और उसके खिलाफ करीब एक दर्जन से अधिक अपराध पूर्व में दर्ज है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

*69 निवेशकों से धोखाधड़ी कर 33 लाख रुपए ठगे*

# निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले दोषियों को 5 वर्ष का कारावास

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

निवेश पर अधिक ब्याज का लालच देकर 69 निवेशकों के साथ धोखाधड़ी कर उनके 33 लाख रुपए हड़पने के मामले की आरोपी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी की अध्यक्ष पूजा शर्मा उसके पति और सोसाइटी के संचालक नवीन शर्मा निवासी सूर्यपुरम नंदनपुरा सीपरी बाजार झांसी उत्तर प्रदेश तथा सोसाइटी के एक अन्य संचालक नितिन जैन निवासी बैरागढ़ भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश अतुल सक्सेना ने शनिवार को भादंसं की धारा-420,467, 468 और 471 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष का कारावास और 55,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

**सहआरोपी दोषमुक्त**

न्यायाधीश ने सहआरोपी सुभाष देशमुख को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सुरेश मालवीय और वासुदेव गोस्वामी द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन के अनुसार वर्ष 2015 में लगभग 69 निवेशकों ने थाना टीटी नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने उनकी वर्षों की मेहनत की कमाई को निवेश पर अधिक ब्याज का लालच देकर ठग लिया है।

## शीतला सप्तमी पर मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



### महिलाओं ने परिक्रमा कर किए भजन कीर्तन, बासी भोजन का लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के वार्ड 13 स्थित खेड़ापति माता मंदिर में शीतला सप्तमी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने माता शीतला की विधि-विधान से पूजा की। महिलाओं ने मंदिर में पहुंचकर शीतला माता को बासी भोजन का भोग लगाया। इस दौरान महिलाओं ने भजन कीर्तन किए। इसके अलावा होलिका दहन वाले स्थान पर भी पहुंचकर महिलाओं ने परिक्रमा करते हुए विशेष पूजा की।

### कैब ड्राइवर ने फांसी लगाकर दे दी जान

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित गांव बर्रई में शनिवार शाम कैब ड्राइवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश रस्सी के फंदे पर पड़ोसियों ने लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसका शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रधान आरक्षक मंशाराम ने बताया कि प्रीतम लोधी पिता राजाराम लोधी (35) गांव बर्रई में रहता था और स्वयं की गाड़ी कैब में चलाता था। प्रीतम का पूर्व पत्नी से तलाक हो गया था और उसने दूसरी शादी की थी। दूसरी पत्नी से उसकी बनती नहीं थी। दो दिन पूर्व ही पत्नी से उसकी कहासुनी हुई थी। कहासुनी के बाद पत्नी नागपुर अपने मायके चली गई। यहां घर पर प्रीतम अकेला था। शनिवार शाम करीब चार बजे के पड़ोसियों ने घर ने फांसी के फंदे पर देखा था।

# चार गांजा तस्करों से 15 किलो 160 ग्राम गांजा बरामद

## गांजा ओडिशा से लाकर भोपाल में बेचने की फिराक में थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच की टीम ने चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 15 किलो 160 ग्राम गांजा जब्त किया है। तस्कर उक्त गांजा ओडिशा से भोपाल लेकर आए थे और उसे बेचने की फिराक में थे। क्राइम ब्रांच आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है।

क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एमपी नगर में यश बैंक के सामने मैदान में चार संदिग्ध युवक बैठे हैं। उनके पास मादक पदार्थ गांजा है और वह बेचने की फिराक में है। सूचना के बाद हरकत में आई क्राइम ब्रांच ने उनकी घेराबंदी करते हुए चारों संदिग्धों



को हिरासत में ले लिया। उनकी पहचान अर्जुन कुचबंदिया (19) टेकी मोहल्ला, थाना सिविल लाइन हरदा, सूरज कुचबंदिया (35) रेहटी रोड, पक्का ढाबा के पास थाना औबेदुल्लागंज, रायसेन, लक्ष्मण कुचबंदिया (25) टंकी मोहल्ला, हरदा और नर्मदा कहार उर्फ छोटे (27) पीपल चौक, औबेदुल्लागंज के रूप में की गई। तलाशी लेने पर उनके पास 15 किलो 160 ग्राम गांजा मिला। क्राइम ब्रांच पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर पता लगा रही है कि और कहां गांजा की सप्लाई की है।



### विश्व जल दिवस पर समाजसेवियों ने की तालाब की साफ-सफाई

**औबेदुल्लागंज।** विश्व जल दिवस के अवसर पर शनिवार को मप्र जन अभियान परिषद से जुड़े स्वैच्छिक संगठनों एवं मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने नवांकुर संस्था आंबेडकर बुद्धिस्ट चेरिटेबल सोसाइटी के बैनर तले नगर के हिरानिया तालाब में सफाई की।

तालाब के आपास सफाई के साथ-साथ तालाब को और सुंदर बनाने पर भी चर्चा की। क्षेत्र के सभी एनजीओ को साथ लेकर नगर परिषद एवं जन अभियान परिषद के समन्वय में तालाब के गहरीकरण एवं स्वच्छ जल को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर जन अभियान परिषद की समन्वयक सहित समाजसेवी, सीएमसीएलडीपी कोर्स से जुड़े परामर्शदाता शामिल रहे। उधर, मंडीदीप में नवांकुर संस्थाओं एवं समिति ने बेतवा नदी पर सफाई अभियान चलाया।

## आय से अधिक संपत्ति के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

ईडी ने 13 साल पुराने केस के मामले में की कार्रवाई

# इंदौर नगर निगम के पूर्व हेल्थ ऑफिसर की 1 करोड़ 31 लाख रुपए की प्रॉपर्टी कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंदौर नगर निगम में पदस्थ रहे तत्कालीन स्वास्थ्य अधिकारी राजेश कोठारी की 1 करोड़ 31 लाख रुपए की अचल संपत्तियां कुर्क कर ली हैं। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) एक्ट के तहत की गई है। ईडी की इंदौर यूनिट ने लोकायुक्त पुलिस इंदौर द्वारा वर्ष 2012 में कोठारी के ठिकानों पर मारे गए छापों के बाद दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर ये एक्शन लिया है।




लोकायुक्त पुलिस ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलने के बाद जनवरी 2012 में कोठारी के ठिकानों पर छापे मारे थे। छानबीन में सामने आया था कि 1999 से 2011 तक बतौर हेल्थ ऑफिसर नगर निगम में अपनी नौकरी के दौरान कोठारी के पास से आय से कई गुना अधिक प्रॉपर्टी और बेहिसाब आय मिली थी। ईडी की जांच में उजागर हुआ है कि राजेश कोठारी ने भ्रष्टाचार की काली कमाई खपाने के लिए अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर चल और अचल संपत्तियां खरीदने के लिए बैंक खातों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की।

**गोवा में अलफांसो आम के बागान**

इंदौर नगर निगम में पदस्थ रहे स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कोठारी की आय से कई गुना अधिक संपत्ति का खुलासा वर्ष 2012 में उस समय हुआ था, जब लोकायुक्त पुलिस ने उनके ठिकानों पर छापे मारे थे। जांच में सामने आया कि इंदौर नगर निगम के अलावा इंदौर के चिड़ियाघर में प्रभारी रहे कोठारी को 25 साल की नौकरी के दौरान लगभग 50 लाख वेतन मिला था, लेकिन उस समय उनकी संपत्ति 2 करोड़ 50 लाख और उनके परिजनों के पास लगभग 50 करोड़ की प्रॉपर्टी पाई गई थी। छापे में मिली जानकारी के बाद लोकायुक्त पुलिस के अफसर भी अचंभित रह गए थे, क्योंकि कोठारी के ठिकानों से उनके परिजनों के नाम पर इंदौर में बेहद महंगे इलाकों में रेस्टोरेंट, गोवा की राजधानी पणजी के नजदीक अलफांसो आम के बागान, अहमदाबाद में करोड़ों की प्रॉपर्टी और चार कारें मिली थीं। इस केस में लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर ही ईडी ने मामले की जांच शुरू की थी। फिलहाल ईडी ने कोठारी की जो प्रॉपर्टी अटैच की हैं, वे इंदौर में ही हैं।

# दस साल के मासूम की नहाते समय संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

## करंट लगने से मौत होने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित जाटखेड़ी में दस साल के मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह बाथरूम में नहाते समय बेसुध हो गया था। पिता उसे एम्स लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पिता बेटे का शव लेकर नर्मदापुरम अपने गांव चले गए थे। वहां अगले ही दिन उन्होंने बेटे का पीएम करवाया। प्रार्थमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसे बाथरूम में करंट लगा था।

पुलिस के अनुसार रूपेश कीर पिता कैलाश कीर (10) जाटखेड़ी में पिता के साथ रहता था। उसके पिता गोल्डन सिटी में काम करते हैं। गत 16 मार्च की सुबह वह काम पर चले गए। दोपहर करीब तीन बजे रूपेश की बुआ ने पिता को कॉल कर बताया कि रूपेश बाथरूम में बेहोश पड़ा हुआ है। वे घर पहुंचे और रूपेश को एम्स ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद रूपेश को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से पिता रूपेश को लेकर अपने गांव सांगाखेड़ी खुर्द, थाना माखननगर, जिला नर्मदपुरम ले गए। अगले ही दिन 17 मार्च को उन्होंने स्थानीय पुलिस से संपर्क किया और बेटे के पीएम कराने का आवेदन दिया। पुलिस ने बेटे का पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। वहां से मर्ग डायरी मिसरोद पुलिस को मिली थी।

# उद्यमिता, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने एसजीएसयू और आरएनटीयू के 'नवोन्मेष 2025' और 'शोध शिखर–विज्ञान पर्व 2025' के आयोजन में देशभर से जुटेंगे बुद्धिजीवी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल



उद्यमिता, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज द्वारा इनोवेशन कार्निवाल "नवोन्मेष 2025" और अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी "शोध शिखर – विज्ञान पर्व 2025" के चौथे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत एआईसी आरएनटीयू द्वारा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के सहयोग से एसजीएसयू परिसर में 25 एवं 26 मार्च को "नवोन्मेष 2025" और रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी (आरएनटीयू) द्वारा आरएनटीयू परिसर में 28 मार्च एवं 29 मार्च से "शोध शिखर – विज्ञान पर्व 2025" का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर से छात्र, प्राध्यापक, स्टार्टअप, इंडस्ट्री लीडर्स, एंटरप्रेन्योर्स, शोधार्थी, इंवेस्टर्स, नीति निर्माता एवं बुद्धिजीवी शामिल होंगे। इसके संबंध में अधिक जानकारी शनिवार को स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आरएनटीयू की प्रो. चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, अटल इंक्यूबेशन सेंटर-रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी (एआईसी-आरएनटीयू) के निदेशक श्री नितिन वत्स, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलगुरू प्रो. (डॉ.) विजय सिंह, कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा और रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी की कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी ने साझा की।

## उद्देश्यः उद्यमिता, नवाचार, तकनीकी एवं शोध को बढ़ावा देना




### छात्रों के पास 5 लाख रुपए तक के पुरस्कार जीतने का अवसर

एआईसी-आरएनटीयू के निदेशक नितिन वत्स ने बताया कि एआईसी-आरएनटीयू द्वारा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के सहयोग से फ्लैगशिप प्रोग्राम "नवोन्मेष 2025" का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उद्यमिता, नवाचार, तकनीकी एवं शोध को बढ़ावा देना है। इसके तहत स्कूल से लेकर महाविद्यालय स्तर के छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छात्रों के पास 5 लाख रुपए तक के पुरस्कार जीतने का अवसर होगा। कार्यक्रम में देश के उद्योग जगत के कई प्रतिष्ठित नाम भी शामिल होंगे जिसमें शार्क टैंक इंडिया के जज और बोट कंपनी के को-फाउंडर अमन गुप्ता और स्विगी के सीईओ रोहित कपूर महत्वपूर्ण सत्रों में शामिल होंगे और युवाओं से संवाद करेंगे। वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन कौशल मंत्री मप्र शासन श्री गौतम टेटवाल और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री श्री चेतन्य कश्यप द्वारा किया जाएगा। वहीं समापन सत्र के मुख्य अतिथियों में उच्च शिक्षा मंत्री मप्र शासन श्री इंदर सिंह परमार होंगे। उनके साथ मप्र निजी विश्वविद्यालय आयोग के अध्यक्ष डॉ. भरत भूषण मौजूद रहेंगे।

### स्टार्टअप और रचनात्मक लोगों के लिए एक प्लेटफॉर्म

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलगुरू प्रो. (डॉ.) विजय सिंह ने कहा कि नवोन्मेष 2025 न केवल विचारों का उत्सव है, बल्कि स्टार्टअप और रचनात्मक लोगों के लिए एक प्लेटफॉर्म भी है। इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएँ शामिल हैं, जो प्रतिभागियों को अपने व्यावसायिक विचारों को प्रस्तुत करने, अपनी तकनीकी क्षमता दिखाने और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए समाधान विकसित करने का मौका देती हैं। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा 6 से 12 के स्कूली छात्रों के लिए "यंग इंवेंटर्स फेयर", यूजी-पीजी छात्रों के लिए "इनोमेकर- प्रोडक्ट शोकेस", "प्लान एक्स – बिजनेस प्लान बैटल", "बाइनरी बैटल – सॉफ्टवेयर हैकाथान", रचनात्मक विज्ञापन प्रतियोगिता "एड मैड शो", "रोबो फाइट एवं रोबो रेस", "स्टार्टअप पिचिंग प्रतियोगिता – फर्स्ट चेक" और "वायरल वर्स" शामिल होंगी।

### यह रहेंगे प्रमुख अतिथि

शोध शिखर के बारे में बात करते हुए आरएनटीयू की प्रो. चांसलर की प्रो. चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने कहा कि उच्च शिक्षा और शोध किसी भी राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि की आधारशिला होते हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान अनुसंधान को प्रोत्साहित करे। इसी कड़ी में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान को बढ़ावा देने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "शोध शिखर विज्ञान पर्व 2025" के चौथे संस्करण का आयोजन 28-29 मार्च 2025 को किया जा रहा है। यह आयोजन शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और छात्रों को अपने अनुसंधान प्रस्तुत करने के साथ नवाचार, विज्ञान संचार और सतत विकास पर केंद्रित विचारों के आदान प्रदान को भी प्रोत्साहित करेगा। साथ ही इसमें इंडस्ट्री एकेडमिक कॉलेब्रेशन को प्रोत्साहित करने के लिए अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उद्घाटन सत्र के प्रमुख अतिथियों में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोरंजन मोहंती, नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट नई दिल्ली की महानिदेशक डॉ. तृप्ता ठाकुर, सीएसआईआर-निस्पर नई दिल्ली की निदेशक डॉ. रंजन अग्रवाल, एनआईएफ अहमदाबाद के डायरेक्टर डॉ. अरविंद रानाडे, डिपार्टमेंट ऑफ पी.सी.पी.एम – समंवयक एवं प्रबंधक, डीएसटी, नई दिल्ली डॉ. नम्रता पाठक और एनआरडीसी के डीजीएम डॉ. अमिताभ मिश्रा शामिल होंगे।

### विज्ञान पर्व के तहत साइंस कम्यूनिकेशन की विभिन्न थीम्स

उन्होंने "शोध शिखर विज्ञान पर्व 2025" के विषयों की जानकारी देते हुए कहा कि इसमें इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी; मॉडर्न साइंस, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड फूड सिक्योरिटी; ह्यूमेनिटीज एवं लिबरल आर्ट्स, एजुकेशन; कॉमर्स, मैनेजमेंट एंड लॉ; इंडस्ट्री एकेडमिक कॉलेब्रेशन फॉर कॉमर्शियलाइजेशन; और हॉलिस्टिक मेडिकल साइंस विषयों में प्रतिभागिता की जा सकती है। इसके अलावा विज्ञान पर्व के तहत साइंस कम्यूनिकेशन के विभिन्न थीम्स में भी हिस्सा लिया जा सकता है। सम्मेलन में प्रतिभागियों को रिसर्च प्रोजेक्ट एवं रिसर्च पेपर कैटेगरी में 2 लाख रुपए तक के पुरस्कार एवं कई अन्य अवॉर्ड जीतने का मौका मिलेगा।

### नवोन्मेष 2025 महत्वाकांक्षी उद्यमियों के लिए एक परिवर्तनकारी अनुभव होगा

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के चांसलर और आईसेक्ट समूह के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने इन पहल पर अपने विचार रखते हुए कहा कि नवोन्मेष 2025 महत्वाकांक्षी उद्यमियों के लिए एक परिवर्तनकारी अनुभव होगा। इसमें प्रतिभागियों को उद्योग विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों, निवेशकों और स्टार्टअप सलाहकारों से संपर्क करने का अवसर मिलेगा। वहीं "शोध शिखर विज्ञान पर्व 2025" शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और छात्रों को अपने अनुसंधान प्रस्तुत करने के साथ नवाचार, विज्ञान संचार और सतत विकास पर केंद्रित विचारों के आदान प्रदान को भी प्रोत्साहित करेगा। साथ ही इसमें इंडस्ट्री एकेडमिक कॉलेब्रेशन को प्रोत्साहित करने के लिए अवसर प्रदान किए जाएंगे।

---

न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, अद्वितीय वीरता और अपनों के प्रति समर्पण के धार्मिकता का शाश्वत प्रतीक

# राजा भोज और दिव्य कठपुतलियों का गूंजा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

## लिटिल बैले में नाटक सिंहासन बत्तीसी का मंचन

सिंहासन बत्तीसी का नाम सुनते ही सम्राट विक्रमादित्य की छवि उभर आती है-एक ऐसा सम्राट जिसकी न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, अद्वितीय वीरता और अपने लोगों के प्रति अथक समर्पण ने उसे धार्मिकता का शाश्वत प्रतीक बना दिया। ऐसे ही सम्राट की गाथा कहता नाटक सिंहासन बत्तीसी का मंचन शनिवार शाम लिटिल बैले में किया गया।





नाटक में दिखाया कि सिंहासन बत्तीसी के सम्राट ने इस साहस और ज्ञान से जुड़ी उनकी पौराणिक कथाओं ने पीढ़ियों को प्रेरित किया है। विक्रम और बेताल की गाथाएं और राजा भोज और दिव्य कठपुतलियों के बीच के मनमोहक संवाद, भारत की सामूहिक चेतना में गूंजते रहते हैं। उनकी महानता ऐसी थी कि देवताओं के राजा इंद्र ने उन्हें बत्तीस दिव्य मूर्तियों से सुसज्जित एक दिव्य सिंहासन भेंट किया और अगिया और बेताल को अपने दिव्य रक्षक के रूप में सौंपा। 'सिंहासन बत्तीसी' का कालातीत आकर्षण इसके गहन नैतिक और पौराणिक पाठों में निहित है, जो इसे भारतीय साहित्य का एक अमूल्य खजाना बनाता है।

तीन दिवसीय बैले नाट्य समारोह के समापन पर संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां

# परिवार के संघर्ष की गाथा कहता है नाटक

## वर दे वीणा वादिनी... से सजी संध्या

अर्घ्य कला समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह के अंतिम दिन की संध्या प्रख्यात बैलेकार रानी कमलापति सम्मान से सम्मानित राधा पिल्लई का स्वागत करने के पश्चात शुभारंभ हुआ चिल्ड्रन्स थियेटर अकादमी के कलाकारों द्वारा 'नाट्य संगीत की प्रस्तुति से। प्रस्तुति की शुरुआत जुगलबंदी से की जिसमें सारंगी, स्वर, और तबले की प्रस्तुति हुई।



उसके बाद निराला की रचना 'वर दे वीणा वादिनी' और 'कबसे मैं पथ देख रही प्रिय उसके बाद अंधेर नगरी से ले धनिया ले मेथी.... ये क्रम आगे बढ़ा तो हरिश्चंद्र तासमती का 'अब परनाम' फिर 'दूल्हा श्री रघुनाथ', राम लखन दो लड़ाके है' और अंत में दिनकर का गीत ढीली करो धनुष की डोरी से हुआ।

### दूसरी प्रस्तुति नाटक संघर्ष

अगले क्रम में नाटक संघर्ष की प्रस्तुति हुई। नाटक में कहानी उस परिवार की है जिसने पिता दिन रात नशे में रहता है। उसकी पत्नी 'गुलवंती' घर में दिए बनाती है और उन्हें ही बेचकर अपना परिवार चलाती है। उसकी सारी बेटियां है पर अर्थ के अभाव के कारण कुछ का पढ़ना छूट गया है। कहानी में छोटी बेटी अपनी माँ का हाथ बांटने के लिए अचार बनाकर बेचना शुरू करती है। उसका अचार बिकने लगता है घर में पैसे आने लगते हैं।

---

# खड़के पान बनारस वाला... ने समारोह में घोली गीत-संगीत की मिठास

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

» भोपाल हाट परिसर में हुआ किशोर अवॉर्ड समारोह का आयोजन

» शहर के फनकारों ने दी कुमार सानू के हिट गीतों की सुमधुर प्रस्तुति

धीरे-धीरे से मेरी जिंदगी में आना...नजर के सामने...बॉलीवुड प्लैबेक सिंगर कुमार सानू के कुछ इसी तरह के मधुर गीत सुनाई दिए सभागार में। मौका था शनिवार को भोपाल हाट परिसर स्थित 9 मसाला रेस्टोरेंट के हॉल में आयोजित किशोर अवॉर्ड समारोह का। किशोर कुमार को समर्पित संस्था किशोर कुमार फैंस क्लब की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में अकादमी के प्रशिक्षित कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कुमार सानू के गीतों से इस शाम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रसिद्ध गायिका संदीपा पारे को किशोर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।





**आज न छोड़ेंगे... :** गीत संगीत से सजी इस मधुर शाम में फनकारों ने एक से बढ़कर एक डूएट सॉन्ग और सोलो सॉन्ग की प्रस्तुति से समां बांध दिया। इस दौरान अजय मिश्रा ने आज न छोड़ेंगे..., खइके पान बनारस वाला..., आरके बरेले ने कहीं दूर जब दिन..., शिवा ने बड़ी मुश्किल है... जैसे गीतों से शाम को रंगीन बना दिया।

### कोई हमदम न रहा...

गीत संगीत के इस क्रम में डॉ. राजेश कुमार ने कुमार शानू के पॉपुलर गीत जब किसी की तरफ... गीत को गाकर वाहवाही पाई। इसके बाद मिहिका ने झूम झूम झूम बाबा...., गीत सुनाया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार और संदीपा ने सांवली सलोनी तेरी..., गीत की ड्यूएट प्रस्तुति दी। इसके अलावा डॉ. टीएन दुबे ने कोई हमदम न रहा..., गीत सुनाया।

---

# आसरे ने महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता पर किया कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

एसोसिएशन फॉर सस्टेनेबल रूरल एम्पावरमेंट (आसरे) ने मध्य प्रदेश में महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरुक करना और उन्हें यौन संक्रमण से सुरक्षित रहने के लिए शिक्षित करना था। कार्यशाला में महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व और सुरक्षित तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।



दीपेंद्र स्मृति व्याख्यान आयोजित

# संप्रेषण बढ़ गया है, मगर संवाद कम हो गया हैः वाजपेयी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल



चिंतक व लेखक दीपेंद्र बघेल की स्मृति में आयोजित व्याख्यान में प्रख्यात कवि और आलोचक अशोक वाजपेयी ने कहा कि हिंदी समाज कला व साहित्य से विमुख समाज में बदलता जा रहा है। आज साहित्य व कलाएं समाज का वास्तविक प्रतिपक्ष हैं। आज कला-साहित्य समाज-पोषित नहीं, बल्कि समाज-उपेक्षित है। कला-साहित्य समय को दर्ज करते हैं, वहीं समय का प्रश्नांकन भी करते हैं।

### हम विस्मृति के समय में रह रहे हैं

अशोक वाजपेयी ने 'कला, समय और समाज' विषय पर अपने उद्बोधन में कहा कि आज संप्रेषण बढ़ गया है, मगर संवाद कम हो गया है। आज लोकतंत्र में रोजाना कटौती हो रही है। हम विस्मृति और दुर्व्याख्या के समय में रह रहे हैं। आज झूठ बोलने वालों की संख्या तो बढ़ रही है, मगर उससे ज्यादा झूठ पर यकीन करने वालों की संख्या बढ़ गई है।

# फूल और गुलाल से महिला उद्यमियों ने खेली होली



**भोपाल।** भोपाल के एक निजी होटल में मध्य प्रदेश एसोसिएशन ऑफ़ विमेंन एन्टरप्रेनुएर मावे का होली सेलिब्रेशन हुआ जिसमें फूल और गुलाल से महिला उद्यमियों ने होली मनाई। 25 वर्ष से महिलाओं के लिए अवसरों का निर्माण करने वाली मावे संस्था की फाउंडर प्रेजिडेंट अर्चना भटनागर का मानना है की सशक्त महिला ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है इसके लिए उसे रोजगार से जोड़ना जरूरी है।

---

# सामुदायिक पोषण वाटिका महिलाओं की आत्मनिर्भरता और पोषण सुरक्षा की नई पहल

## राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्य प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण सुरक्षा और आजीविका सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक पोषण वाटिका पहल को व्यापक स्तर पर अपनाया जा रहा है। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित विकास भवन सभागार में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, जीआईजे और प्रदान संस्था के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें 450 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।



मैनिट में विकसित भारत 2047 के लिए जल प्रबंधन पर हुई चर्चा

# जल संरक्षण में फसल विविधिकरण, प्राकृतिक खेती और ड्रॉप मोर क्रॉप की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

जल संरक्षण वर्तमान समय में चिंता का विषय भी है और चर्चा का विषय भी, लेकिन आज अगर सबसे अधिक चिंता है तो इस बात को लेकर कि वर्ष 2047 तक जल के बेहतर संरक्षण के लिए हम जल का प्रबंधन कैसे करें। मैं जहां तक समझता हूं कि जल के संरक्षण के लिए मुख्य रूप से इंडस्ट्री, कृषि, पेयजल और पर्यावरण आदि क्षेत्रों में हम बेहतर प्रबंध के साथ जल का उपयोग करें तो निश्चित ही यह जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यह कहना है केन्द्रीय जल आयोग के मुख्य अभियंता आदित्य शर्मा का।

## ड्रॉप-मोर क्रॉप अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका



आदित्य शर्मा ने कहा कि फसल विविधिकरण और प्राकृतिक खेती, जल-संरक्षण पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। देश में ड्रॉप-मोर क्रॉप अभियान भी जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने भू-जल पुर्नभरण के लिए माइक्रो स्तर पर कार्य किए जाने को जरूरी बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभिन्न संस्थानों से आमंत्रित विशेषज्ञ, रिसर्च स्कॉलर्स और शोधार्थी शामिल हुए।

### विश्व जल दिवस पर सेमिनार का आयोजन




साधन विकास संस्थान (आरडीआई) एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के साझा समूह (यूएनजीओ) के संयुक्त तत्वाधान में विश्व जल दिवस मनाया गया। भोपाल में जल संसाधन के संरक्षण की संकल्पना को लेकर भोपाल के बांसखेडी तिराहे स्थित आरडीआई परिसर में ग्लेशियर संरक्षण की वैश्विक थीम को लेकर सेमिनार आयोजन किया गया है। इस सेमीनार में मुख्य वक्तव्य सीपीश्रीवास्तव, भरत गोसावी, अनिल तिवारी, मेजर प्रभाकर तिवारी ने आपने-अपने विचार रखें। सेमिनार से जल कार्यकर्ताओं और समाज के बीच जल संरक्षण और पर्यावरण के लिए व्यापक जागरूकता पैदा हुई। इस पर सतीश पुरोहित यूएजीओ प्रमुख भोपाल भी उपस्थित रहे।

सीएम ने कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

# दंगाइयों से करेंगे नुकसान की भरपाई, बुलडोजर चलेंगे और कुर्की भी होगी

## मुख्यमंत्री फडणवीस ने कानून व्यवस्था के संबंध में की समीक्षा बैठक

एजेंसी ▸▸ नागपुर

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शहर में कानून व्यवस्था के संबंध में नागपुर पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। नागपुर हिंसा के बाद फडणवीस ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह की वजह से हालात बिगड़े। हमने दंगाइयों की पहचान कर ली है। हम नुकसान की भरपाई उनसे ही करेंगे। जिन लोगों ने भी पुलिस को निशाना बनाया, उन उपद्रवपियों को अब परिणाम भुगतने होंगे। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसी पोस्ट करने वाले भी आरोपी ही माने जाएंगे। अब तक हम कई ऐसे पोस्ट हटा चुके हैं। हम दोषियों को नहीं बख्शेंगे।

**नागपुर हिंसा पर अब बड़े एक्शन की तैयारी**

फडणवीस ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह की वजह से हालात बिगड़े। हमने दंगाइयों की पहचान कर ली है।



### पुलिस अधिकारियों के साथ नागपुर में की घटना की समीक्षा

फडणवीस ने कहा कि मैंने पुलिस अधिकारियों के साथ नागपुर में हुई घटना की समीक्षा की। इस दौरान पूरे घटनाक्रम की समीक्षा हुई और अब तक की गई कार्रवाई की भी विस्तार से समीक्षा की गई। औरंगजेब की कब्र की प्रतिकृति को सुबह जला दिया गया था। इस पर एफआईआर दर्ज की गई थी, लेकिन इस पर कुरान की आयत लिखी होने की अफवाह फैलने के बाद लोग इकट्ठा हो गए। भीड़ ने पथराव और आगजनी की। पुलिस ने एहतियाती कार्रवाई की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दंगा करने वालों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

### पुलिसकर्मियों पर हमले बर्दाश्त नहीं करेंगे

सीएम फडणवीस ने कहा कि पुलिसकर्मियों पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला पुलिस कांस्टेबलों पर पत्थर फेंके गए। उन्होंने यह भी कहा कि छेड़छाड़ की खबरें सच नहीं हैं। फडणवीस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हाल ही में हुई हिंसा के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नागपुर यात्रा प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि नागपुर हिंसा को खुफिया एजेंसियों की विफलता कहना गलत है।

### हिंसा में पहली मौत, घायल इरफान ने तोड़ा दम

नागपुर हिंसा में घायल 38 वर्षीय इरफान अंसारी की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। नागपुर हिंसा में इरफान अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनको शहर के मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इरफान के भाई इमरान सानी ने कहा कि हमने उसे बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन हम नहीं बचा पाए, डॉक्टरों ने उसका अच्छा इलाज किया।

### बांग्लादेशी कनेक्शन भी आया सामने

साइबर सेल की चौकसी से बड़ा खुलासा हुआ है। इस हिंसा के बाद माहौल बिगाड़ने में बांग्लादेश कनेक्शन सामने आया है। पता चला जो हिंसा हुई, उसके बाद बांग्लादेश से सोशल मीडिया पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश हो रही है। वहां के एक यूजर ने दंगे को छोटा दंगा बताते हुए और बड़े दंगे कराने की धमकी दी है।

### 12 नाबालिग समेत 104 उत्पाती गिरफ्तार

अब तक 12 नाबालिगों समेत 104 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस और लोगों को गिरफ्तार करेगी। जो लोग दंगे में शामिल हैं या दंगाइयों की मदद कर रहे हैं, उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को भी सह-आरोपी बनाया जाएगा। अब तक 68 सोशल मीडिया पोस्ट की पहचान कर उन्हें हटाया गया है। उन्होंने कहा कि दंगाइयों से हिंसा में हुई नुकसान की भरपाई की जाएगी। उनकी प्रोप्र्टी भी जब्त की जाएगी। फडणवीस ने बुलडोजर एक्शन को लेकर कहा कि जहां चलाने की आवश्यकता होगी, वहां बुलडोजर चलाया जाएगा। अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दंगा करने वालों को गिरफ्तार किया जा रहा है। जो लोग दंगे में शामिल हैं या मदद कर रहे हैं, वेभी नहीं बचेंगे।

---

## खबर संक्षेप

### नवी मुंबई के शिरावने में लगी भीषण आग

**मुंबई।** नवी मुंबई के शिरावने के महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम इलाके में भीषण आग लग गई।



अधिकारी ने कहा कि औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) इलाके में लगी भीषण आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए। फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी एसएल पाटिल ने कहा कि वे जल्द आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। जल्द काबू कर लेंगे।

### पटना में हॉस्पिटल के डायरेक्टर की हत्या

**पटना।** राजधानी पटना में एशिया हॉस्पिटल की डायरेक्टर सुरभि राज को गोलियों से भून डाला गया है।



अगमकुआं थाना क्षेत्र के धनकी मोड़ के समीप संचालिका की हत्या कर दी गई। घटनास्थल से 5 खोखा बरामद हुआ है। अस्पताल के केबिन में संचालिका का शव खून से लथपथ मिला। मामले की जांच में पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

### पहाड़गंज में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 22 अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पहाड़गंज में देह व्यापार के एक बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है। यहां लड़कियों को



ऑर्डर पर होटलों में पहुंचाया जा रहा था। जोमैटो और स्विगी की तर्ज पर यह कारोबार संचालित हो रहा था। डिलीवरी बॉय स्कूटी पर लड़कियों को होटलों तक पहुंचाकर वापस लाने का काम कर रहा था। इस ऑपरेशन में 22 लड़कियां बरामद हुईं।

### हरियाणा में जजपा नेता को गोली से उड़ाया

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत में जननायक जनता पार्टी (जजपा) नेता की गोली मारकर हत्या कर दी



गई। युवा नेता रविंद्र उर्फ मीना की शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे उसी के पड़ोसी ने गोली मारकर हत्या कर दी। साथ में 2 अन्य लोगों को भी गोली मारी गई है। जांच में साली और उसके पति के बीच अनबन के कारण वारदात को अंजाम देने की बात सामने आई है।

### प्राचीन गणेश व काली मंदिर पर चला बुलडोजर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अतिक्रमण हटाने का काम भी चल रहा है। शनिवार तड़के यमुना नगर



में पुराने मंदिरों पर प्रशासन का बुलडोजर चल गया। इससे लोगों में काफी नाराजगी है। यमुना बाजार में सिंदूरी गणेश ,काली मंदिर को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। लोगों का दावा है कि इन मंदिरों का निर्माण 1902 में हुआ था। नाराज लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

---

जेएसी की बैठक में सीएम स्टालिन ने दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

# परिसीमन को स्वीकार नहीं करेगा दक्षिण भारत, हम अपना 'हक' नहीं छीनने देंगे

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

परिसीमन के मुद्दे पर शनिवार को विपक्षी पार्टियों के मुख्यमंत्रियों की चेन्नई में बैठक हुई। इस बैठक को ज्वॉइंट एक्शन कमेटी (जेएसी) नाम दिया गया। इस बैठक का आयोजन तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन ने किया। स्टालिन ने साफ किया कि वे परिसीमन के मुद्दे पर कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने बिना किसी से चर्चा के परिसीमन के मुद्दे पर कदम बढ़ाया। बस्टालिन ने कहा कि विशेषज्ञों का एक पैनल गठित किया जाना चाहिए, जो इस मुद्दे पर लड़ाई लड़ने के लिए राजनीतिक और कानूनी दोनों योजनाओं पर सुझाव दे। उन्होंने इस मुद्दे पर राजनीतिक लड़ाई के साथ-साथ कानूनी लड़ाई लड़ने का समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि हम परिसीमन के खिलाफ नहीं हैं लेकिन हम निष्पक्ष परिसीमन चाहते हैं और हमें अपने अधिकारों के लिए लगातार कोशिश करनी होगी। स्टालिन ने इस मुद्दे पर लोगों को जागरुक करने और इस लड़ाई में एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारा प्रतिनिधित्व कमजोर नहीं पड़ना चाहिए।

विपक्षी पार्टियों के मुख्यमंत्रियों की चेन्नई में बैठक हुई। इसे ज्वॉइंट एक्शन कमेटी (जेएसी) नाम दिया गया। शाह को वाजपेयी की राह पर चलने को कहा

सभी को एकजुट रहने की अपील की

एक निष्पक्ष परिसीमन की वकालत की

हमारा प्रतिनिधि कमजोर नहीं पड़ना चाहिए

### स्टालिन ने कही कानूनी लड़ाई लड़ने की बात



### हमें शाह के आश्वासन पर यकीन नहीं

इस चर्चा के बीच कि 2026 के बाद होने वाला परिसीमन दक्षिण भारतीय राज्यों को राजनीतिक रूप से कमजोर कर सकता है। स्टालिन ने स्पष्ट किया कि विपक्ष परिसीमन के खिलाफ नहीं है बल्कि एक अनुचित फॉर्मूले के खिलाफ है, जो उन राज्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। स्टालिन ने गृह मंत्री अमित शाह के इस आश्वासन पर संदेह जताया कि आगामी परिसीमन के कारण दक्षिण भारतीय राज्य संसदीय सीटें नहीं खोएंगे। उन्होंने इस टिप्पणी को अस्पष्ट बताया।

### कम से कम 8 सीटें खो जाएंगी

स्टालिन ने कहा कि मणिपुर दो साल से जल रहा है और इसके लोगों की मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है । स्टालिन ने तर्क दिया जनसंख्या के आकार के आधार पर पुनः आवंटन प्रगतिशील राज्यों के लिए सजा के समान होगा जबकि उत्तर-दक्षिण असमानताओं को गहरा करेगा। उन्होंने कहा कि अगर वे योजना के अनुसार परिसीमन करते हैं तो कम से कम 8सीटें खो जाएंगी।

### प्रस्तावित परिसीमन अस्वीकार्य : रेड्डी

तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि आज देश गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। भाजपा जनसंख्या नियंत्रण की सजा दे रही है। हम एक देश हैं और हम इसका सम्मान करते हैं। यह परिसीमन अस्वीकार्य है।

### यह जनसंख्या नियंत्रण कर रहे राज्यों के लिए गलतः नवीन

बीजद प्रमुख और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक ने कहा कि बैठक राज्यों में रहने वाले लोगों के अधिकारों और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए हो रही है। देश के विकास के लिए जनसंख्या नियंत्रण अहम है, लेकिन जनसंख्या के आधार पर परिसीमन कुछ राज्यों के प्रति गलत है।

### यह संविधान के खिलाफः विजयन

केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने कहा,लोकसभा सीटों का परिसीमन का मुद्दा हमारे सिर पर लटकती तलवार जैसा है। इसे संविधान के सिद्धांतों के खिलाफ बताया।

### 7 प्रस्ताव पारित किए

- **ट्रांसपेरेंसी की जरूरत** प्रस्ताव दिया कि लोकतंत्र को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जाने वाले किसी भी परिसीमन की प्रक्रिया को ट्रांसपेरेंट रखें।
- **संविधान संशोधन पर जोर** 1971 की जनगणना पर आधारित संसदीय क्षेत्रों की सीमा को 25 और वर्षों के लिए बढ़ाया जाना चाहिए।
- **राज्यों को सजा न दी जाए** जो राज्य जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू कर चुके हैं और जिनकी जनसंख्या का हिस्सा घट गया है, उन्हें सजा नहीं दिया जाना चाहिए।
- **संसदीय रणनीतिः** प्रतिनिधि राज्यों के सांसदों की कोर कमेटी केंद्र द्वारा किसी विपरीत परिसीमन की कोशिश के खिलाफ को-आर्डिनेट करेगी।
- **संयुक्त प्रतिनिधित्वः** कोर सांसद मौजूदा संसदीय सत्र के दौरान भारत के प्रधानमंत्री को इस संदर्भ में संयुक्त प्रतिनिधित्व पेश करेंगे।
- **विधानसभा प्रस्तावः** राज्यों की राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने राज्यों में इस मुद्दे पर उपयुक्त विधानसभा में प्रस्ताव लाने की कोशिश करेंगी। केंद्र को भेजेंगी।
- **जन जागरूकता अभियान** एक समन्वित जनमत संग्रह अपनाएगी। जन जागरूकता अभियान चलाएगी।

---

कुरुक्षेत्र 1000 कुंडी यज्ञ में बवाल

# फायरिंग में एक को लगी गोली, बाउंसरों ने 'पीटा'



### ब्राह्मणों को बासा खाना परोसने को लेकर विवाद

एजेंसी ▸▸ कुरुक्षेत्र

केशव पार्क में चल रहे 1000 कुंडीय महायज्ञ में शनिवार को खाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि ब्राह्मणों को बासी खाना परोसने को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद स्थिति बिगड़ गई। विवाद के दौरान एक सुरक्षाकर्मी ने गोली चला दी, जो आशीष तिवारी नामक ब्राह्मण को लगी। उन्हें गंभीर हालत में लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जिसके बाद ब्राह्मणों ने जमकर हंगामा किया। ऐसा कहा जा रहा है कि इसमें 23 लोग घायल हो गए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ब्राह्मणों ने बैनर होर्डिंग फाड़े

नाराज ब्राह्मण महायज्ञ स्थल से बाहर निकले और तोड़फोड़ व पथराव शुरू कर दिया। गुस्साए ब्राह्मणों ने महायज्ञ की यज्ञशाला का मुख्य द्वार तोड़ दिया। डंडे-पत्थरों से रोड पर लगे बैनर-होर्डिंग भी फाड़ दिए। फिर उन्होंने थीम पार्क के बाहर कुरुक्षेत्र-कैथल रोड पर जाम लगा दिया। वहां से गुजरने वाली गाड़ियों को जबरन रोकना शुरू कर दिया।

### बाउंसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो

इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज करके ब्राह्मणों को रोकने की कोशिश भी की, लेकिन बड़ी संख्या में ब्राह्मण सड़कों पर जमे रहे। ब्राह्मण का कहना है कि बाउंसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। फिलहाल मामला तनावपूर्ण किंतु नियंत्रण में है। आयोजकों और पुलिस प्रशासन ने मामले को शांत किया है। पुलिस प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### यज्ञ नष्ट करने की साजिशः आयोजक

इस बवाल के बाद यज्ञ आयोजक स्वामी हरिओम दास ने कहा कि हमारे ऊपर आरोप-प्रत्यारोप जो लगाते है, ठीक है, लेकिन यज्ञ को संपूर्ण करें, मेरी ये प्रबल इच्छा है। किसी भी प्रकार से कोई त्रुटि हुई होगी, उसकी जांच कर उचित दंड दिया जाए। इतने लोग हैं, अब हम हर आदमी को नहीं जानते। कौन बहरूपिया किस रूप में आकर फायरिंग करता है, मैं कैसे कहूं। कुछ षड्यंत्रकारी यज्ञ को किसी भी तरह नष्ट करना चाहते हैं।

---

विश्व जल दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा

# जल संरक्षण और इसके सतत विकास के प्रति सरकार प्रतिबद्ध

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण और सतत विकास के प्रति



सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने पानी बचाने पर जोर दिया और जल सुरक्षा के लिए चल रहे प्रयासों को उजागर किया। हर साल 22 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व जल दिवस 1993 से शुरू हुआ था। इसका उद्देश्य ताजे पानी के महत्व को उजागर करना और सतत विकास लक्ष्य 6 को पूरा करना है।

### यह जीवन का आधार और अहम संसाधन

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, विश्व जल दिवस पर हम जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराते हैं। जल ही जीवन का आधार है। जल जीवन का आधार और दुनिया का सबसे अहम संसाधन है। पीएम मोदी ने जल संकट को देश के विकास के लिए भी खतरा बताया।

---

थरूर-पांडा की सेल्फी पर सवाल

# सेम डायरेक्शन... मैं केवल भुवनेश्वर के लिए सहयात्री था

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद शशि थरूर एक बार फिर सेल्फी को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बार



सेल्फी में शशि थरूर भाजपा सांसद बैजयंत जय पांडा के साथ दिख रहे हैं। कुछ समय कांग्रेस और शशि थरूर के बीच आपसी मतभेद की खबरें हैं। थरूर की नई सेल्फी कई तरह के सवाल पूछ जरूर खड़े कर रही है। इस बार की ये सेल्फी पांडा ने साझा किया है।

### हम एक ही दिशा में यात्रा कर रहे थे

पांडा ने शुक्रवार रात फोटो शेयर किया। मेरे मित्र और सहयात्री ने मुझे यह कहने पर शरारती कहा कि हम अंततः एक ही दिशा में यात्रा कर रहे हैं। पांडा के इस पोस्ट का जवाब देते हुए थरूर ने लिखा कि यात्रा के दौरान की सेल्फी थी। मैं सिर्फ एक सहयात्री था। केवल भुवनेश्वर के लिए सहयात्री! मैं सुबह कलिंग लिटफेस्ट को संबोधित कर रहा हूं।

---

## 'डोल' उत्सव में नाचते-झूमते बच्चे



त्रिपुरा। उत्तरी त्रिपुरा जिले के धर्मनगर इलाके में शनिवार को 'डोल' उत्सव जुलूस के दौरान नृत्य करते बच्चे। इसे 'डोलो जात्रा' के नाम से भी जाना जाता है।

---

अमृत उद्यान में 'पर्पल फेस्ट' का किया गया आयोजन

# सामाजिक न्याय, गरिमा और समानता रहे अक्षुण्ण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को 'सुगम्य भारत अभियान' सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से दिव्यांग लोगों को सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जो भौतिक और डिजिटल दोनों तरह की पहुंच पर केंद्रित है। उन्होंने सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा राष्ट्रपति भवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'पर्पल फेस्ट 2025' को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय, गरिमा और समानता के भारत के संवैधानिक मूल्यों को दोहराया। इस उत्सव का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाना है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने महोत्सव का किया दौरा, संबोधन भी दिया



### सामाजिक मानव के आदर्श का पालन करें

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देवियों और सज्जनो, भारत का संविधान हमें आदर्श सामाजिक मानव प्रदान करता है। हमारे संविधान की प्रस्तावना सामाजिक न्याय, प्रतिष्ठता, क्षमता और व्यक्ति की गरिमा की बात करती है। 'सबका साथ, सबका विकास' के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर सरकार विकलांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने और उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है।

### कौशल दिखाने का अहम मंच बताया

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि करुणा, समावेशिता और सद्भावना भारतीय सभ्यता का अभिन्न अंग हैं। राष्ट्रपति भवन में दिव्यांग लोगों का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने उन्हें आश्वासन दिया कि हमारे दरवाजे हमेशा उनके लिए खुले हैं और पर्पल फेस्ट को कौशल और प्रतिभा दिखाने का एक अवसर बताया।

### सरकार दिव्यांगों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध

उन्होंने कहा कि सरकार 'सुगम्य भारत अभियान' सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से दिव्यांगों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो भौतिक और डिजिटल दोनों तरह की पहुंच पर केंद्रित है। मुझे खुशी है कि सरकार विशिष्ट विकलांगता पहचान (यूडीआईडी) कार्ड योजना के माध्यम से दिव्यांगों के लिए एक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए प्रयास कर रही है। कौशल विकास और उद्यमिता विकलांग व्यक्तियों को भारत की उभरती अर्थव्यवस्था में समान हितधारक बनने के लिए तैयार कर रहे हैं।

---

मेवाड़ का सुप्रसिद्ध कृष्णाधाम बना 'कुबेर'

# श्री सांवलिया सेठ मंदिर को मिला 29 करोड़ का चढ़ावा

एजेंसी ▸▸ मेवाड़



यहां के सुप्रसिद्ध कृष्णधाम सांवलियाजी में भगवान श्री सांवलिया सेठ के भंडार से 29 करोड़ 09 लाख 63 हजार 292 की रिकॉर्ड भेंट राशि निकली है।

प्रतिमाह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को ठाकुरजी का भंडार खोला जाता है, लेकिन इस बार गुरुवार को होलिका दहन के दिन डेढ़ महीने में खोला गया। भंडार से प्राप्त राशि की गणना गुरुवार को पहले चरण के रूप में की गई। पहले चरण में 07 करोड़ 55 लाख, दूसरे चरण में ठाकुरजी के भंडार से 04 करोड़ 97 लाख 20 हजार, तीसरे चरण की गणना में 04 करोड़ 72 लाख 75 हजार, चौथे चरण की गणना में 04 करोड़ 75 लाख 20 हजार और अंतिम पांचवें चरण की गणना में ठाकुरजी के भंडार से 02 करोड़ 44 लाख 79 हजार 700 रुपए की राशि प्राप्त हुई।

हैप्पीनेस इंडेक्स में भारत की स्थिति पर हो रहा विवाद

# गुरु रविशंकर बोले- कठघरे में ऑक्सफोर्ड सूचकांक खुशियां गरीबी से जुड़ी नहीं, भारत में हुए कई सुधार

- भारत में सामाजिक जुड़ाव बहुत ज्यादा
- भारतीय अपने संसाधनों को साझा करते हैं

*विदेशी संस्था की तरफ से जारी हालिया हैप्पीनेस इंडेक्स में भारत की स्थिति पर विवाद हो रहा है। पाकिस्तान समेत कई ऐसे देशों को भारत से बेहतर बताया गया है, जहां बीते कुछ समय से हिंसक संघर्ष जैसे हालात हैं। ऐसे में इस सूचकांक की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े रहे हैं*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

विश्व खुशहाली सूचकांक 2025 की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आध्यात्मिक गुरु और आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर ने इस संबंध में कहा कि सूचकांक में भारत को 118वें नंबर पर दिखाया गया है। जिन देशों या इलाकों में संघर्ष हो रहा है, वैसे कई क्षेत्र भारत से काफी आगे हैं। ऐसे में सूचकांक काफी हैरान करने वाला है। फिलहाल अमेरिका दौरे पर गए रविशंकर ने वाशिंगटन में कई सवालों के जवाब दिए। उन्होंने भारत के मानवीय मूल्यों, समाज में रहन-सहन और समस्याओं पर भी अपनी राय रखी।



### सूची में सबसे खुशहाल देश फिनलैंड, सबसे नीचे अफगानिस्तान

टॉप 20 में फिनलैंड, डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन, नीदरलैंड, कोस्टा रिका, नॉर्वे, इजराइल, लक्जमबर्ग, मेक्सिको ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, स्विटजरलैंड, बेल्जियम, आयरलैंड, लिथुआनिया, ऑस्ट्रिया, कनाडा, स्लोवेनिया, और चेक गणराज्य शामिल हैं। वहीं, हैप्पीनेस इंडेक्स में सबसे खराब रैंकिंग में सबसे नीचे अफगानिस्तान (नंबर 147), सिएरा लियोन (नंबर 146), लेबनान (नंबर 145), मलावी (नंबर 144) और जिम्बाब्वे (नंबर 143) खुशहाली के मामले में सबसे निचले पांच देशों में शामिल हैं।

### भारत में उल्लेखनीय सुधार हुए

श्रीश्री रविशंकर ने कहा कि संघर्ष वाले क्षेत्रों में रह रहे लोगों के बीच अधिक जुड़ाव का तर्क दिया जा रहा है, लेकिन खुशहाली सूचकांक के लिए केवल जुड़ाव ही काफी नहीं है। रविशंकर के मुताबिक आज भारत की स्थिति काफी बेहतर है। बीते एक दशक में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं।

### देश में मानवीय मूल्य बहुत ऊंचे

श्रीश्री रविशंकर ने कहा कि मैंने पूरी दुनिया की यात्रा की है और देखा है कि भारत में मानवीय मूल्य बहुत ऊंचे हैं। बात चाहे करुणा की हो, या जिस तरह से आप मेहमानों तक पहुंचना चाहते हैं, जिस तरह से लोग अपने संसाधनों को साझा करते हैं, सबकुछ अविश्वसनीय है।

### पूरा गांव मदद करता है

उन्होंने कहा कि भारत में अगर आपके परिवार के साथ कुछ होता है, तो पूरा गांव उनकी मदद करने के लिए खड़ा हो जाएगा। देश में इस तरह का सामाजिक जुड़ाव बहुत ज्यादा है। बेशक, देश में समस्याएं भी हैं, लेकिन। पिछले एक दशक में बहुत सुधार हुआ है। वास्तव में खुशी या नाखुशी गरीबी से जुड़ी नहीं है।

### भारत से ऊपर युद्धग्रस्त देश

गौरतलब है कि ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से प्रकाशित वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2025 के अनुसार, खुशहाली सिर्फ आर्थिक विकास से तय नहीं होती, बल्कि इसमें लोगों का आपसी भरोसा और सामाजिक जुड़ाव भी बड़ी भूमिका निभाते हैं। भारत 147 देशों में 118वें स्थान पर रहा, जो 2020 में 139वें स्थान से एक महत्वपूर्ण उछाल है। पाकिस्तान का 109वां स्थान है। सूची में भारत को पाकिस्तान समेत युद्धग्रस्त यूक्रेन व फिलिस्तीन से भी ज्यादा अवसादग्रस्त व असंतुष्ट बताया गया है। इस सूचकांक ने एक बार फिर इस बहस को जन्म दिया है कि क्या इस तरह के वैश्विक सूचकांक वाकई तथ्यों पर आधारित होते हैं? चौंकाने वाली बात यह भी है कि सकल खुशहाली सूचकांक का विचार देने वाला भूटान, जिसकी 2024 की रिपोर्ट में 79वीं रैंकिंग थी, इस वर्ष कोई रैंकिंग नहीं पा सका।

## खबर संक्षेप

### यूक्रेन पर रूसी हमलों में तीन लोगों की मौत



**कीव।** यूक्रेनी शहर जापोरीज्जिया पर रूस द्वारा किए गए ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी के क्षेत्रीय प्रमुख इवान फेडोरोव ने जानकारी दी कि इस हमले में आवासीय इमारतों, निजी कारों और सामाजिक अवसंरचना में आग लग गई। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने शुक्रवार रात से शनिवार सुबह के बीच 179 ड्रोन भेजे थे।

### मैकग्रेगर लड़ेंगे आयरलैंड के राष्ट्रपति का चुनाव



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के बाद अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) के जाने-माने फाइटर कॉनर मैकग्रेगर ने शुक्रवार को आयरलैंड के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। मैकग्रेगर(यूएफसी के कई बार चैंपियन भी रह चुके हैं। निजी और पेशेवर जिंदगी में लगातार विवादों का हिस्सा रहा है।

### नाइजर में जिहादी हमला, 44 की मौत



**डाकार।** अफ्रीकी देश नाइजर के पश्चिमी हिस्से में एक गांव पर जिहादी समूह द्वारा किए गए एक हमले में कम से कम 44 नागरिकों की मौत हो गई है। हमला शुक्रवार दोपहर फंबिता गांव में हुआ, जो कोकोरोउ की ग्रामीण इलाके में स्थित है और माली तथा बुर्किना फासो की सीमा के करीब है।


### हीथ्रो एयरपोर्ट से आंशिक परिचालन शुरू हुआ



**हीथ्रो।** यूरोप के सबसे व्यस्त हवाईअड्डे- हीथ्रो पर आंशिक परिचालन शुरू हो गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से शुक्रवार देर रात करीब 11.40 बजे (भारतीय समय) जारी बयान के मुताबिक, लगभग 18 घंटे तक परिचालन बाधित रहने के बाद देर रात पहले विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराने में सफलता मिली।

स्वागत से गदगद हुए पीएम लक्सन बोले

# मेरी यात्रा के दौरान और मजबूत हुई भारत व न्यूजीलैंड साझेदारी



*मुक्त व्यापार समझौते शुरू करने की घोषणा की*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा है कि उनकी हाल ही में हुई भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच साझेदारी और मजबूत हुई है। गौरतलब है कि लक्सन 16 से 20 मार्च तक भारत दौरे पर थे, जहां उन्होंने नई दिल्ली और मुंबई का दौरा किया।

भारत से लौटने के बाद लक्सन ने कहा कि भारत, जो दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, न्यूजीलैंड का एक अहम साझेदार बनता जा रहा है। इस सप्ताह मेरी यात्रा के दौरान हमारी साझेदारी और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत की। हमने व्यापारिक संबंध मजबूत करने पर सहमति जताई और व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा की। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। लक्सन ने कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ यह समझौता न्यूजीलैंड के व्यापार को नई ऊंचाई देगा।

### रक्षा समझौता भी किया

लक्सन ने आगे कहा कि व्यापार के अलावा, दोनों देशों ने रक्षा सहयोग के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। इसका मकसद समुद्री सुरक्षा और संचार मार्गों की रक्षा को मजबूत करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समुद्री सुरक्षा को लेकर नियमित बातचीत जरूरी है। बता दें, लक्सन की यह यात्रा महत्वपूर्ण थी, क्योंकि यह 2016 के बाद किसी न्यूजीलैंड पीएम की भारत की पहली यात्रा थी। उनके साथ पर्यटन मंत्री लुईस अप्स्टन, जातीय समुदाय और खेल मंत्री मार्क मिशेल, व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले और एक उच्च-स्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल था।

### कई क्षेत्रों में साझेदारी को बढ़ावा

पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि यात्रा के दौरान शिक्षा, प्रौद्योगिकी, पर्यटन, निवेश, मैन्युफैक्चरिंग, खाद्य और कृषि जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को बढ़ावा देने पर फोकस रहा। इस दौरान 33 समझौते किए गए, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यावसायिक सहयोग को दर्शाते हैं। लक्सन ने कहा कि इस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध आर्थिक और रणनीतिक रूप से और मजबूत होंगे, जिससे दोनों को लाभ मिलेगा।

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में दी जानकारी

# चीन का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं, राजनयिक स्तर पर जताया विरोध, संप्रभुता पर नहीं असर

*सीमावर्ती क्षेत्रों के आर्थिक विकास को गति दी जा रही*

*सामरिक और सुरक्षा जरूरतों को पूरा कर रहे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को संसद में बताया कि भारत को चीन के दो नए काउंटी (कस्बे) बनाने की जानकारी मिली है, जिसका कुछ हिस्सा लद्दाख में आता है। सरकार ने कहा कि इसका राजनयिक माध्यमों से 'कड़ा' विरोध दर्ज कराया गया है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि भारत सरकार ने उक्त क्षेत्र में भारतीय भू-भाग पर चीन के अवैध कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। नई काउंटी बनाए जाने से न तो इस क्षेत्र पर भारत की संप्रभुता के संबंध में हमारे दीर्घकालिक रुख पर कोई असर पड़ेगा और न ही इससे चीन के अवैध और जबरन कब्जे को वैधता मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने 'राजनयिक माध्यमों से इन घटनाक्रमों पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है।'

### सीमा के करीब बुनियादी ढांचे में तेजी से सुधार किए जा रहे



विदेश मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या सरकार को लद्दाख में भारतीय क्षेत्र को शामिल करते हुए होटन प्रांत में चीन द्वारा दो नई काउंटी बनाने के बारे में जानकारी है, यदि हां, तो सरकार ने इस मुद्दे को हल करने के लिए क्या रणनीतिक और कूटनीतिक उपाय किए हैं। इसके जवाब में विदेश राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि भारत सरकार चीन के होतान प्रांत में तथाकथित दो नई काउंटी की स्थापना से संबंधित चीन की घोषणा से अवगत है। इन तथाकथित काउंटी के अधिकार क्षेत्र के कुछ हिस्से भारत के केंद्र-शासित प्रदेश लद्दाख में आते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात से भी अवगत है कि चीन सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास कर रहा है। भारत सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार पर सावधानीपूर्वक और विशेष ध्यान दे रही है, ताकि इन क्षेत्रों के आर्थिक विकास को गति दी जा सके और साथ ही भारत की सामरिक और सुरक्षा आवश्यकताओं को भी पूरा किया जा सके।

### सड़क-पुल और सुरंगों के नेटवर्क में इजाफा

विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि पिछले दशक (2014-2024) में सीमा के पास के इलाकों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने के लिए बजट आवंटन में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि अकेले सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने पिछले दशक की तुलना में तीन गुना ज्यादा खर्च किया है। उन्होंने कहा कि सड़क नेटवर्क, पुलों और सुरंगों की संख्या में पहले की तुलना में काफी ज्यादा इजाफा हुआ है। इससे स्थानीय आबादी को कनेक्टिविटी देने और सैनिकों को बेहतर रसद पहुंचाने में मदद मिली है।

### चीन की काउंटी भारत में नगरपालिका जैसी

*लद्दाख के करीब शिनजियान में होतान इलाके में दो नई काउंटी बनाई गई हैं। चीन में काउंटी एक प्रशासनिक इकाई है। इसे 'श्येन' कहा जाता है। काउंटी नगर पालिकाओं के नीचे की इकाई है, इसे कस्बा कहा जा सकता है। किसी काउंटी में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र आ सकते हैं। चीन ने पिछले साल दिसंबर में होतान प्रांत में दो नई काउंटी हेआन और हेकांग बनाने का ऐलान किया था। तब भारत ने साफ-साफ कहा था इन काउंटियों में मौजूद कुछ इलाके भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का हिस्सा हैं और चीन का दावा पूरी तरह से अवैध है। तब चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर एक डैम बनाने की भी घोषणा की थी।*

### इस साल शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा इस साल फिर से शुरू करने पर सहमति बन गई है, लेकिन इसके तौर-तरीकों को अब भी तय किया जाना बाकी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान इस तीर्थयात्रा के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कहा यह सहमति बन गई है कि यात्रा 2025 में फिर से शुरू होगी। हालांकि, यह फिर से कैसे शुरू होगी और इसके तौर-तरीके क्या होंगे, इस पर अभी चर्चा होनी बाकी है। सरकार हर साल जून से सितंबर के बीच उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा (1981 से) और सिक्किम में नाथू ला (2015 से) के दो आधिकारिक मार्गों से कैलाश मानसरोवर यात्रा का आयोजन करती है।

दोनों देशों के बीच 13वीं एमसीजी की बैठक

# भारत-इटली के बीच रणनीतिक तथा सैन्य सहयोग को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध के मध्य भारत और इटली के बीच सैन्य सहयोग समूह (एमसीजी) की 13वीं बैठक 20 से 21 मार्च तक रोम में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच बने हुए रक्षा संबंधों की व्यापक रूप से समीक्षा की गई। साथ ही उनकी प्रगति का आकलन किया गया और भविष्य की बातचीत को अनुकूलित बनाने के विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि बैठक में द्विपक्षीय सैन्य केंद्रित सहयोग के दायरे का विस्तार करने के लिए नए रास्तों की तलाश के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया गया।



### सैन्य सहयोग समूह का महत्व

मंत्रालय के मुताबिक, बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय (आईडीएस) से उनके उप सहायक प्रमुख ने की। जबकि इटली की तरफ से बैठक में इतालवी रक्षा जनरल स्टाफ के सामरिक दिशा और सैन्य सहयोग प्रभाग के उप प्रमुख शामिल हुए। भारत और इटली सैन्य सहयोग समूह दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए एक प्रमुख संस्थागत तंत्र के रूप में कार्य करता है।

भारत-ईयू समुद्री सुरक्षा वार्ता

# वैश्विक कल्याण और सुरक्षा पर दिया जोर, बढ़ेगा समुद्री सहयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने 21 मार्च को दिल्ली में चौथी भारत-ईयू समुद्री सुरक्षा वार्ता आयोजित की। इसमें दोनों पक्षों ने समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करने और वैश्विक कल्याण के लिए सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मुआनपुई सैयावी, संयुक्त सचिव ने किया। वहीं, ईयू प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मेसिएज स्टाडेजेक, निदेशक (सुरक्षा और रक्षा नीति), यूरोपीय बाह्य कार्रवाई सेवा ने किया। बैठक में दोनों पक्षों ने समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने, अवैध समुद्री गतिविधियों (आईएमए) पर रोक लगाने और महत्वपूर्ण समुद्री बुनियादी ढांचे की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने क्षमता निर्माण और क्षेत्रीय कौशल विकास में संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

रक्षा राज्य मंत्री सेठ ने गोवा शिपयार्ड में किया युद्धपोत को लांच




# दुश्मन को चारों खाने चित करेगा 'तवास्य' युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी धर्मपत्नी नीता सेठ के साथ शनिवार को स्वदेशी रूप से गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) द्वारा निर्मित 1135.6 परियोजना के दूसरे जंगी स्टेल्थ फ्रिगेट 'तवास्य' को गोवा में लांच किया। इस दौरान आयोजित किए गए समारोह में नौसेना की पश्चिमी कमांड के प्रमुख (एफओसी-इन-सी) वाइस एडमिरल संजय.जे. सिंह और कई अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारी मौजूद रहे। नौसेना ने एक बयान में बताया कि तवास्य युद्धपोत दरअसल 1135.6 परियोजना के दो युद्धपोतों के निर्माण से जुड़ा हुआ एक फॉलो ऑन जहाज है। 25 जनवरी 2019 में इनके निर्माण के लिए रक्षा मंत्रालय और जीएसएल के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। दोनों युद्धपोत दुश्मन पर सतह से, पानी के नीचे से और हवाई क्षेत्र से हमला करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। यह देश की बढ़ती हुई रक्षा महत्वाकांक्षाओं की दिशा में लगाई गई एक बड़ी छलांग है।

### 2024 में लांच हुआ पहला युद्धपोत

नौसेना ने कहा कि परियोजना से जुड़ा पहला त्रिपुट युद्धपोत पिछले साल 23 जुलाई 2024 को लांच किया गया था। त्रिपुट और तवास्य की कुल विस्थापन क्षमता 3 हजार 600 टन है। जबकि लंबाई 124.8 मीटर, चौड़ाई 15.2 मीटर और इसका ड्रॉट 4.5 मीटर का है।

### यूं मिली भीम की गदा की संज्ञा

भीम की गदा से प्रेरित होकर युद्धपोत का नाम तवास्य रखा गया है। जो नौसेना की मजबूत शक्ति और बढ़ती ताकत का प्रतीक है। जिससे आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिलेगी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि इस युद्धपोत का लांच होना भारतीय नौसेना के एक महत्वपूर्ण क्षण है।

तेजस मार्क-1ए की प्रचंड हवाई उड़ान से गुंजायमान होगा भारत का आसमान, कांपेंगे दुश्मन

# 24 महीने की देरी के बाद एचएएल को जीई से मिलेगा पहला 'एफ-404 इंजन'!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

'देर आए दुरुस्त आए' वाली कहावत तो सभी ने सुनी है। लेकिन वर्तमान में यह भारतीय वायुसेना पर पूरी तरह से फिट बैठती हुई नजर आ रही है। क्योंकि अमेरिका की रक्षा उत्पादों के लिए इंजन बनाने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को मार्च अंत तक तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान के लिए पहले 'एफ-404' इंजन की आपूर्ति करने के लिए अपनी कमर कस ली है।

हालांकि दोनों पक्षों के बीच वर्ष 2021 में हुए 716 मिलियन डॉलर के समझौते के बाद अमेरिकी कंपनी को एचएएल को कुल 99 एफ-404 इंजनों की सप्लाई का आगाज दो साल पहले यानी 2023 में ही कर देना चाहिए था। लेकिन वैश्विक कोरोना महामारी की वजह से सप्लाई चेन में आई दिक्कतों और अन्य देशों के साथ पूर्व निर्धारित समझौतों की समयबद्ध आपूर्ति की वजह से

### जी-404 की जल्द सप्लाई शुरू की जाएगी



एचएएल को दो साल की देरी के बाद आखिरकार जनरल इलेक्ट्रिक से जी-404 की जल्द सप्लाई शुरू की जाएगी। मामले से जुड़े हुए अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचएएल को सौंपा जाने वाला यह पहला जीई-404 इंजन फिलहाल परीक्षण के स्तर पर है। मार्च के अंत तक इसकी एचएएल को डिलीवरी कर दी जाएगी।

### एचएएल से मिलेंगे 83 तेजस मार्क-1ए

*जीई से इंजन की आपूर्ति की शुरुआत होने से वायुसेना को काफी राहत मिलेगी और तेजस के उन्नत संस्करण माने जाने वाले तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान की मारक हवाई उड़ान भी संभव हो सकेगी। एचएएल को वायुसेना को कुल 83 मार्क-1ए विमान सौंपने हैं। जिनकी वायुसेना में तैनाती के साथ ही दुश्मन भारत के खिलाफ किसी तरह की गुस्ताखी करने से पहले सौ बार सोचेंगे। जीई एचएएल को मौजूदा वर्ष 2025 में दर्जनभर एफ-404 इंजन सौंप सकती है। इसके बाद समझौता पूरा होने तक 20 इंजनों की सालाना आपूर्ति की जाएगी। पहले तेजस मार्क-1ए विमान ने मार्च-2024 में अपनी पहली उड़ान भरी थी। लेकिन तब उसमें नया इंजन नहीं बल्कि रिजर्व में मौजूद पुराने इंजन का प्रयोग किया गया था।*

### निजी क्षेत्र की भागीदारी पर जोर

*उधर, रक्षा मंत्रालय ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। जिसे पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान (एफजीएफए) के लिए एक बिजनेस मॉडल प्रस्तुत करना है। यह समिति पहले से प्रस्तावित और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किए जा रहे एडवांस मल्टीरोल कॉम्बेट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर नहीं जाएगी। लेकिन एक ऐसा मॉडल जरूर तैयार करेगी जिसमें पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की भागीदारी संभव हो सकेगी। इस विचार के पीछे उद्देश्य एचएएल के अलावा देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई भावी जरूरतों को पूरा करने के लिए लड़ाकू विमानों का उत्पादन करने के लिए अन्य विकल्पों की मौजूदगी होना है। एचएएल, जीई-414 इंजन के तकनीक हस्तांतरण के जरिए देश में उत्पादन के लिए अमेरिकी कंपनी के साथ काम कर रही है। जिसमें भारत और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों द्वारा निर्धारित इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमरजिंग टेक्नोलॉजी (आईसीईटी) का अहम योगदान है। जीई-414 इंजन एएमसीए को ताकत प्रदान करेगा।*

खिताब की जंग
IPL 18







## श्रेया घोषाल के गानों का क्रेज



परफॉर्मेंस की शुरुआत श्रेसा घोषाल ने की। श्रेया घोषाल ने अपनी मधुर आवाज के साथ अपने प्रदर्शन की शुरुआत 'अमी जे तोमार' के भावपूर्ण गायन से की, जिसके बाद उन्होंने 'घूमर' और 'कर हर मैदान फतेह' सहित अन्य गीत प्रस्तुत किए। उन्होंने चुन्नी मेरी रंग दे ललारिया, मेरे यार दी गद्दी दे नाल दी गाने पर परफॉर्म किया। लेकिन पूरा स्टेडियम तब गूंज उठा जब उन्होंने हुसन तेरा-तेरा तौबा-तौबा गया और इसी समय दिशा पाटनी की भी एंट्री हुई। दोनों ने जमकर डांस किया।



## आईपीएल का रंगारंग आगाज

# 60 हजार दर्शकों में दिखा रोमांच...
## दिशा पाटनी, श्रेया घोषाल ने लूटी महफिल

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 60 हजार दर्शकों के बीच आईपीएल के 18वें सीजन की रंगारंग शुरुआत हो गई है। कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मैच से पहले ईडन गार्डन्स पर ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। मैच से पहले ओपनिंग सेरमनी में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के साथ ही बॉलीवुड के कई कलाकार नजर आए। दिशा पाटनी के डांस मूव पर फैंस क्रेजी नजर आए। दिशा पाटनी के बाद पंजाबी सिंगर करण औजला स्टेज पर पहुंचे। उन्होंने अपने गानों से धूम मचा दी। करण ने जैसे ही 'हुस्न तेरा तौबा-तौबा' गाया दर्शक झूम उठे। इसके साथ ही उन्होंने वेवी और साफ्टली भी गाया।

इसके बाद श्रेया घोषाल के बाद दिशा पाटनी स्टेज पर पहुंचीं। दिशा ने अपने शानदार डांस परफॉर्मेंस से मंच पर धूम मचा दी। टू पीस में दिखा ने अपनी फिल्मों की गानें पर जोरदार डांस किया। अपने स्टेप्स से उन्होंने फैंस का दिल जीत लिया।



### शाहरुख ने की शुरुआत

आईपीएल 2025 के ओपनिंग सेरेमनी की शुरुआत शाहरुख खान ने की। वह कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम के मालिक भी हैं। शाहरुख खान ने आईपीएल को लेकर कई प्रेरणादायक बातें कहीं। शाहरुख खुद भी पहले सीजन से आईपीएल का हिस्सा हैं। उन्होंने ही परफॉर्म करने वाले आर्टिस्ट का नाम भी अनाउंस किया।

### रिंकू-विराट का डांस

इसके बाद शाहरुख खान ने दोबारा स्टेज संभाला। उन्होंने 18 साल से लगातार एक ही टीम में खेलते आ रहे विराट कोहली को स्टेज पर बुलाया और कुछ बातें कीं। फिर शाहरुख ने अपनी ही टीम के रिंकू सिंह को बुलाया। रिंकू सिंह के साथ शाहरुख ने अपने गाने लुट-पुट गया पर परफॉर्म किया और फिर कोहली को पठान के गाने पर झूमने को मजबूर कर दिया।

### कोहली का सम्मान

फिर शाहरुख ने बीसीसीआई अधिकारियों और आईपीएल गर्वनिंग काउंसिल के अधिकारियों को स्टेज पर बुलाया। इसी के साथ सभी परफॉर्मर को भी स्टेज पर बुलाया। इसके बाद विराट का सम्मान किया गया और फिर आईपीएल ट्रॉफी लगाई गई। इस ट्रॉफी को इस सीजन का पहला मैच खेलने वाली टीमों के कप्तान लेकर आए। कोलकाता और आरसीबी के बीच पहला मैच होना है जो कोलकाता में ही होगा।

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड की जीत से शुरुआत

**लंदन।** माइल्स लुईस-स्केली और हैरी केन के गोल की मदद से इंग्लैंड ने वेम्बली स्टेडियम में खेले गए मैच में अल्बानिया को 2-0 से पराजित करके विश्व कप क्वालीफाइंग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। इंग्लैंड के नए कोच थॉमस ट्यूशेल का इस टीम के साथ यह पहला मैच था। ट्यूशेल इंग्लैंड के लगातार 11वें ऐसे कोच हैं जिन्होंने अपने पदार्पण मैच में जीत हासिल की। ग्रुप जी में पोलैंड और फ़िनलैंड ने विजयी शुरुआत की। पोलैंड ने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के 81वें मिनट में किए गए गोल की मदद से लिथुआनिया को अपने घरेलू मैदान पर 1-0 से हराया, जबकि फ़िनलैंड ने माल्टा के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल की। बोस्निया-हर्जेगोविना ने ग्रुप एच में रोमानिया को 1-0 से हराया।

### जिम्नास्ट प्रणति ने विश्व कप के वॉल्ट फाइनल में जीता कांस्य

**नई दिल्ली।** भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने शनिवार को तुर्की के अंताल्या में एफआईजी कलात्मक जिम्नास्टिक एपरेट्स विश्व कप के वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक हासिल किया। टोक्यो ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय ने वॉल्ट फाइनल में कुल 13.417 का स्कोर बनाया तथा जयला हैंग (13.667) और क्लेयर पीज (13.567) की अमेरिकी जोड़ी के पीछे तीसरे स्थान पर रहीं। प्रणति ने वॉल्ट क्वालिफिकेशन में 13.317 का स्कोर बनाया था। उन्होंन ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले काहिरा में एफआईजी उपकरण विश्व कप की महिला वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

**आईपीएल :** विराट और साल्ट का अर्धशतक, क्रुणाल ने झटके 3 विकेट

# बेंगलुरु का जीत से आगाज, कोहली का तूफान, कोलकाता को 7 विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सत्र के शुरुआती मुकाबले में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स पर 22 गेंद शेष रहते सात विकेट से जीत दर्ज की। विराट कोहली (नाबाद 59) और फिल सॉल्ट (56) ने आक्रामक बल्लेबाजी की। कप्तान अजिंक्य रहाणे की 31 गेंद में 56 रन की पारी के बावजूद केकेआर की टीम आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी। आरसीबी ने 16.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

कोहली ने 36 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाकर एक छोर संभाले रखा तो वहीं दूसरे छोर से उन्हें सॉल्ट और कप्तान रजत पाटीदार का अच्छा साथ मिला। सॉल्ट ने 31 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के जड़ने के अलावा कोहली के साथ पहले विकेट के लिए 8.3 ओवर में 95 रन की साझेदारी कर आसीबी को शानदार शुरुआत दिलाई। पाटीदार ने 16 गेंद में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाए जबकि लियाम लिविंगस्टोन ने पांच गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 15 रन बनाए।



### क्रुणाल मैच के हीरो

मैन ऑफ द मैच क्रुणाल ने बीच के ओवरों में 29 रन पर तीन विकेट झटक कर केकेआर की रन गति पर अंकुश लगा दिया। इस वामहस्त स्पिनर ने रहाणे को आउट करने के बाद अपने लगातार ओवरों में वेंकटेश अय्यर (छह) और रिंकू सिंह (12) को पवेलियन की राह दिखाई। पारी के पहले ओवर में क्विंटन डिकॉक (चार) को चलता करने वाले हेजलवुड ने चार ओवर में 22 रन देकर दो सफलता हासिल की।

### रहाणे का अर्धशतक बेकार

रहाणे ने केकेआर की कप्तानी में शानदार शुरुआत करते हुए 25 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। भारत के लिए अपना पिछला टी20 मैच 2016 में खेलने वाले 36 वर्षीय अनुभवी रहाणे को श्रेयस अय्यर की जगह केकेआर का कप्तान बनाया गया है। उन्होंने 31 गेंद की पारी में छह चौके और चार छक्के की मदद से 56 रनों की बेखौफ पारी खेली। सुनील नारायण ने 26 गेंद में 44 रन की पारी के साथ उनका शानदार साथ दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 10 रन प्रति ओवर से अधिक की गति से 55 गेंद में 103 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी।

### स्कोर बोर्ड

| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का जितेश बो हेजलवुड | 04 | 05 | 1 | 0 |
| नारायण का जितेश बो सलाम | 44 | 26 | 5 | 3 |
| रहाणे का सलाम बो क्रुणाल | 56 | 31 | 6 | 4 |
| वेंकटेश अय्यर बो क्रुणाल | 06 | 07 | 1 | 0 |
| रघुवंशी का जितेश बो दयाल | 30 | 22 | 2 | 1 |
| रिंकू सिंह बो क्रुणाल | 12 | 10 | 1 | 0 |
| आंद्रे रसेल बो सुयश | 04 | 03 | 1 | 0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 06 | 09 | 0 | 0 |
| राणा का जितेश बो हेजलवुड | 05 | 06 | 1 | 0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 174/8
गेंदबाजी : हेजलवुड 4-0-22-2, यश दयाल 3-0-25-1, सलाम 3-0-35-1, क्रुणाल 4-0-29-3, सुयश 4-0-47-1, लिविंगस्टोन 2-0-14-0.

| आरसीबी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का जॉनसन बो चक्रवर्ती | 56 | 31 | 9 | 2 |
| विराट कोहली नाबाद | 59 | 36 | 4 | 3 |
| पडिक्कल का रमनदीप बो नारायण | 10 | 10 | 1 | 0 |
| पाटीदार का रिंकू बो वैभव | 34 | 16 | 5 | 1 |
| लियाम लिविंगस्टोन नाबाद | 15 | 05 | 2 | 1 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 16.2 ओवर में 177/3
गेंदबाजी : अरोड़ा 3-0-42-1, जॉनसन2.2-0-31-0, चक्रवर्ती 4-0-43-1, राणा 3-0-32-0, नारायण4-0-27-1.

## आईपीएल के 18वें सीजन का पहला डबल हेडर आज

# रॉयल्स और सनराइजर्स में दावेदार की जंग आज

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

अपनी दमदार बल्लेबाजी और अनुभवी गेंदबाजों की उपस्थिति में सनराइजर्स हैदराबाद रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। सनराइजर्स के पास दुनिया के सबसे विस्फोटक बल्लेबाज हैं। इनमें ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, इशान किशन और हेनरिक क्लासेन शामिल हैं जो किसी भी तरह के आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं।

सनराइजर्स के पास गेंदबाजी विभाग में कप्तान पैट कमिंस और मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज हैं जबकि स्पिन विभाग की जिम्मेदारी ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा संभालेंगे। सनराइजर्स की टीम राजस्थान रॉयल्स की तुलना में काफी बेहतर नजर आती है। राजस्थान को अपने कप्तान संजू सैमसन की भी कमी खलेगी जो उंगली में चोट के कारण विकेटकीपिंग और क्षेत्ररक्षण नहीं कर पाएंगे। अगर वहां इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरते हैं तो किसी को इस पर हैरानी नहीं होगी।



# इंडियंस के सामने होगी चेन्नई की स्पिन चुनौती

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स अपने मजबूत स्पिन आक्रमण के दम पर रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस पर शिकंजा कसने की कोशिश करेगा। मुंबई की टीम इस मैच में कप्तान हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना उतरेगी और ऐसे में उसे एम ए चिदंबरम स्टेडियम की स्पिनरों की मददगार पिच पर कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

पांच बार के चैंपियन चेन्नई ने यहां की पिच का व्यवहार देखते हुए पिछले साल मेगा नीलामी में रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, श्रेयस गोपाल और दीपक हुड्डा को अपनी टीम से जोड़कर अपने स्पिन आक्रमण को मजबूत किया। टीम के पास पहले से ही अनुभवी स्पिनर रवींद्र जडेजा थे। चेन्नई के टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उठाए गए इस कदम से पता चलता है कि यहां की पिच का धीमी गति के गेंदबाजों को मदद पहुंचाना किसी टीम की रणनीति में कितना महत्वपूर्ण हो सकता है।



## जे30 रायपुर वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स का शानदार आगाज

**रायपुर।** जे30 रायपुर आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स 2025, जो कि छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है, शनिवार को रायपुर इंटरनेशनल टेनिस अकादमी, कृषक नगर में शुरू हुआ। 22 मार्च से 29 मार्च तक चलने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ी आईटीएफ जूनियर वर्ल्ड रैंकिंग पॉइंट्स के लिए मुकाबला कर रहे हैं। इस वर्ष के टूर्नामेंट में भारत, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इटली और मेक्सिको सहित 6 देशों के 96 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारत के 56 बालक और 40 बालिकाएं इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रहे हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रतियोगिता को और भी रोमांचक बना रहे हैं। टूर्नामेंट के पहले दिन शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी खुशविन जेफ्री ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैतन्य ठक्कर को 6-0, 6-0 से हराया। तेजस रवि ने वरुण विजय कुमार को 6-4, 5-7, (10-6) से हराया। रविवार को सुबह 10 बजे से क्वालीफाइंग राऊंड के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। रविवार को शाम 4.30 बजे डॉ. हिमांशु द्विवेदी प्रधान संपादक आई एन एच 24x7 प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। विशेष अतिथि के रूप मे संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा होंगे।

## डब्लूटीसी में बदलाव पर फैसला जल्द

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह ने शनिवार को पुष्टि की कि सौरव गांगुली की अगुवाई वाली क्रिकेट समिति अगले महीने 2025-27 चक्र के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के प्रस्तावित पुनर्गठन पर अंतिम फैसला लेगी।



इस 16 सदस्यीय क्रिकेट समिति का नेतृत्व पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली कर रहे हैं और इसमें पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण, डेनियल विटोरी, महेला जयवर्धने और शॉन पोलाक जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। आईपीएल के उद्घाटन के लिए यहां पहुंचे शाह ने कहा, 'कुछ प्रस्ताव आए हैं, लेकिन मुझे उनके बारे में पूरी जानकारी नहीं है। क्रिकेट समिति निर्णय लेगी।' आईसीसी कथित तौर पर दो पूर्ण चक्रों पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने के बाद डब्लूटीसी अंक प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव पर विचार कर रहा है। प्रस्तावों में बड़े अंतर से जीत और विदेशी सरजमीं पर जीत के लिए बोनस अंक प्रणाली शामिल है। आईसीसी बोर्ड अपनी अप्रैल की बैठक में इन संशोधनों पर विचार-विमर्श करेगा।




## बीसीसीआई ने की अक्टूबर से शुरू होने वाली कार्यक्रम की घोषणा

# भारत वेस्टइंडीज और द.अफ्रीका की करेगा मेजबानी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारत इस साल अक्टूबर में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए 12 साल के अंतराल के बाद वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम नवंबर में सभी प्रारूपों के दौरे के लिए आएगी।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बताया कि भारत दो अक्टूबर से मोहाली में पहले टेस्ट में विंडीज से भिड़ेगा, जबकि दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होगा। वेस्टइंडीज का भारत का पिछला टेस्ट दौरा 2013-14 में हुआ था, जो महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर का अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच था। कैरेबियाई टीम का भारत का पिछला दौरा 2022 में तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए हुआ था।

वेस्टइंडीज श्रृंखला के बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और पांच टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए भारत आएगी। टी20 श्रृंखला से दोनों टीमों को अगले वर्ष भारत में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी का मौका मिलेगा। शुक्ला ने यहां कहा, 'पहला टेस्ट दिल्ली में होगा, जबकि दूसरा टेस्ट गुवाहाटी में होगा।'



### महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

भारत इस साल सितंबर में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी करेगा। शुक्ला ने कहा, 'तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं लेकिन विजाग में पहला मैच खेला जाएगा और अन्य स्थानों में गुवाहाटी, मुल्लांपुर (पंजाब), तिरुवनंतपुरम और इंदौर शामिल हैं। फाइनल के लिए स्थान अभी तय नहीं हुआ है।'

### गुवाहाटी में होगा पहला टेस्ट

गुवाहाटी में पहला टेस्ट होगा, जो अक्सर सफेद गेंद के मैचों की मेजबानी करता है। यह शहर पिछले दो सत्रों से आईपीएल मैचों की मेजबानी भी कर रहा है। टेस्ट मैचों के बाद, पहला वनडे 30 नवंबर को रांची में होगा, जबकि रायपुर तीन दिसंबर को दूसरे वनडे की मेजबानी करेगा। अंतिम वनडे छह दिसंबर को विशाखापत्तनम में होगा। पहला टी20 मैच नौ दिसंबर को खेला जाएगा, इसके बाद 11, 14, 17 और 19 दिसंबर को मैच होंगे।

## दलीप ट्रॉफी की पारंपरिक प्रारूप में वापसी

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड की शीर्ष परिषद ने शनिवार को दलीप ट्रॉफी के लिए पारंपरिक अंतर-क्षेत्रीय प्रारूप को फिर से शुरू करने का फैसला किया जिसमें प्रथम श्रेणी स्तर के टूर्नामेंट में छह टीमों के बीच मुकाबला होगा। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने पिछले साल रणजी ट्रॉफी (38 टीम) में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर चार टीमों ए, बी, सी और डी का चयन किया था जिसने चैलेंजर ट्रॉफी प्रारूप में प्रतिस्पर्धा की थी। अब चार टीमों के प्रारूप की जगह उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, मध्य और उत्तर-पूर्व क्षेत्र दलीप ट्रॉफी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। दलीप ट्रॉफी अंतर-क्षेत्रीय प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता के तौर पर 1961-62 से 2014-15 तक खेला गया था। पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ ने 2015 में एनसीए के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला, तो उन्होंने दलीप ट्रॉफी को चैलेंजर ट्रॉफी प्रारूप में आयोजित करने का सुझाव दिया, जहां राष्ट्रीय चयनकर्ता इंडिया ब्लू, रेड, ग्रीन टीमों का चयन करते थे।

## सऊदी में टूर्नामेंट की कोई योजना नहीं



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के अध्यक्ष अरुण धूमल ने शनिवार को कहा कि वह विश्व स्तर पर टी20 लीग की बढ़ती संख्या का समर्थन करते हैं लेकिन उन्होंने सऊदी अरब में इस तरह के किसी टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर चल रही अटकलों को खारिज कर दिया। धूमल ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड विशेषकर सऊदी अरब, यूरोप और अमेरिका जैसे स्थानों पर टी20 लीग का समर्थन करता है। उनका मानना है कि इससे 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले इस खेल को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## हमारा लक्ष्य पंजाब की सर्वश्रेष्ठ टीम बनाना



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि उनका तात्कालिक लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग में खिताब का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार खत्म करना है लेकिन उनका दीर्घकालिक लक्ष्य इस टीम को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ टीम बनाना है। पंजाब ने इस सत्र के लिए पोंटिंग को मुख्य कोच और श्रेयस अय्यर को कप्तान नियुक्त किया है और वह पहली बार चैंपियन बनने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरेगा। पंजाब किंग्स अपना पहला मैच 25 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद में खेलेगा।



# सनी की 'सफर' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज!

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के धांसू एक्टर सनी देओल इस समय एक साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। इस समय वो अपनी अपकमिंग एक्शन-ड्रामा 'जाट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो 10 अप्रैल के दिन रिलीज होने वाली है। अब जो लेटेस्ट रिपोर्ट्स सामने आई हैं उनके मुताबिक सनी देओल की फैमिली ड्रामा बेस्ड फिल्म 'सफर' को सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने का मन लिया है। रिपोर्ट के अनुसार 2025 के अंत तक इसे ओटीटी पर रिलीज कर दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार सनी देओल की फिल्म 'सफर' में कोई एक्शन नजर नहीं आएगा। इस मूवी में सनी देओल को एक मिडिल ऐज फैमिली मैन के रोल में देखा जाएगा।

लाइफ Style



# किआरा

## टॉक्सिक के लिए वसूली मोटी फीस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मशहूर एक्ट्रेस किआरा आडवाणी खूब चर्चा में है। एक्ट्रेस ने कुछ महीने पहले अपनी प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज फैंस संग शेयर की है। वहीं जल्द ही एक्ट्रेस यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म के लिए किआरा आडवाणी ने मोटी फीस वसूली हैं, जिसके बाद वो हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस की लिस्ट में भी शामिल हो गई है।

फिल्म 'टॉक्सिक' में किआरा आडवाणी लीड रोल प्ले करने वाली है। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के लिए किआरा आडवाणी ने 15 करोड़ रुपये लिए हैं। किआरा आडवाणी की बढ़ती पॉपुलैरिटी को देखते हुए मेकर्स ने आसानी से एक्ट्रेस को इतनी फीस दे दी है। अब किआरा आडवाणी दीपिका-प्रियंका जितनी फीस लेने वाली एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इससे पहले प्रियंका चोपड़ा ने साउथ की फिल्म 'एसएसएमबी 29' के लिए मोटी फीस वसूली थी। रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म के लिए देसी गर्ल ने 35 करोड़ रुपये चार्ज किए थे।

**इन फिल्मों में आएंगी नजर :** किआरा आडवाणी अभी फिल्म टॉक्सिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' में नजर आने वाली है। कुछ दिनों पहले ऐसी रिपोर्ट आई थी कि प्रेग्नेंसी के कारण किआरा आडवाणी ने डॉन-3 करने से मना कर दिया है। अब फैंस बेसब्री से किआरा की फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। किआरा आडवाणी ने साल 2023 में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ शादी की थी। अब कपल जल्द ही बच्चे का स्वागत करने वाले हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# अवतार-3 देखने के बाद 4 घंटे तक रोई

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विजेता फिल्म निर्माता-निर्देशक जेम्स कैमरून की अपकमिंग फिल्म 'अवतार 3' या 'अवतारः फायर एंड ऐश' इसी साल रिलीज के लिए तैयार है। जेम्स ने बताया कि जब उनकी पत्नी सूजी एमिस कैमरून ने पहली बार 'अवतार 3' के शुरुआती सीन को देखा, तो वह अपने आंसुओं को रोक नहीं पाईं और चार घंटे तक रोती रहीं। एक मैगजीन से बातचीत में कैमरून ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार अपनी पत्नी को साइंस-फिक्शन फिल्म का शुरुआती भाग दिखाया, तो वह भावुक हो गईं।



# रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल का दूसरा सीजन 23 तक

**मुंबई।** महिला दिवस के अवसर पर वरिष्ठ अभिनेत्री शबाना आजमी ने रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल के अपकमिंग सीजन में फेम लेंस कैटेगरी का आयोजन किया। इस सेक्शन में दुनिया भर की महिला फिल्मकारों की असाधारण फिल्में दिखाई गईं। महिला दिवस पर आयोजित विशेष शोकेस में सिनेमा में महिलाओं की साहस, प्रतिभा और कहानी कहने की कला का जश्न मनाया गया। शबाना आजमी ने कहा, मुझे रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल में 'फेम लेंस' श्रेणी के लिए बहुत खुशी हो रही है, जिसमें दुनिया भर की अद्भुत महिला फिल्मकारों की प्रतिभा का जश्न मनाने वाली इन असाधारण फिल्मों का चयन किया गया है। सिनेमा में सीमाओं को पार करने की शक्ति है। बुक माई शो द्वारा क्यूरेट रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल का दूसरा सीजन 21-23 मार्च तक चलेगा।




# 'जटाधारा' में सोनाक्षी का रौद्र रूप...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रही है। अभिनेत्री फिल्म 'जटाधारा' में नजर आने वाली है। जी स्टूडियो ने सोनाक्षी का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है। यह कोई और नहीं बल्कि वेंकट कल्याण कि अपकमिंग फिल्म जटाधार है। आज मेकर्स ने सोनाक्षी सिन्हा का फर्स्ट लुक शेयर किया है जो एकदम फायर लग रहा है। पोस्टर पर नजर डालें तो सोनाक्षी के बाल बिखरे हुए हैं, माथे पर मुकुट है आँखों में गुस्सा है और हाथों में ज्वेलरी है। इस रूप में मानो वह कोई रौद्र देवी लग रही हों। बात करें फिल्म की तो इसकि शूटिंग 14 फरवरी हैदराबाद में शुरू हो चुकी है। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा के साथ सुधीर बाबू पोसानी, शिल्पा सिरोड़कर, शिविन नारंग, रैना अंजली जैसे स्टार्स नजर आने वाले हैं।



# 'पुष्पा-3' की रिलीज डेट से उठा पर्दा...

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म में से एक थी। फैंस ने इस फिल्म को काफी ज्यादा पसंद किया था। पुष्पा 2 के बाद से ही फैंस को पुष्पा 3 का बेसब्री से इंतजार था। अब पुष्पा 3 को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। इस खबर को सुनकर फैंस के बीच काफी ज्यादा खुशी का माहौल है। आइए जानते है कि निर्माता ने क्या बड़ा अपडेट दिया है। हाल ही में फिल्म 'रॉबिनहुड' के प्रमोशनल इवेंट के दौरान निर्माता रविशंकर ने पुष्पा 3 को लेकर चुप्पी तोड़ी है। निर्माता रविशंकर ने कहा- 'पुष्पा 3' 2028 में रिलीज होगी। यह अपडेट 'पुष्पा 2ः द रूल' की सफलता के बाद आया है। अल्लू की फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म ने दुनिया भर में 1,650 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की थी।

## टीवी मसाला

# 'गुम हैं किसी के प्यार' में सीरियल छोड़ते ही हितेश की चमकी किस्मत

**मुंबई।** टीवी के चर्चित एक्टर हितेश भारद्वाज ने अपनी एक्टिंग और अंदाज से इंडस्ट्री में जबरदस्त पहचान बनाई है। हितेश भारद्वाज को आखिरी बार 'गुम है किसी के प्यार में' में देखा गया था, जहां उन्होंने रजत ठक्कर की भूमिका अदा की थी। हितेश भारद्वाज के इस किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। कुछ वक्त पहले खबर आई थी कि हितेश भारद्वाज को 'खतरों के खिलाड़ी 15' के लिए अप्रोच किया गया है और मेकर्स संग एक्टर की बातचीत जारी है। वहीं अब एक डेली सोप के लिए हितेश भारद्वाज का नाम फिर से सामने आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हितेश भारद्वाज को सोनी टीवी के अपकमिंग शो के लिए अप्रोच किया गया है। मेकर्स उन्हें शो में कास्ट करने के लिए बेताब हैं। हितेश भारद्वाज से जुड़े सूत्रों ने मामले की जानकारी देते हुए कहा, शो में हितेश भारद्वाज को कास्ट करने के लिए मेकर्स बहुत बेताब हैं। एक्टर को ये शो ऑफर भी किया जा चुका है, लेकिन देखते हैं कि मेकर्स संग ये बातें कहां तक जाती हैं। बताया जा रहा है कि इस शो को एसवीएफ प्रोडक्शन्स के बैनर तले तैयार किया जाएगा, जिसने बंगाली भाषा में कई हिट शो दिये हैं। हितेश भारद्वाज के साथ एसवीएफ प्रोडक्शन्स हिंदी भाषी इंडस्ट्री में हाथ आजमाने की कोशिश करेंगे। हालांकि अभी तक मामले पर हितेश भारद्वाज की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। बता दें कि हितेश भारद्वाज को 'खतरों के खिलाड़ी 15' के लिए भी अप्रोच किया गया था। शो को लेकर मेकर्स संग उनकी बातचीत जारी है, लेकिन अभी तक हितेश ने इसपर कोई कमेंट नहीं किया है।



## 'खतरों के खिलाड़ी 15' में होगी कई टीवी एक्टर की एंट्री

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोहित शेट्टी जल्द ही अपने धमाकेदार शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' के साथ टीवी पर दस्तक देने के लिए तैयार हैं। रोहित शेट्टी के 'खतरों के खिलाड़ी 15' के लिए अभी तक कई सितारों को अप्रोच किया जा चुका है, जिसमें चुम दरांग से लेकर टीवी की नागिन सुरभि ज्योति का नाम भी सामने आया। वहीं अब शो से एक और टीवी एक्टर का नाम जुड़ा है, जो छोटे पर्दे पर कई धमाकेदार सीरियल्स में अहम भूमिका अदा कर चुका है। शो को हिट बनाने के लिए मेकर्स एक से एक टीवी स्टार्स को अप्रोच कर रहे हैं। चाहे वो 'बिग बॉस 18' फेम अविनाश मिश्रा हों या फिर एरिका फर्नांडिस। अब मेकर्स ने 'अनुपमा' और 'कुंडली भाग्य' से सबका दिल जीतने वाले पारस कलनावत को भी अप्रोच किया है। अगर पारस कलनावत 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बनते हैं तो ये उनका दूसरा रियलिटी शो होगा।




# कॉमेडी मसाला है 'पिंटू की पप्पी', फुलटाइम पास फिल्म

**मुंबई।** सिनेमाघरों में हाल ही में डांस कोरियोग्राफर गणेश आचार्य की फिल्म 'पिंटू की पप्पी' रिलीज हुई है। फिल्म में कॉमेडी का तड़का है नए कलाकारों के साथ फिल्म मनोरंजन से भरपूर और फुल टाईमपास हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी फ़िल्म को विधि आचार्य ने प्रोड्यूस किया है, इसे शिव हरे ने डायरेक्ट किया है। हालांकि विजय राज फिल्म में स्पोर्टिंग रोल करते नजर आ रहे हैं। सुशांत थमके, जान्या जोशी ने इस फिल्म से डेब्यू किया है। फिल्म को 5 में से 3.5 स्टार दिए गए हैं।

### फिल्म की कहानी भी है बड़ी मजेदार

कहानी की बात करें तो कॉमेडी के कान्सेप्ट से इसे काफी मजेदार रखा गया है। फ़िल्म का हीरो प्रशांत बाबू उर्फ पिंटू है। इनकी बदकिस्मती ये है कि जब भी पिंटू किसी लड़की को किस करता है, तो वह किसी और से शादी कर लेती है। फिर एंट्री होती है हीरो



के मामा यानि गणेश आचार्या की जो अपने भांजे की इस समस्या को क्वालिटी के रूप में इस्तेमाल करते हैं और लड़कियों की शादी करवाने का कारोबार शुरू करते हैं। दोनों मामा-भांजा मिलकर लड़कियों की शादी करवाने का कारोबार शुरू करते हैं। इसी के साथ फिल्म आगे बढ़ती है लेकिन जब पिंटू को अपनी ही क्लाइंट से प्यार हो जाता है तो वह इसमें बुरा फंस जाता है।

# महेश बाबू के बेटे गौतम का पहला एक्टिंग वीडियो हुआ रिलीज...

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू के बेटे गौतम घट्टामनेनी का एक्टिंग वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को महेश बाबू के फैन पेज ने शेयर किया है। इस वायरल वीडियो में स्टार किड अपनी क्लासमेट के साथ परफॉर्म करते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि महेश बाबू के बेटे गौतम घट्टामनेनी ही नहीं बल्कि उनकी बेटी सितारा भी सोशल मीडिया स्टार है। वो अपनी तस्वीरों सो सुर्खियां बटोरती हैं। वीडियो में गौतम को न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में अपने क्लासमेट के साथ एक ड्रामा करते हुए देखा जा रहा है, लेकिन इस वीडियो में आवाज नहीं है, केवल गौतम के हाव-भाव फैंस को दिखाई दे रहे हैं। इस वायरल वीडियो में गौतम घट्टामनेनी एक टक्सीडो लुक में नजर आ रहे हैं। बता



दें गौतम ने 2024 में हैदराबाद के इंटरनेशनल स्कूल से अपनी स्कूल की पढ़ाई पूरी की है, उन्होंने एनवाययू में स्नातक की डिग्री हासिल की है।


### दो पार्ट में रिलीज होगी फिल्म

महेश बाबू इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म एसएसएमबी29 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। कुछ दिनों पहले इस फिल्म की शूटिंग ओडिशा में चल रही थी। इस फिल्म को एसएस राजामौली निर्देशित कर रहे हैं। ये फिल्म एक जंगल एडवेंचर फिल्म है। रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म को 1000 करोड़ रुपये के बजट में बनाया जा रहा है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा भी नजर आने वाली हैं। रिपोर्ट के अनुसार महेश बाबू की फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। पहला पार्ट 2027 में रिलीज होगा। वहीं दूसरा पार्ट 2029 में रिलीज हो सकता है।

# अक्षय की 'भूत बंगला' में हुई इस साउथ स्टार की एंट्री

*मुंबई। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी भूत बंगला को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अब इस फिल्म में साउथ के एक्टर की एंट्री हुई है। हाल ही शूटिंग सेट से तस्वीरें वायरल हुई है। जिसमें साउथ सुपरस्टार राम चरण नजर आ रहे हैं। इस वायरल हुई फोटो में राम चरण निर्देशक प्रियदर्शन से बात करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित भूत बांग्ला में अक्षय कुमार, परेश रावल, वामिका गब्बी, तब्बू, राजपाल यादव, जिशु सेनगुप्ता जैसे सितारे नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार ये फिल्म 2 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।*

### इन फिल्मों में आएंगे नजर



*राम चरण भूत बंगला के अलावा आरसी 16 में भी नजर आने वाले हैं। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में राम चरण के साथ जान्हवी कपूर भी नजर आने वाली है। इसके अलावा, इसमें 'मिर्जापुर' फेम दिव्येंदु, शिव राजकुमार और जगपति बाबू जैसे सितारे भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म को वेंकट सतीश किलारू प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसके अलावा राम चरण आरआरआर पार्ट 2 में भी नजर आएंगे।*

# ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने ठुकरा दी थी जॉन अब्राहम की 'द डिप्लोमैट', अभिनेता ने किया बड़ा खुलासा

**मुंबई।** बॉलीवुड इंडस्ट्री के फेमस एक्टर जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' 14 मार्च के दिन रिलीज हुई थी। जॉन अब्राहम स्टारर 'द डिप्लोमैट' फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है और यह अभी अच्छी कमाई कर रही है। जॉन अब्राहम ने अपनी फिल्म 'द डिप्लोमैट' को लेकर अब एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है लेकिन 'द डिप्लोमैट' को ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने खरीदने से मना कर दिया था।

***ओटीटी को फिल्म नहीं लगी थी ठीक' :*** जॉन अब्राहम ने खुद बताया कि 'द डिप्लोमैट' को कई ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने ऑनलाइन स्ट्रीम करने से मना कर दिया था। अभिनेता ने कहा कि उन्हें लग रहा था यह फिल्म उतनी अच्छी नहीं है। जब ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने इसे खरीदने से मना कर दिया था तो स्टूडियो को भी लगने लगा था कि ठीक नहीं है।



### सिनेमाघरों में कर रही ताबड़तोड़ कमाई

ओटीटी को किया फिल्म की भरोसा नहीं टूटने दिया, फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म से मिले रिजेक्शन के बाद भी जॉन अब्राहम और फिल्म डायरेक्टर शिवम नायर ने सारी चीजों को साइड में रखकर उन्होंने इसे सिनेमाघरों में रिलीज किया। उन्होंने फिल्म में पैसा भी लगाया। हालांकि अब जॉन अब्राहम को इस बात पर गर्व है कि फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को गलत साबित करने में सफल भी रही। यह फिल्म अब तक बॉक्स ऑफिस पर 19 करोड़ रुपये कमा चुकी है।

KAILASH NARAYAN PATEL COLLEGE OF EDUCATION B.ed
Approved by NCTE & Affiliated to BU
Appointment of Faculties as per code 28 of Barkatullah University
Applications are invited for the post of
•PRINCIPAL •ASSISTANT PROF.
•ASSOCIATE PROF. •PROFESSOR IN B.Ed DEPARTMENT
Eligibility and Salary will be as per UGC Norms.
Mail Your Resume with the copies of All Relevant Document and Photograph on
Mail your Resume at: college.knp@gmail.com
Mobile:. 7089859848, Phone:.0755 2985148

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930